पौष शुक्ल पक्ष सप्तमी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

लखनऊ, बुधवार, 17 जनवरी 2024

वर्ष 33 अंक 347, पृष्ठ 16

मूल्य 5 रुपये

2 राज्य, 6 संस्करण

# अमृत विचार

एक सम्पूर्ण अखबार



www.amritvichar.com

अगले कुछ दिन सामान्य रहेगा अंतरिक्ष का मौसम 16

सिल्क स्मिता का किरदार निभाएंगी चंद्रिका रवि 15

## एक नजर

### पूर्व सीजेआई रंजन गोगोई को सर्वोच्च सम्मान देगी असम सरकार

**गुवाहाटी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने राज्य का सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत के पूर्व मुख्य न्यायधीश और राज्यसभा सांसद रंजन गोगोई को देने का ऐलान किया है। सोशल मीडिया साइट एक्स पर उन्होंने लिखा, "मुझे यह बताकर बड़ा आनंद हो रहा है कि असम सरकार माननीय सांसद और भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश रंजन गोगोई को राज्य के सर्वोच्च नागरिक सम्मान ''असम बैभव'' से सम्मानित करेगी।" जस्टिस गोगोई अक्टूबर 2018 से नवंबर 2019 तक सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश रहे। इस दौरान उन्होंने राम मंदिर और बाबरी मस्जिद प्रकरण पर मंदिर पक्ष में फैसला सुनाया था।

### डीपफेकः सरकार सख्त एक हफ्ते में नए नियम

**नई दिल्ली।** पूर्व क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर का डीपफेक वीडियो वायरल होने के बाद सरकार सख्ती के मूड में है। केंद्रीय सूचना प्रौद्योगिकी और इलेक्ट्रॉनिक्स राज्यमंत्री राजीव चंद्रशेखर ने डीपफेक को भारतीय उपयोगकर्ताओं की सुरक्षा और विश्वास के लिए खतरा बताते हुए कहा कि अगले सात दिन में सख्त आईटी नियम बनाए जाएंगे। चंद्रशेखर ने कहा कि सरकार ने पहले ही सोशल मीडिया और ऑनलाइन मंचों को स्पष्ट कर दिया था कि यदि डीपफेक पर उसकी सलाह का पूरी तरह से पालन नहीं किया गया, तो नए आईटी नियमों लाए जाएंगे। चंद्रशेखर ने कहा, 'अनुपालन के स्तर पर रुख मिला-जुला रहा है।' उन्होंने कहा कि संशोधित आईटी नियम एक सप्ताह में आने की संभावना है। मंत्री ने कहा, 'परामर्श में जो था, उसे अब आईटी नियमों में शामिल किया जाएगा।'

### राजस्थान के पूर्व मंत्री के परिसरों पर ईडी का छापा

**जयपुर।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने जल जीवन मिशन में अनियमितताओं से जुड़े धन शोधन मामले की जांच के सिलसिले में राजस्थान के पूर्व मंत्री महेश जोशी और कुछ अन्य लोगों से जुड़े परिसरों पर मंगलवार को छापा मारा। पिछले साल भी एजेंसी ने केंद्र सरकार की योजना से जुड़े इस मामले में कम से कम दो बार छापेमारी की थी। राज्य में हाल ही में हुए विधानसभा चुनावों में कांग्रेस ने जोशी को जयपुर की हवा महल सीट से चुनाव लड़ने के लिए टिकट देने से इनकार कर दिया था। इससे पहले एजेंसी ने दावा किया था कि कई बिचौलियों और प्रॉपर्टी डीलर ने जल जीवन मिशन से अवैध रूप से अर्जित धन की हेराफेरी के लिए राजस्थान सरकार के पीएचई विभाग के अधिकारियों की मदद की थी।

### छत्तीसगढ़ में पांच लाख का इनामी नक्सली ढेर

**दंतेवाड़ा।** नक्सल प्रभावित दंतेवाड़ा जिले में सुरक्षाबलों ने पांच लाख रुपये के इनामी नक्सली को मार गिराया है। पुलिस अधिकारियों ने मंगलवार को बताया कि जिले के बारसूर थाना क्षेत्र के अंतर्गत मंगनार गांव के जंगल में सुरक्षाबलों ने तोड़मा मिलिशिया प्लाटून के 'डिप्टी कमांडर' रतन कश्यप उर्फ सलाम (31) को मार गिराया। उन्होंने बताया कि नक्सली के सिर पर पांच लाख रुपये का इनाम था।

# यात्रियों ने रनवे पर खाया खाना इंडिगो और एयरपोर्ट को नोटिस

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मुंबई हवाई अड्डे पर यात्रियों द्वारा रनवे पर खाना खाने का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसके बाद हरकत में आए नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने इंडिगो एयरलाइन और मुंबई के छत्रपति शिवाजी अंतर्राष्टीय हवाई अड्डे को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। यही नहीं, 24 घंटे के भीतर जवाब देने को कहा है।

सूत्रों के अनुसार वीडियो वायरल होने की बात संज्ञान में आते ही नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने बीती मध्य रात्रि को मंत्रालय के सभी अधिकारियों के साथ बैठक की। नोटिस के अनुसार,



-नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने 24 घंटे के भीतर मांगा जवाब

"इंडिगो और एमआईएएल दोनों ही स्थिति का अनुमान लगाने और हवाई अड्डे पर यात्रियों के लिए उचित सुविधा व्यवस्था करने में सक्रिय नहीं थे।" तय समय में नोटिस का जवाब नहीं मिला तो आर्थिक दंड समेत प्रवर्तन कार्रवाई शुरू कर दी जाएगी।

# डी2एमः अब मोबाइल पर बिना इंटरनेट देख सकेंगे वीडियोज

**नई दिल्ली।** 'डायरेक्ट-टू-मोबाइल' (डी2एम) प्रसारण जल्द ही एक वास्तविकता बन सकता है। इसमें मोबाइल उपयोगकर्ता बिना सिम कार्ड या इंटरनेट कनेक्शन के वीडियो स्ट्रीम कर सकेंगे। सूचना एवं प्रसारण सचिव अपूर्व चंद्रा ने एक प्रसारण सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि घरेलू डी2एम प्रौद्योगिकी का परीक्षण जल्द ही 19 शहरों में किया जाएगा। इस उभरती प्रौद्योगिकी के लिए 470-582 मेगाहर्ट्ज स्पेक्ट्रम आरक्षित करने की जोरदार वकालत की जाएगी।

अपूर्व चंद्रा ने कहा कि वीडियो ट्रैफिक का 25-30 प्रतिशत डी2एम में स्थानांतरित होने से 5जी नेटवर्क की भीड़ कम हो जाएगी, जिससे देश में डिजिटल बदलाव में तेजी आएगी। पिछले साल डी2एम तकनीक का परीक्षण करने के लिए परीक्षण (पायलट) परियोजना बेंगलुरु, कर्तव्य पथ और नोएडा में चलाई गई थी। चंद्रा ने कहा कि डी2एम तकनीक देश भर में लगभग 8-9 करोड़ "टीवी डार्क" घरों तक पहुंचने में मदद करेगी।

# पाकिस्तान में ईरान की एयरस्ट्राइक

## रिवोल्यूशनरी गाड्‌र्स ने आतंकी संगठन जैश अल-अदल के ठिकानों को उड़ाया

**तेहरान, एजेंसी**

ईरान ने आतंकी समूह जैश अल-अदल के पाकिस्तान के भीतर स्थित ठिकानों पर मंगलवार हवाई हमले किए। ईरान के रिवोल्यूशनरी गाड्‌र्स ने ये हमले इराक और सीरिया में हवाई हमलों के एक दिन बाद किए। ईरानी की सरकारी मीडिया ने बताया कि बलोच उग्रवादी समूह के दो प्रमुख मुख्यालयों (ठिकानों) पर मिसाइल और ड्रोन से हमला किया गया और उन्हें तबाह कर दिया गया।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, ईरानी सेना ने पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत के उस क्षेत्र में हमला किया, जहां जैश-



अल-अदल का सबसे बड़ा मुख्यालय था। हालांकि अभी ईरान के हमले में हताहतों की जानकारी सामने नहीं आई है। बलोच उग्रवादी समूह पर पाकिस्तान की सीमा से लगने वाले ईरान के क्षेत्र में सुरक्षा बलों को निशाना बनाने के आरोप हैं।

जैश अल-अदल की स्थापना 2012 में की गई थी। ईरान इसे आतंकवादी संगठन मानता है। ईरान के दक्षिण-पूर्वी प्रांत सिस्तान-बलूचिस्तान में स्थित यह एक सुन्नी आतंकवादी समूह है। पिछले कुछ वर्षों में जैश अल-अदल ने ईरानी सुरक्षा बलों पर कई हमले किए हैं। दिसंबर में जैश अल-अदल ने सिस्तान-बलूचिस्तान में एक पुलिस चौकी पर हमले की जिम्मेदारी ली, जिसमें 11 पुलिसकर्मियों की मौत हुई थी। ईरान ने सीमावर्ती इलाकों में उग्रवादियों के खिलाफ लड़ाई लड़ता चला आ रहा है, लेकिन पाकिस्तान पर मिसाइल और ड्रोन हमला ईरान के लिए अभूतपूर्व होगा



# श्रीकृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह सर्वे पर लगी रोक

## सुप्रीम कोर्ट ने कहा- हिंदू पक्ष की मांग स्पष्ट नहीं, हाईकोर्ट ने सर्वे का दिया था आदेश

**नई दिल्ली, एजेंसी**

सुप्रीम कोर्ट ने मथुरा के कृष्ण जन्मभूमि मंदिर से सटी शाही ईदगाह मस्जिद के सर्वेक्षण का निर्देश देने वाले इलाहाबाद हाईकोर्ट के फैसले पर मंगलवार को रोक लगा दी। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने संबंधित पक्षों की दलीलें सुनने के बाद हाईकोर्ट के आदेश पर रोक लगाने का आदेश पारित किया। पीठ ने हालांकि स्पष्ट किया कि मामले में हाईकोर्ट के समक्ष अन्य कार्यवाही जारी रहेगी।

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने 14 दिसंबर 2023 को अधिवक्ता आयुक्तों की अदालत (कोर्ट कमिश्नर) की निगरानी वाली तीन सदस्यीय टीम द्वारा मथुरा में श्रीकृष्ण जन्मभूमि मंदिर से सटे शाही ईदगाह परिसर के प्राथमिक सर्वेक्षण की अनुमति दी थी। इस आदेश को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर शीर्ष अदालत ने मस्जिद पक्ष की ओर से एक वकील को सुनने के बाद कहा, "आयोग की नियुक्ति के आदेश पर अमल नहीं किया जाएगा।"

इलाहाबाद हाईकोर्ट के आदेश में शाही ईदगाह मस्जिद का निरीक्षण करने के लिए एक आयोग नियुक्त करने का निर्देश दिया गया था। पीठ ने हाईकोर्ट के आदेश पर रोक लगाते हुए कहा कि सिविल प्रक्रिया संहिता के आदेश 8 नियम 10 पर 'अस्मा लतीफ' मामले में हाल के फैसले के आलोक में कुछ कानूनी मुद्दे उठे हैं। शीर्ष अदालत की पीठ ने यह भी कहा, "आवेदन ने सर्वव्यापी प्रार्थना की। प्रार्थना भी अस्पष्ट थी और विशिष्ट नहीं थी।" सुप्रीम कोर्ट में हाईकोर्ट के आदेश पर रोक लगाने के लिए दायर याचिका का वकील श्याम दीवान ने हिंदू पक्ष की ओर से विरोध किया। अदालत ने हालांकि आदेश पर रोक लगा दी। साथ ही नोटिस जारी करते हुए कहा कि वह इस मामले में अगली सुनवाई 23 जनवरी को करेगी।

### ज्ञानवापीः जहां शिवलिंग का दावा, उस पानी की टंकी की होगी सफाई



सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को काशी के ज्ञानवापी मामले में बड़ा फैसला दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने मस्जिद परिसर में मौजूद पानी की टंकी (वुजुखाना) की सफाई कराने की अनुमति दे दी है। इसी वुजुखाने में हिंदू पक्ष ने शिवलिंग होने का दावा किया है। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की पीठ ने एक महिला की याचिका पर यह निर्देश दिया। दरअसल, सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर मस्जिद परिसर में भगवान की पूजा करने की अनुमति मांगी गई थी। साथ ही पानी के टैंक की सफाई की मांग की गई थी, क्योंकि उस टैंक में मछलियां मरी पड़ीं थी। सुप्रीम कोर्ट ने पीठ ने अपने आदेश में कहा कि टैंक की सफाई वाराणसी के जिला कलेक्टर की देखरेख में कराई जाए।

### हिंदू पक्ष ने की थी कोर्ट कमिश्नर नियुक्त करने की मांग

हिंदू पक्ष ने इलाहाबाद हाईकोर्ट में याचिका दायर कर शाही ईदगाह मस्जिद के सर्वे के लिए कोर्ट कमिश्नर नियुक्त करने की मांग की थी। इस याचिका पर 14 दिसंबर को सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने शाही ईदगाह मस्जिद परिसर के सर्वेक्षण के लिए कोर्ट कमिश्नर नियुक्त करने का आदेश दिया था। हिंदू पक्ष के वकील विष्णु शंकर जैन ने बताया था कि याचिका में दावा किया गया था कि भगवान कृष्ण की जन्मस्थली उस मस्जिद के नीचे मौजूद है और ऐसे कई संकेत हैं, जो यह साबित करते हैं कि वह मस्जिद एक हिंदू मंदिर है।

# अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा नरेंद्र मोदी का कार्यक्रमः राहुल गांधी

**कोहिमा, एजेंसी**

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने मंगलवार को आरोप लगाया कि अयोध्या में 22 जनवरी के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को राजनीतिक और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं संघ का कार्यक्रम बना दिया गया है। उन्होंने कहा कि यही कारण है कि पार्टी के प्रमुख नेताओं ने इसमें शामिल नहीं होने का फैसला किया। राहुल ने यह दावा भी किया कि विपक्षी गठबंधन ''इंडिया'' की स्थिति बहुत अच्छी है और वह इस लोकसभा चुनाव में भाजपा को पराजित करेगा।

अयोध्या में भगवान राम के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम से जुड़े सवाल पर राहुल गांधी ने कहा, "आरएसएस और भाजपा ने 22 जनवरी के कार्यक्रम को पूरी तरह से राजनीतिक, नरेन्द्र मोदी फंक्शन बना दिया है। यह आरएसएस और भाजपा का कार्यक्रम बन गया है। यही कारण है कि कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि वह इस कार्यक्रम में नहीं जाएंगे।" उन्होंने कहा, ''हम सभी धर्मों के साथ हैं। हिंदू धर्म से जुड़े सबसे प्रमुख लोगों (शंकराचार्य) ने भी अपने विचार प्रकट किए हैं कि यह एक राजनीति कार्यक्रम है। इसलिए हमारे लिए ऐसे किसी कार्यक्रम में जाना बहुत मुश्किल है, जिसे प्रधानमंत्री और आरएसएस की इर्द-गिर्द तैयार किया गया है।"

हालांकि राहुल गांधी का कहना था कि कांग्रेस पार्टी का कोई भी व्यक्ति, जो भी दर्शन के लिए जाना चाहता है, वो जा सकता है। राहुल गांधी का कहना था कि ''भारत जोड़ो न्याय यात्रा'' का लक्ष्य सामजिक न्याय, राजनीतिक न्याय, आर्थिक न्याय की खातिर उनसे जुड़े मुद्दे उठाने के लिए है। एक सवाल पर उन्होंने कहा, "हमने यात्रा मणिपुर से शुरू की, क्योंकि यहां त्रासदी हुई है। प्रधानमंत्री ने मणिपुर आना उचित नहीं समझा, यह शर्मनाक है। प्रधानमंत्री ने नगालैंड से जो वादा किया, उसे पूरा नहीं किया।"

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने कहा- इसलिए कांग्रेस के प्रमुख नेता नहीं होंगे शामिल



### अलग ही दुनिया में रहते हैं राहुल गांधी : भाजपा

**नई दिल्ली।** भाजपा ने 22 जनवरी के रामलला प्राण प्रतिष्ठा समारोह के संदर्भ में मंगलवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस नेता एक अलग ही दुनिया में रहते हैं और सोचते हैं कि वह झूठ बोलकर निकल जाएंगे। केंद्रीय मंत्री और भाजपा नेता राजीव चंद्रशेखर ने कहा कि राहुल गांधी चाहते हैं कि लोग इस बात पर यकीन करें कि हिंदुओं की आस्था को प्रभावित किया जा सकता है, लेकिन कोई नहीं चाहता कि राहुल गांधी यह व्याख्या करें कि लोगों को अपनी आस्थाओं का पालन कैसे करना चाहिए।

# प्राण प्रतिष्ठा से पहले धार्मिक आयोजनों को हाईकोर्ट में चुनौती

**प्रयागराज।** राम जन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा समारोह से पहले पूरे प्रदेश में धार्मिक आयोजनों को हाईकोर्ट में चुनौती दी गई है। अखिल भारतीय अधिवक्ता संघ के प्रदेश अध्यक्ष नरोत्तम शुक्ला और अधिवक्ता आशुतोष कुमार तिवारी की ओर से दाखिल याचिका में 14 से 22 जनवरी तक धार्मिक समारोह आयोजित करने के शासनादेश को रद करने की मांग की गई है। हालांकि इलाहाबाद हाईकोर्ट ने याचिका पर अविलंब सुनवाई करने से इनकार कर दिया और कहा कि नियमित नंबर आने पर ही वर्तमान मामले पर सुनवाई हो सकेगी। उक्त आदेश कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनोज कुमार गुप्ता की पीठ ने मंगलवार को वर्तमान मामले को अस्वीकार करते हुए पारित किया है। बता दें कि 21 दिसंबर 2023 को मुख्य सचिव ने शासनादेश जारी कर सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिया था कि अपने जिलों के सभी मंदिरों में 14 से 22 जनवरी तक भजन, कीर्तन, मानस पाठ, कलश यात्रा का आयोजन कराएं। इन कार्यक्रमों में सभी गांव, ब्लॉक, जिला और शहरों में आंगनबाड़ी, आशा बहुएं, एएनएम आदि कर्मचारियों का सहयोग लेने का भी निर्देश दिया गया था। इसके साथ ही कथावाचकों, कीर्तन मंडलियों को राजकीय कोष से 590 लाख रुपए भुगतान के लिए जारी किए गए थे।

# भाजपा ने दारा को बनाया एमएलसी का उम्मीदवार

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ**

18 जनवरी को करेंगे नामांकन, जीत के बाद कैबिनेट में भी दावेदारी संभव

**अमृत विचारः** भाजपा ने दारा सिंह चौहान को इंतजार का मीठा फल दिया है। पार्टी ने पूर्व उपमुख्यमंत्री दिनेश शर्मा के इस्तीफे के बाद खाली हुई विधान परिषद सीट के लिए दारा को उम्मीदवार बनाया है। इस सीट के लिए होने जा रहे उपचुनाव में चौहान का एमएलसी बनना तय माना जा रहा है। उन्हें कैबिनेट में भी शामिल किया जा सकता है।



बता दें कि सपा का साथ छोड़कर दारा ने भाजपा का दामन थामा है। वह घोसी विधानसभा सीट के लिए हुए हालिया उपचुनाव में पराजित हो गए थे। तभी से पार्टी में उनकी स्थिति को लेकर सवाल उठ रहे थे, लेकिन भाजपा ने उन्हें एमएलसी उम्मीदवार बनाकर दूसरा मौका दिया है। विधान परिषद की सीट पर उपचुनाव 30 जनवरी को होगा। पहले मतदान 29 जनवरी को होना था। अब नाम वापसी 22 जनवरी के बजाय 23 जनवरी को होगी। दारा सिंह 18 जनवरी को नामांकन दाखिल करेंगे।

# सरकार ने शीरा पर लगाया 50 प्रतिशत निर्यात शुल्क

**नई दिल्ली।** सरकार ने गन्ने के रस से बने शीरा के निर्यात पर 50 प्रतिशत शुल्क लगा दिया है। यह इथेनॉल उत्पादन का प्रमुख घटक है। सरकार ने चालू सीजन में चीनी उत्पादन में गिरावट के बीच यह कदम उठाया है। वित्त मंत्रालय के अनुसार, यह शुल्क 18 जनवरी से प्रभावी होगा। इस कदम का मकसद घरेलू भट्टियों के लिए शीरा की उपलब्धता को बढ़ावा देना और सरकार के इथेनॉल मिश्रण लक्ष्य को पूरा करने में मदद करना है। सरकार का लक्ष्य चालू वर्ष में पेट्रोल के साथ 15 प्रतिशत इथेनॉल मिश्रण प्राप्त करना है, जिसके लिए 690 लीटर इथेनॉल की आवश्यकता होगी।

### योगी ने दीवार पर बनाया कमल का फूल...




**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 2024 के लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पार्टी के दीवार लेखन (वॉल पेंटिंग) अभियान में भाग लिया। उन्होंने विश्वकर्मा पंचायत मंदिर की दीवार पर भाजपा का चुनाव चिह्न कमल का फूल बनाया और उसके नीचे नारा लिखा, 'फिर एक बार मोदी सरकार, इस बार भाजपा चार सौ पार।'

# हम तो उन्हें प्रधानमंत्री बनाना चाहते थे, पर वह दबाव में

**कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी**

सपा प्रमुख अखिलेश ने बिना नाम लिए बसपा प्रमुख मायावती को दिया जवाब

**अमृत विचारः** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मंगलवार को कहा कि समाजवादियों की कोशिश रही कि सभी दलों को जोड़ने का प्रयास हो। एक समय ऐसा भी था, जब हम लोगों ने संकल्प लिया था कि देश का प्रधानमंत्री ऐसे वर्ग से हो, जिसने हजारों साल से अपमान झेला है। हम तो उन्हें प्रधानमंत्री बनना चाहते थे।



अखिलेश ने कहा कि हमारी कोशिश लगातार यह रहेगी की इंडिया गठबंधन कैसे मजबूत हो। उसमें नए दल कैसे जुड़ें। वे (मायावती) शायद इसलिए ऐसा कह रही होंगी कि उन पर कहीं न कहीं से कोई दबाव होगा। अशर्फी लाल यादव की श्रद्धांजलि सभा में आए अखिलेश यादव ने यह बात तब कही, जब उनसे पूछा गया कि पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने कहा है कि अखिलेश यादव गिरगिट की तरह रंग बदलते हैं। अखिलेश ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार अपनों को लाभ पहुंचा रही है, जिससे महंगाई बढ़ रही है। जितना भ्रष्टाचार पिछले 10 सालों में हुआ, पहले कभी नहीं हुआ।

# रेल रोको मामले में कांग्रेस विधायक जिग्नेश मेवाणी बरी

**अहमदाबाद।** जिले की एक मेट्रोपोलिटन अदालत ने कांग्रेस विधायक जिग्नेश मेवाणी और 30 अन्य को एक ट्रेन को बाधित करने के 2017 के एक मामले में बरी कर दिया। मेवाणी और अन्य पर अहमदाबाद रेलवे पुलिस ने 2017 में राज्य सरकार की नीतियों के विरोध में कालूपुर रेलवे स्टेशन पर एक राजधानी ट्रेन को लगभग 20 मिनट तक रोकने के लिए मामला दर्ज किया था। मेवाणी के साथ 30 अन्य व्यक्तियों के खिलाफ आईपीसी की गैरकानूनी सभा, दंगा करने, लोक सेवक को कर्तव्य निर्वहन से रोकने के लिए जान-बूझकर चोट पहुंचाने और आपराधिक साजिश से संबंधित धाराओं के तहत एक मामला दर्ज किया गया था।

**राममय देश** प्राण प्रतिष्ठा को लेकर दिल्ली, मुंबई, कोलकाता, चेन्नई जैसे महानगरों को मिलाकर देशभर में होगा डेढ़ लाख करोड़ का व्यवसाय

# अयोध्या दे रहा देशभर को रोजगार, महानगरों का बढ़ा व्यापार

**अजय दयाल, लखनऊ**

**अमृत विचारः** अयोध्या नगरी देशभर के कामगारों, कारीगरों, कलाकारों को रोजगार देने के साथ व्यवसाय जगत में भी लगभग डेढ़ लाख करोड़ का कारोबार कराने जा रही है। यहां तक कि देश के दिल्ली, मुंबई, कोलकाता महानगरों समेत यूपी के बड़े शहरों की कोरोना काल से सुस्त पड़ी अर्थव्यवस्था को भी गति मिल जाएगी। वास्तव में 22 जनवरी को होने जा रही रामलला प्राण प्रतिष्ठा से पहले ही देश में अर्थव्यवस्था को पंख लग चुके हैं।

दिलचस्प यह है कि सोने-चांदी से लेकर गमछा तैयार करने का व्यवसाय करने वालों के चेहरे भी चमक रहे हैं। दिल्ली के झंडा व्यापारियों का उत्साह देखते बनता है। बढ़ती मांग के चलते



वहां झंडा व्यापारियों ने अपने यहां कारीगरों की संख्या को बढ़ा दिया है। सबसे अधिक मांग राजस्थान, हरियाणा, पंजाब, उत्तर प्रदेश, बिहार, मध्य प्रदेश, बिहार से आ रही है। रोजाना लगभग दस-बारह लाख की संख्या में झंडे तैयार हो रहे हैं। तमाम थोक बाजारों में जय श्रीराम की झंडियां आकार के अनुसार 500 रुपए बंडल तो भगवा झंडे प्रति पीस 20 से 50 रुपए तक बिक रहे हैं।

गले का पटका 8-10 रुपए, ऊनी पटका या मफलर 20-100 रुपए प्रति पीस, टोपी 3-10 रुपए, बिल्ले 50 पैसे से डेढ़ रुपए और स्टीकर तीन रुपए। इसके अलावा रामनामी कुर्ता और टोपी अलग। पूजा-पाठ से जुड़ी अन्य सामाग्रियों को मिला लिया जाए तो अकेले दिल्ली में ही 20 हजार करोड़ रुपये से अधिक का कारोबार होने की संभावना है।

देश भर में जहां एक तरफ राम की तस्वीर वाले प्रिंटेड कुर्ते, शर्ट, रामचरित मानस और झंडे की काफी मांग है। वहीं, राम मंदिर की शुरुआत से पहले मुंबई के झवेरी बाजार में सोने चांदी के राम मंदिर, राम के चिह्नित सिक्कों और राम दरबार समेत सोने चांदी की मूर्तियों की मांग बढ़ी गई है।

हकीकत यह है कि बढ़ई से लेकर कुम्हार, लोहार और सोनार सभी की चांदी है। इसके चलते न केवल लोगों को रोजगार उपलब्ध हो रहा है, बल्कि बाजार से काफी राजस्व भी पैदा होने जा रहा है। यहां तक कि राम मंदिर के कारण संगीत व्यवसाय से जुड़े लोग भी अपनी आय बढ़ाने से अछूते नहीं। देश भर में राम मंदिर को लेकर गीत बन रहे है। विशेष बात यह है कि छोटे गीतकार, संगीतकार और गायकों को काम मिल रहा है। वहीं, सभी शहरों में काम कर रही ऑर्केस्ट्रा पार्टी भी मंदिरों से जुड़े कार्यक्रमों को कराने जुटेंगी।

### अर्थव्यवस्था को भी मिलेगा ऐतिहासिक बल

कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष बीसी भरतिया राष्ट्रीय और महामंत्री प्रवीण खंडेलवाल का दावा है कि 22 जनवरी से पहले देश भर में व्यापारी एवं दूसरे सामाजिक संगठनों द्वारा लगभग 30 हजार से अधिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। सभी राज्यों में स्थानीय कारीगरों, कलाकारों और हाथ से काम करने वाले लोगों को भी बड़ा व्यापार मिल रहा है। साथ-साथ रोजगार के नये अवसर पैदा हो रहे हैं। राजस्व तो बढ़ेगा ही, अर्थव्यवस्था को भी ऐतिहासिक बल मिल सकता है, क्योंकि पूरी दुनिया अपने देश के कारोबार से जुड़ने जा रही है।

### मुख्यमंत्री योगी ने 12 लाख हस्तशिल्पियों से तैयार रामलला के वस्त्र श्रीराम जन्मभूमि ट्रस्ट को सौंपे

# अयोध्या में अब गोली नहीं, मिलेंगे लड्डू के गोले

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



रामलला के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का निमंत्रण मुख्यमंत्री योगी को देते श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के कोषाध्यक्ष स्वामी गोविंद देव गिरि, साथ में अन्य।



12 लाख से अधिक भक्तों द्वारा तैयार रामलला के वस्त्रों को श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के पदाधिकारियों को सौंपते मुख्यमंत्री योगी। अमृत विचार

- कहा- अब कोई पंचकोसी, 14 कोसी और 84 कोसी परिक्रमा रोकने का नहीं करेगा साहस
- राम के नवीन विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा लोक आस्था और जनविश्वास की है पुनर्प्रतिष्ठा

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि नई अयोध्या में अब कभी कर्फ्यू नहीं लगेगा, बल्कि राम नाम संकीर्तन होगा। अब यहां कभी गोली नहीं चलेगी, बल्कि रामभक्तों को लड्डू के गोले मिलेंगे। अब अयोध्या में कोई पंचकोसी, 14 कोसी और 84 कोसी परिक्रमा रोकने का साहस नहीं करेगा।

वे मुख्यमंत्री आवास पर मंगलवार को हेरिटेज हैंडवीविंग रिवाइवल चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से 12 लाख हस्तशिल्पियों द्वारा वस्त्र तैयार करने के प्रयास की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस वस्त्र में रामभक्ति का ताना है और हस्तशिप का बाना है। मुख्यमंत्री ने वस्त्र को श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के कोषाध्यक्ष स्वामी गोविंद देव गिरी जी को सौंपा। इस अवसर पर श्रीराम जन्मभूमि रामायण पुस्तक का लोकार्पण भी किया गया। स्वामी गोविंद देव गिरी ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को 22 जनवरी को श्रीराम लला के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का निमंत्रण भी दिया।

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि भारत में राम के बगैर कोई काम नहीं होता। राम तो परमपिता परमेश्वर हैं, कण-कण में व्याप्त हैं, लेकिन अयोध्या जी में नव्य मंदिर में राम के नवीन विग्रह की प्राण-प्रतिष्ठा लोकआस्था और जनविश्वास की पुनर्प्रतिष्ठा है। कहा कि 500 वर्षों तक श्रीरामजन्मभूमि का मुद्दा कभी दबा नहीं। कभी पूज्य संतों ने तो कभी राजे-रजवाड़ों ने तो कभी धर्मयोद्धाओं ने, अलग-अलग कालखंड में लोगों ने इस विषय को जीवित रखा। बिना रुके, बिना थके, बिना डिगे, बिना झुके, मिशन बनाकर लड़ते रहे। ऐसा उदाहरण किसी अन्य प्रकरण के लिए अन्यत्र कहीं नहीं देखने को मिलता।

#### राम को जो भजा वह हनुमान, जो भागा मारीच की मौत मरा

राम नाम महिमा की चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि जिस किसी ने भी राम का नाम लिया, वह तर गया। दैवीय योनि में जन्म लिया हो, सामान्य मानव के रूप में जन्म पाया हो या फिर अधम योनि में। जिसने राम को भजा, वह हनुमान की तरह तर गया और जो भागा वह मारीच की तरह पशुवत मारा गया। यह अकेला ऐसा नाम है, जो आजीविका का साधन भी है। हजारों कथाव्यास, रामकथा का पाठ कर लाखों लोगों को जोड़कर रखते हैं। यह उनकी आजीविका का माध्यम भी है।

#### त्रेतायुगीन वानर-भालू ही आज रामभक्त बनकर कर रहे रामकाज : भैया जी जोशी

श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के वरिष्ठ संरक्षक सुरेश जोशी भैया जी ने कहा कि श्रीराम जन्मभूमि मुक्ति आंदोलन का विस्तार से जिक्र करते हुए कहा कि भगवान राम के जीवन को देखें तो उनका पूरा जीवन संघर्षमय दिखता है। प्रारंभ में विश्वामित्र जी लेकर गए, तो बाद में वनवास हुआ और फिर न चाहते हुए भी लंका पर आक्रमण करना पड़ा। उस समय उनके साथ वानर सेना थी और आज लगता है कि वही वानर-भालू पुनर्जन्म लेकर फिर राम काज के लिए प्रस्तुत हैं। राम के जीवनकाल में भी कुछ उनके विरुद्ध थे, कुछ तटस्थ, आज भी कुछ वैसा ही है। आज 12 लाख रामभक्तों द्वारा रामलला के लिए वस्त्र तैयार करने का यह प्रयास भी रामकाज में गिलहरी योगदान जैसा है। उन्होंने इसके लिए सभी को बधाई दी। उन्होंने कहा कि रामलला के विग्रह की प्राण-प्रतिष्ठा से एक बार फिर रावण संस्कृति नष्ट होगी और रामराज्य की पुनर्स्थापना होगी।

## आश्रम पद्धति विद्यालयों में प्रवक्ता बन सकेंगे प्रधानाचार्य

राजीव शुक्ला, लखनऊ

- पांच वर्ष तक प्रवक्ता रहे कर्मियों को बनाया जाएगा प्राचार्य
- विद्यालयों में उप प्रधानाचार्य भी रखने होंगे, शासन ने दिया आदेश
- 200 पदों पर नियुक्ति के लिए समाज कल्याण निदेशालय ने आयोग को भेजा अधियाचन

**अमृत विचार :** आश्रम पद्धति विद्यालय में पढ़ाने वाले शिक्षिकों के अब दिन बहुरेंगे। पांच वर्षों से प्रवक्ता के पद पर सेवाएं दे रहे शिक्षकों को अब प्रधानाचार्य बनाया जाएगा। साथ ही आश्रम पद्धति विद्यालय में उप प्रधानाचार्य भी नियुक्त किए जाएंगे।

समाज कल्याण विभाग के अधीन प्रदेश के सभी जिलों में 94 आश्रम पद्धति विद्यालय संचालित हो रहे हैं और लगभग 32 हजार छात्र-छात्राएं अध्यनरत हैं। इन विद्यालयों में प्रवक्ता और सहायक अध्यापक (एलटी ग्रेड) के पद रिक्त चल रहे हैं। प्रवक्ता के 280 और सहायक अध्यापकों के 373 पद खाली हैं। विद्यालयों में पद खाली होने के कारण अध्यापन कार्य प्रभावित हो रहा है। दो सौ पदों पर नियुक्त के लिए अधियाचन आयोग को भेजा गया है।

समाज कल्याण विभाग अब 2004 की नियमावली के अनुरूप पांच वर्षों से अधिक प्रवक्ता के पद पर सेवाएं दे रहे अध्यापकों को प्रधानाचार्य बनाने की तैयारी में है। इसके लिए सभी का विवरण एकत्र किया जा रहा है। निदेशालय स्तर पर ब्योरा तैयार करने के बाद प्रस्ताव शासन को भेजा जाएगा। शासन से मंजूरी मिलने के बाद प्रथम चरण में कुछ प्रवक्ताओं को प्रधानाचार्य बनाया जाएगा। जबकि शासन के आदेश के अनुरूप सभी विद्यालयों में उप प्रधानाचार्य नियुक्त किए जाएंगे। उप प्रधानाचार्यों की नियुक्ति को लेकर भी विभागीय प्रक्रिया शुरू हो गई है।

> लंबे समय से प्रवक्ता के पद पर सेवारत लोगों को प्रधानाचार्य बनाया जाएगा। प्रवक्ताओं को सूचीबद्ध किया जा रहा है। प्रयास होगा कि अगले माह तक कुछ विद्यालयों में प्रवक्ताओं की पदोन्नति कर दी जाए। साथ ही उप प्रधानाचार्यों की नियुक्त को लेकर भी प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।
>
> -कुमार प्रशांत, निदेशक समाज कल्याण

### एक नजर

#### 1 फरवरी को डीजी बनेंगे तिलोत्मा वर्मा व राजीव कृष्णा

**अमृत विचार, लखनऊ :** केंद्रीय प्रतिनियुक्ति से लौटीं 1990 बैच की आईपीएस अफसर तिलोत्मा वर्मा एक फरवरी को डीजी बन जाएंगी। साथ ही 1991 बैच के आईपीएस अफसर राजीव कृष्णा को भी डीजी पद पर प्रमोशन मिल जाएगा। दरअसल, डीजी स्तर के दो अफसर, कार्यवाहक डीजीपी विजय कुमार और डीजी एसके माथुर इसी माह सेवानिवृत्त हो रहे हैं। उसके बाद डीजी के दो पद खाली हो जाएंगे। पहले खाली हो रहे इन दोनों पदों पर वरिष्ठता के आधार पर 1990 बैच के प्रशांत कुमार और तिलोत्तमा वर्मा को प्रमोशन मिलना था, लेकिन पिछले माह हुई डीपीसी में प्रशांत को डीजी बना दिया गया। लिहाजा उस खाली पद का लाभ राजीव कृष्णा को मिल जाएगा। एक फरवरी को वह डीजी विजिलेंस बन जाएंगे।

#### वीआईपी सुरक्षा को प्रशिक्षित किए गए पुलिस कर्मी

**अमृत विचार, लखनऊ :** अयोध्या में रामलला के प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर अति विशिष्ट और विशिष्ट हस्तियों की सुरक्षा के लिए युवा पुलिस अफसरों-कर्मियों को प्रशिक्षित किया गया। 20 दिसम्बर से 12 जनवरी तक दो चरणों में सुरक्षा मुख्यालय में पहली बार हुए इस तरह के प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रदेश के 33 कमिश्नरेट और जनपद से छांटे गए युवा पुलिस अफसर-पुलिसकर्मी शामिल थे। मंगलवार 16 जनवरी को तीसरे चरण का कार्यक्रम यूपी-112 मुख्यालय में हुआ। यहां 570 प्रशिक्षणार्थियों का एक दिवसीय विशेष प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया गया। प्रशिक्षण के इस कार्यक्रम में सादे वेश में की जाने वाली सुरक्षा ड्यूटी तथा वीआईपी के निकटस्थ सुरक्षा में आने वाली चुनौतियों के विषय में विस्तृत रूप से जानकारी दी गई। इस मौके पर वीआईपी सुरक्षा के सिद्धांतों तथा निकटस्थ सुरक्षा के प्रति सजगता के संबंध में सुरक्षा विभाग की ओर से तैयार की गई लघु फिल्म भी दिखाई गई। इस अवसर पर कार्यवाहक डीजीपी विजय कुमार ने अपने संबोधन में सादे वेश में सुरक्षा ड्यूटी को लेकर कई टिप्स दिए। इस कार्यक्रम में एडीजी सुरक्षा रघुबीर लाल, डीआईजी सुरक्षा और डीआईजी प्रशिक्षण एवं सुरक्षा समेत सुरक्षा इकाई के अफसर मौजूद थे।

## तीन वर्षों में विश्व में तीसरे स्थान पर होगी अर्थव्यवस्था

### रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा- 2047 तक भारत विश्व का नंबर एक देश होगा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत लाभार्थी को प्रतीकात्मक चेक देते रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, साथ में उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक व अन्य। अमृत विचार

- आजादी के बाद से पहली बार कोई सरकार पहुंच रही है आपके द्वार, दे रही है योजनाओं का लाभ

**अमृत विचार :** प्रधानमंत्री बनने के बाद नौ वर्षों के भीतर नरेंद्र मोदी ने देश को अर्थव्यवस्था के मामले में पांचवें स्थान पर लाकर खड़ा कर दिया है। जब वे 2014 में प्रधानमंत्री बने थे तो भारत की अर्थव्यवस्था दसवें स्थान पर थी। अगले तीन वर्षों के भीतर 2027 तक देश की अर्थव्यवस्था विश्व में तीसरे और 2047 तक पहले नंबर पर होगी।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को उक्त बात विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत सीतापुर रोड स्थित मान लान और लवकुश नगर चौराहे पर आयोजित कार्यक्रमों में कही। उन्होंने कहा कि आजाद भारत के इतिहास में यह पहला अवसर है, जब कोई सरकार जनता के दरवाजों पर पहुंचकर सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने की कोशिश कर रही है। उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में मोदी की गारंटी की गाड़ी घर-घर जा रही है। देश में पहली सरकार है, जो अपने कार्य आम जनता के घर-घर पहुंचने का काम कर रही है। महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने बताया कि विकसित भारत संकल्प यात्रा में लखनऊ महानगर सिर्फ उत्तर प्रदेश में ही नहीं, बल्कि पूरे देश में प्रथम स्थान पर आया है।

मीडिया प्रभारी मीडिया प्रभारी प्रवीण गर्ग ने बताया कि कार्यक्रम में रक्षा मंत्री ने पीएमजीपी योजना (जिला उद्योग केंद्र) के अंतर्गत कुलदीप यादव को जनरेटर निर्माण के लिए 50 लाख रुपये, मुख्यमंत्री युवा स्वावलंबन योजना के अंतर्गत मोनिका सेठ को प्लास्टिक प्रोडक्ट निर्माण के लिए 25 लाख रुपये की धनराशि, ओडीओपी के अंतर्गत चिकन वस्त्र निर्माण के लिए उमा जैन को 50 लाख का चेक, विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के अंतर्गत अंजली देवी व मोनी को सिलाई टूल किट उज्ज्वला योजना में फौजिया, रामदेवी, दीप सिंह को गैस कनेक्शन, सुषमा दुबे, राकेश कुमार, सविता देवी, शांति व पहलाद को अंत्योदय राशन कार्ड दिया गया। कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद अशोक बाजपेई, महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, मेयर सुषमा खर्कवाल, एमएलसी डॉ. महेंद्र सिंह, मुकेश शर्मा, त्रिलोक सिंह अधिकारी, राम अवतार कनौजिया, अभियान संयोजक अभिषेक खरे, उपाध्यक्ष घनश्याम अग्रवाल, विवेक सिंह तोमर, टिंकू सोनकर, राकेश सिंह, अमित टंडन आदि मौजूद रहे।

#### हनुमान सेतु मंदिर में रक्षा मंत्री ने की साफ-सफाई

**अमृत विचार, लखनऊ :** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को हनुमान सेतु मंदिर में साफ-सफाई की। साथ ही हनुमान जी की मूर्ति के समक्ष बिखरे हुए फूलों को कपड़े से समेटकर साफ किया। रक्षा मंत्री ने कहा कि आज श्रीराम के अनन्य सेवक हनुमान जी की सेवा करने का सौभाग्य मिला। उन्होंने कहा कि "हनुमान तेहि परसा कर पुनि कीन्ह प्रनाम, राम काजु कीन्हें बिनु मोहि कहां बिश्राम।" इसके बाद पूजा अर्चना की और भोलेनाथ का जलाभिषेक किया। इस दौरान महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, मेयर सुषमा खर्कवाल, एमएलसी मुकेश शर्मा, मीडिया प्रभारी प्रवीण गर्ग आदि मौजूद रहे।

## फिर मोदी सरकार, इस बार 400 पार

### दीवार पर कमल का फूल बनाकर मुख्यमंत्री ने लिखे स्लोगन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- लोकसभा चुनाव से पहले प्रदेश में होंगी तीन बड़ी रैलियां
- मतदाताओं से संवाद और बूथ प्रबंधन की मजबूती से मिलेगी सफलता

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर कार्यकर्ता में खूब जोश भरा। दीवार लेखन अभियान के तहत उन्होंने मंगलवार को गोरखपुर के जटाशंकर स्थित श्री विश्वकर्मा भगवान पंचायत मंदिर की दीवार पर भाजपा का चुनाव चिन्ह कमल का फूल बनाया। इसके नीचे स्लोगन लिखा कि फिर एक बार मोदी सरकार, इस बार भाजपा चार सौ पार।

भाजपा महानगर इकाई की ओर से आयोजित दीवार लेखन अभियान में उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि इस अभियान को भी विकसित भारत संकल्प यात्रा की तरह सफलता की नई ऊंचाइयों पर पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मतदाताओं से संवाद के कार्यक्रम होने हैं। चुनाव से पूर्व प्रदेश में तीन बड़ी रैलियां होनी है। इन आगामी कार्यक्रमों की दिशा में दीवार लेखन अभियान बहुत महत्वपूर्ण कार्यक्रम है। उन्होंने कहा कि सांसद, विधायक, सभी पंचायत व निकाय प्रतिनिधियों को इसमें पूरी जिम्मेदारी से अपनी भूमिका निभानी होगी। जहां भी स्पेस दिखे वहां कमल का फूल बनाकर दोनों स्लोगन (फिर एक बार मोदी सरकार और इस बार लक्ष्य चार सौ पार) लिखे जाने चाहिए। किसी की निजी संपत्ति पर लिखने से पूर्व उसकी अनुमति जरूर ले ली जाए। प्रयास हो कि कोई भी स्पेस स्लोगन से खाली न रहे।

मुख्यमंत्री ने चुनाव में सफलता के लिए मतदाताओं से बूथ प्रबंधन की मजबूती पर जोर देते हुए कहा कि हमारे बूथ जितने मजबूत होंगे, मतदाताओं से हमारा संवाद जितना बेहतरीन होगा, हमारे प्रत्याशी उतने ही भारी मतों से विजयश्री प्राप्त करेंगे। कहा कि हमें अपनी बात कहने में संकोच नहीं करना चाहिए।

#### लोकसभा चुनाव में लोकगीतों से भाजपा को निशाना बनाएगी सपा

**अमृत विचार, लखनऊ :** इस बार लोकसभा चुनाव में लोकगीतों के जरिए समाजवादी पार्टी सत्तासीन भाजपा की खामियों को जनता के सामने रखेगी। सपा ने यह जिम्मेदारी समाजवादी सांस्कृतिक प्रकोष्ठ को सौंपी है। इस महीने के अंत तक सपा का यह अभियान शुरू हो जाएगा। इस कवायद में, महंगाई बनकर डायन सबकी चूलें हिला दिया...छोटे उद्योग-धंधों को मिट्टी में मिला दिया। जनता जान गई भाजपा की होशियारी रे... अब तो हमरी बारी रे। कुछ ऐसे ही लोकगीत सपा ने भाजपा सरकार को घेरने के लिए तैयार करवाए हैं। इनका प्रयोग गांव-गांव में चौपाल लगाकर किया जाएगा।

## शिक्षा के साथ नहीं होनी चाहिए राजनीति : राजनाथ

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- कहा- नई शिक्षा नीति अमीर और गरीब की खाई को कम करेगी

**अमृत विचार :** विश्व में भारत ही एक ऐसा देश है, जिसमें वसुदेव कुटुंबकम के तहत पूरे विश्व को परिवार माना जाता है। यह केवल भारतीय शिक्षा में ही संभव है। राजनीतिक का खेल शिक्षा के साथ नहीं होना चाहिए।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अटल बिहारी कन्वेंशन सेंटर में स्ववित्त पोषित विद्यालय प्रबंधक एसोसिएशन के आठवें वार्षिक अधिवेशन में उक्त बात कही। कहा कि नई शिक्षा नीति का क्रियान्वयन अमीर और गरीब के बीच की खाई को समाप्त कर देगा। नई शिक्षा नीति व्यक्ति के कौशल उसकी कुशलता के मानसिक स्तर को दर्शाएगी। लार्ड मैकाले की शिक्षा प्रणाली को समाप्त कर स्वावलंबी बनने के लिए छात्र के हुनर को पहचान कर तकनीकी शिक्षा पर ज्यादा फोकस होगा। उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि स्ववित्त पोषित विद्यालय प्रबंधक एसोसिएशन शिक्षा के क्षेत्र में बड़ा योगदान दे रहा है। इससे पूर्व कार्यक्रम की शुरुआत रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह एवं अतिथियों ने दीप प्रज्जवलित कर की। साथ ही संगठन की स्मारिका का विमोचन किया।

## मदरसों पर अधिक ध्यान दे सरकार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



अम्बर फाउंडेशन के चेयरमैन वफा अब्बास के साथ रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मुलाकात करते दरगाह प्रमुख, यूनानी चिकित्सक और समाजसेवियों के तीन प्रतिनिधिमंडल।

**अमृत विचार :** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मंगलवार को विभिन्न संगठन के लोगों ने मुलाकात की। रक्षा मंत्री से शहर में चल रहे मदरसों पर केंद्र और राज्य सरकार की ओर से अधिक ध्यान देने की मांग की।

अम्बर फाउंडेशन के चेयरमैन वफा अब्बास के साथ रक्षा मंत्री से मिलने वालों में विभिन्न दरगाहों के प्रमुखों का एक प्रतिनिधिमंडल भी शामिल था। इसके अलावा यूनानी डाक्टरों विभिन्न समाजसेवियों ने भी मुलाकात की। वफा अब्बास के संग मिलने पहुंचे प्रतिनिधिमंडलों ने प्रधानमंत्री के 'एक हाथ में कुरान एवं दूसरे हाथ में कंप्यूटर' के आह्वान के तहत मदरसों पर अधिक ध्यान देने की बात कही। फैजान फिरंगी महली अध्यक्ष ऑल इंडिया मोहम्मदी मिशन यूथ की अध्यक्षता में मिले प्रतिनिधिमंडल ने वक्फ बोर्ड के तहत आने वाली तमाम संपत्तियों के संरक्षण के लिए शासन एवं प्रशासन की ओर से होने वाली कार्रवाई को अधिक प्रभावी करने की मांग की। यूनानी चिकित्सकों के प्रतिनिधिमंडल ने रक्षा मंत्री को अपनी समस्याएं बताईं। दूसरी ओर संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल का प्रतिनिधिमंडल भी रक्षा मंत्री से मिला।

## विभागीय जांच में भी फंस रहे होमगार्ड के कमांडेंट मनीष दुबे

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- वाट्सएप और फोन पर अश्लील बातचीत के मिल रहे साक्ष्य

**अमृत विचार :** पीसीएस अफसर ज्योति मौर्या मामले की जांच के बाद निलंबित चल रहे होमगार्ड के कमांडेंट मनीष दुबे विभागीय जांच में भी फंस रहे हैं। जांच करीब-करीब पूरी होने वाली है। सूत्रों के मुताबिक, विभागीय जांच में अधिकांश आरोपों की पुष्टि हो रही है। पीसीएस अफसर से वाट्सएप चैट और महिला होमगार्ड से फोन पर अश्लील बातचीत के भी साक्ष्य मिल रहे हैं। ऐसे में उनको दंड मिलना तय माना जा रहा है। बर्खास्तगी की कार्रवाई की भी संभावना जताई जा रही है।

पीसीएस अफसर ज्योति मौर्या के साथ अफेयर, फिर उनके पति की हत्या की साजिश के आरोपों के बाद होमगार्ड के कमांडेंट मनीष दुबे के खिलाफ जांच शुरू हुई थी। इस दौरान मृतक आश्रित कोटे से नौकरी पाने वाली एक महिला होमगार्ड के लिखित और कई अन्य महिला होमगार्ड द्वारा उनके चरित्र को लेकर की गई मौखिक शिकायत को भी जांच के दायरे में लाया गया था। इसमें उपीड़न के भी आरोप सामने आए थे।

सुझाव | विधानसभा अध्यक्ष ने पश्चिमी क्षेत्र के विधायकों से किया संवाद

## विपक्ष व सत्ता पक्ष के विधायक करें एक-दूसरे का सम्मान

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



विधायकों के साथ संवाद कार्यक्रम के दौरान विधानसभाध्यक्ष सतीश महाना।

- महाना बोले, विधायिका और कार्यपालिका को अपनी सीमा में रहकर काम करते रहना चाहिए

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष सतीश महाना ने कहा कि विधायक किसी का अपमान नहीं करना चाहते हैं, लेकिन अपना सम्मान भी चाहते हैं। विधायिका और कार्यपालिका को अपनी सीमा में रहकर हमेशा अपना काम करते रहना चाहिए। महाना ने सुझाव दिया कि विधायक एक दूसरे का सम्मान करें चाहे वह विपक्ष का विधायक हो अथवा सत्ता पक्ष का।

विधानसभा अध्यक्ष मंगलवार को यहां होटल सेंट्रम में क्षेत्रवार हो रहे 'संवाद कार्यक्रम' के तहत पश्चिमी क्षेत्र के विधायकों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने फिर दोहराया कि विधानसभा के आगामी सत्र में सदन जितने दिन भी चले, सदस्यों की उसमें भागीदारी बराबर बनी रहनी चाहिए। उन्होंने सुझाव दिया कि सभी विधायकों को अपने विधानसभा क्षेत्र के विकास के लिए बराबर प्रयास करते रहना चाहिए, क्योंकि यह एक सतत प्रक्रिया है और यह कभी खत्म नहीं होती है।

इस मौके पर डॉ. मंजू शिवाच ने कहा कि हर छह महीने में विधायकों के सुझाव लिए जाने चाहिए। पंकज मलिक ने कहा कि आपने विधानसभा की गरिमा को बढ़ाने का काम किया है। तेजपाल नागर ने विधानसभा सत्र की अवधि बढ़ाए जाने पर जोर दिया। अनिल पाराशर ने विधानसभा वार नोडल अधिकारी की नियुक्ति किए जाने की जरूरत बताया। विधायक संजय कुमार ने कहा कि पहले चालू सत्र में ही विधानसभा अध्यक्ष से भेंट होती थी, लेकिन अब ऐसा नहीं है। कार्यक्रम में मंत्री बेबी रानी मौर्य और केपी मलिक के अलावा प्रमुख सचिव प्रदीप दुबे समेत अन्य अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

## निजी स्कूल में बच्चों के मुफ्त दाखिले करवाएगी सरकार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- हर ब्लॉक में होगा नोडल अधिकारी, 20 से आवेदन शुरू

**अमृत विचार :** शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आरटीई) के तहत निजी स्कूलों में गरीब परिवारों के बच्चों के मुफ्त दाखिले की प्रक्रिया 20 जनवरी से शुरू होगी। चार चरणों में यह प्रक्रिया सात जुलाई तक चलेगी। अनिवार्य रूप से एक शिक्षाधिकारी को हर ब्लाक में नोडल अधिकारी बनाया जाएगा। वहीं जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी, खंड विकास और जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालयों में हेल्प डेस्क बनाई जाएगी।

उप शिक्षा निदेशक (समग्र शिक्षा) डॉ. मुकेश कुमार सिंह ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से मंगलवार को बैठक कर जिलों में की जा रही तैयारियों की समीक्षा की। निर्देश दिए कि अधिक से अधिक बच्चों का निजी स्कूलों में प्रवेश कराया जाएगा। राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) व राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) के स्वयंसेवकों की मदद लेकर हेल्प डेस्क चलाई जाए। यहां ऐसे अभिभावक, जो ऑनलाइन आवेदन करने में सक्षम नहीं हैं, उनकी मदद की जाए। नोडल अधिकारी ऑनलाइन आवेदन से लेकर निजी स्कूल में प्रवेश कराने तक की जिम्मेदारी उठाएगा।

### सार-संक्षेप

#### पूर्व मंत्री से ठगी करने वाले को एसटीएफ ने दबोचा

**अमृत विचार, लखनऊ :** एसटीएफ ने पूर्व कैबिनेट मंत्री दद्दू प्रसाद समेत कई लोगों से क्रेडिट कार्ड के रिवार्ड प्वाइंट को रिडीम कराने के नाम पर लाखों रुपये ठगी करने वाले को गिरफ्तार किया है। उसके पास से दो मोबाइल और नकदी बरामद किया है। एसटीएफ के मुताबिक, गिरफ्तार साइबर ठग मो. मुजम्मिल शामली का रहने वाला है। मंगलवार को उसे गोमतीनगर के हुसड़िया चौराहा के पास से पकड़ा गया। पूर्व मंत्री ने गोमतीनगर में मुकदमा दर्ज कराया था।

#### मदरसा बोर्ड अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री को भेजा पत्र

**अमृत विचार, लखनऊ :** उप्र मदरसा शिक्षा परिषद के अध्यक्ष डॉ. इफ्तिखार अहमद जावेद ने मुख्यमंत्री को एक पत्र भेजा है। जिसमें अधिकारियों की हीलाहवाली का हवाला देते हुए शिक्षकों के छह साल के वेतन भुगतान की बात की है। इनका कहना है कि मदरसा आधुनिकीकरण योजना के तहत शिक्षक बच्चों को मॉडर्न शिक्षा दे रहे हैं। अधिकारियों की उदासीनता के चलते शिक्षकों का वेतन भुगतान नहीं किया जा सका है।

#### मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन अब 23 को

**अमृत विचार, लखनऊ :** उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि राज्य सरकार की अधिसूचना द्वारा सार्वजनिक अवकाश घोषित कर दिये जाने के कारण भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अर्हता 1 जनवरी के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण में नियत कार्यक्रम के अनुसार नामावलियों का अंतिम प्रकाशन 22 जनवरी के स्थान पर अब 23 जनवरी को किए जाने के निर्देश दिए गए हैं।

## शहर में आज



- ईको गार्डन में वेतन बढ़ाने की मांग को लेकर स्मारक संरक्षण कर्मियों का धरना - 11:00 बजे।
- चिनहट चौराहे के पास दो लेन सड़क निर्माण में बाधा बन रहे अतिक्रमण को लेकर अभियान - 11:30 बजे।
- ऐशबाग रामलीला मैदान में श्रीराम लाल स्वरूप संगम शोभा यात्रा की शुरुआत - 12:30 बजे।

## एक नजर

### कई इलाकों में प्रभावित रही विद्युत आपूर्ति

**अमृत विचार, लखनऊ :** जर्जर तारों और खंभों को बदलने के चलते मंगलवार को राजधानी के विभिन्न इलाकों में घंटों बिजली आपूर्ति बाधित रही। इसके चलते लोगों को पानी की समस्या और अन्य कार्यों के लिए दिनभर काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। अधिकारियों के अनुसार, शहर में आरडीएसएस योजना के तहत निर्बाध बिजली आपूर्ति के लिए जर्जर तारों की जगह नई लाइनों को डालने और पुराने खंभों को बदलने का कार्य किया जा रहा है। जिन क्षेत्रों में यह काम किया जा रहा है, वहां बिजली आपूर्ति को बंद किया गया है। मेंटेनेंस कार्य के चलते गोमतीनगर, बालाघाट और सुगामऊ में घंटों बिजली सप्लाई बंद रही। गोमती नगर के विवेकखंड- 3, विराजखंड-1 और 2, विशालखंड-2, विश्वासखंड, विराजखंड-5 सहित बालाघाट के रस्तोगी फीडर से होने वाली सप्लाई और सुगामऊ के दीन दयालपुरम, आस्था विहार में सुबह से ही सप्लाई को बंद कर दिया गया।

# कोहरे और गलन से अभी नहीं मिलेगी राहत

## मंगलवार को न्यूनतम 7 डिग्री व अधिकतम तापमान 14 डिग्री रिकार्ड किया गया

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** लखनऊ और आसपास के क्षेत्रों में शीत लहर का कहर जारी है। दोपहर बाद निकली हल्की धूप ने कुछ देर तक तो राहत दी, लेकिन सर्द हवाओं के चलते गलन कम नहीं हुई। मौसम वैज्ञानिक का अनुमान है कि सर्द हवाओं के कारण अभी मौसम में सुधार की उम्मीद कम है। मंगलवार को न्यूनतम तापमान 7 डिग्री रिकार्ड किया गया। जबकि अधिकतम पारा 14 डिग्री सेल्सियस रहा।

लखनऊ और उसके आसपास के क्षेत्रों में सोमवार शाम से छायी धुंध मंगलवार दोपहर तक जारी रही। ऐसे में सुबह वाहन लेकर निकलने वाले लोगों को वाहनों की लाइटें जलाकर अपना सफर तय करना पड़ा। दोपहर बाद निकली हल्की धूप सर्द हवाओं के चलते देर तक असर नहीं दे सकी। शाम होते-होते कोहरा गहरा गया। शीत लहर का असर लखनऊ और उससे लगे जनपदों सीतापुर, हरदोई, लखीमपुर खीरी, बाराबंकी में भी देखने को मिला। मौसम विभाग के वैज्ञानिक एके सिंह के अनुसार, पश्चिमी विक्षोभ का असर कोहरे और धुंध के रूप में देखने को मिल रहा है। फिलहाल कोहरे और धुंध के बीच तापमान और भी नीचे जा सकता है।





राजधानी में पड़ रही कड़ाके की ठंड, कोहरे और गलन से लोगों का बुरा हाल है, लोग इससे बचने को तरह-तरह के तरीके अपना रहे हैं। इसी क्रम में हजरतगंज क्षेत्र में मंगलवार को ठंड के बीच गंतव्य को जातीं युवतियां व चारबाग रेलवे स्टेशन के पास ठंड से बचने के लिए अलाव का सहारा लेते लोग। अमृत विचार

- शीत लहर के बीच दिन में निकल रही हल्की धूप भी नहीं दे रही राहत
- सर्द हवाओं की वजह से नहीं बन पा रही राहत की स्थिति

**दृश्यता पर असर:** मंगलवार सुबह लखनऊ और आसपास के क्षेत्रों में कोहरे के कारण दृश्यता 20 मीटर से लेकर 50 मीटर तक दर्ज की गई। मौसम विभाग ने आगामी दिनों में दृश्यता को लेकर सुधार की संभावनाएं जताई हैं। मौसम विभाग की मानें तो फिलहाल पश्चिमी विक्षोभ का असर ही मौसम को सुधरने नहीं दे रहा है। पुरवा हवा अगर चलने लगेगी तो दिन के तापमान में राहत मिल सकती है। लेकिन यह राहत अस्थायी होगी। क्योंकि शीत लहर का कहर जारी रहने की संभावनाएं बनी हुई हैं।

### लखनऊ में हवा की स्थिति हुई और खराब

| स्थान | स्थिति (एक्यूआई) |
|---|---|
| बीबीएयू | खराब – 185 |
| सेण्ट्रल स्कूल | खराब – 184 |
| चारबाग | खराब – 181 |
| गोमतीनगर | खराब – 183 |
| मवइया | खराब – 182 |
| कुकरैल | खराब – 179 |
| लालबाग | खराब – 183 |
| निशांतगंज | खराब – 179 |
| तालकटोरा | खराब – 184 |
| विजय खण्ड | खराब – 165 |

**खेती-किसानी पर भी असर :** बिगड़े मौसम का असर ग्रामीण क्षेत्रों में खेती-किसानी पर भी पड़ रहा है। मौसम विभाग के वैज्ञानिकों के अनुसार गेहूं, आलू, सरसों और अन्य रबी की फसलों पर खराब मौसम असर डाल रहा है। इसके अत्याधिक प्रभाव से फसलों पर असर पड़ सकता है।

### कोहरे की वजह से आंखों को पहुंच रहा नुकसान

**अमृत विचार, लखनऊ :** आमतौर पर सर्दियों का मौसम स्वास्थ्य को लेकर अच्छा माना जाता है। डॉक्टरों की मानें तो इसे हेल्दी सीजन भी कहा जाता है, लेकिन सर्द मौसम में पड़ने वाला कोहरा आंखों के लिए मुसीबत बना हुआ है। कोहरे की वजह से लोगों को आंखों में एलर्जी की दिक्कत हो रही है। मरीजों को आंखों में लालिमा, पानी आना, खुजली होना, चुभन, दर्द और सूजन संबंधी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। शहर के सरकारी अस्पतालों में ऐसे मरीजों की संख्या 20 फीसदी तक बढ़ी है। चिकित्सक लोगों को कोहरे से आंखों को बचाकर रखने की सलाह दे रहे हैं। हजरतगंज स्थित डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी (सिविल) अस्पताल के नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. रमेश चंद्र गुप्ता ने बताया कि इन दिनों पूरा शहर कड़ाके की ठंड व कोहरे की चपेट में है। कोहरे के कारण आंखों के लाल होने, खुजली, पानी आना, सूजन, दर्द और चुभन संबंधी शिकायतें बढ़ गई हैं। इसमें सबसे ज्यादा प्रभावित ग्रामीण क्षेत्र के लोग हैं। इसकी वजह यह है कि यह लोग अलाव अधिक समय तक तापते हैं। लिहाजा निकलने वाला धुंआ आंखों को नुकसान पहुंचा रहा है। वहीं, बलरामपुर अस्पताल के नेत्र सर्जन डॉ. संजीव गुप्ता ने बताया कि ठंड की वजह से लोगों को आंखों में कई तरह की दिक्कतें हो रही हैं। ऐसे में लोगों को सलाह दी जाती है कि वे बिना चिकित्सक की सलाह के आंखों में आई ड्रॉप न डाले, जरूरी होने पर ही बाहर निकले। एलर्जी होने पर आंखों को साफ पानी से धुलते रहे। आंखों को मसलना नहीं चाहिए। डॉक्टर को जरूर दिखा लें। बाहर निकलने पर चश्मा लगाएं।

# आठ उड़ानें रद, कई ने विलंब से भरी उड़ान, यात्री परेशान

संवाददाता, सरोजनीनगर/लखनऊ

**अमृत विचार :** खराब मौसम की वजह से लोगों का ही नहीं, परिवहन सेवाओं का भी बुरा हाल है। कोहरे की वजह से मंगलवार को आठ उड़ानें रद करनी पड़ीं। जबकि एक दर्जन से अधिक विमान समय से उड़ान नहीं भर सके। हवाई सेवाएं प्रभावित होने के कारण यात्रियों को काफी परेशानी हो रही है। उन्हें हवाई अड्डे पर घंटों प्रतीक्षा करनी पड़ रही है।

मुंबई से लखनऊ आने वाली इंडिगो एयरलाइंस की उड़ान संख्या 6ई 5264 रद कर दी गई। इंदौर से लखनऊ आने वाली इंडिगो एयरलाइंस की उड़ान संख्या 6ई 7127, इलाहाबाद से लखनऊ आने वाली इंडिगो एयरलाइंस की उड़ान संख्या 6ई 7936, दिल्ली से लखनऊ आने वाली इंडिगो एयरलाइंस की उड़ान संख्या 6ई 2376 रद कर दी गई। जबकि लखनऊ से दिल्ली जाने वाली एयर इंडिया एक्सप्रेस की उड़ान संख्या आईएक्स 2773 रद कर दी गई। इसके अलावा लखनऊ से इलाहाबाद जाने वाली इंडिगो एयरलाइंस की उड़ान संख्या 6ई7935, लखनऊ से वाराणसी जाने वाली इंडिगो एयरलाइंस की उड़ान संख्या 6ई 7741 और लखनऊ से दिल्ली जाने वाली इंडिगो एयरलाइंस की उड़ान संख्या 6ई 5072 को रद किया गया। जबकि बेंगलुरु से लखनऊ आने वाली इंडिगो एयरलाइंस की उड़ान संख्या 6ई 6353 अपने निर्धारित समय 8:35 के बजाय 9:40 पर पहुंची। वहीं अहमदाबाद से लखनऊ आने वाली इंडिगो एयरलाइंस की उड़ान संख्या 6ई 6244 अपने निर्धारित समय सुबह 10:25 के बजाय 11:59 पर पहुंची।



जद्दा से लखनऊ आने वाली सऊदी एयरलाइंस की उड़ान संख्या एसवी 890 सुबह 10:30 के बजाय 12:30 पर पहुंची। दुबई से लखनऊ आने वाली फ्लाई दुबई की उड़ान संख्या एफजेड 443 सुबह 10:50 के बजाय 12:07 पर पहुंची। अहमदाबाद से लखनऊ आने वाली इंडिगो एयरलाइंस की उड़ान संख्या 6ई 277 अपने दोपहर 12:00 बजे के बजाय 1:17 पर पहुंची। दिल्ली से लखनऊ आने वाली एयर इंडिया की उड़ान संख्या एआई 431 दोपहर 1:30 के बजाय 2:40 से पहुंची। मस्कट से लखनऊ आने वाली ओमान एयर की उड़ान संख्या डब्ल्यूवाई 261 दोपहर 1:55 के बजाय 2:51 पर पहुंची। दिल्ली से लखनऊ आने वाली इंडिगो एयरलाइंस की उड़ान संख्या 6ई 6282 दोपहर 2:00 बजे के बजाय 3:19 पर पहुंची।

# 8वीं तक के स्कूलों में 18 तक अवकाश

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- शीत लहर और ठंड के कारण डीएम सूर्यपाल गंगवार ने दिया आदेश
- विद्यार्थियों की यूनीफार्म पहनने की बाध्यता को किया खत्म

**अमृत विचार :** शीत लहर और ठंड के प्रकोप को देखते हुए डीएम सूर्यपाल गंगवार ने प्री प्राइमरी से कक्षा आठ तक के सभी स्कूलों में एक बार फिर अवकाश बढ़ा दिया है। डीएम ने कक्षा आठ तक के सभी स्कूलों में 18 जनवरी तक अवकाश घोषित किया है।

डीएम ने कक्षा 9 से 12 के विद्यार्थियों के लिए सुबह 10 बजे से अपराह्न 3 बजे तक कक्षाएं संचालित करने का आदेश दिया है। डीएम ने आदेश दिया है कि विद्यार्थियों को ठंड के प्रकोप से बचाने की पूरी जिम्मेदारी स्कूल प्रबंधन की होगी। कक्षा में तापमान सामान्य बनाए रखने के लिए हीटर आदि का प्रयोग करने के निर्देश भी दिए हैं। साथ ही विद्यार्थियों को खुले में नहीं बैठाया जाएगा। विद्यार्थियों के लिए यूनीफार्म पहनने की बाध्यता को समाप्त कर दिया है। विद्यार्थी ठंड से बचाव करने वाले कपड़े पहनकर स्कूल जा सकते हैं। उन्होंने आदेश में कहा है कि संभव हो तो ऑनलाइन कक्षाएं संचालित की जाएं। यूपी बोर्ड, सीबीएसई और आईसीएसई सहित सभी स्कूलों को आदेश का कड़ाई से पालन करने को कहा गया है।

# होटल व रेस्टोरेंट के भूखंड खरीदने के लिए निवेशकों ने दिखाई दिलचस्पी

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

**अमृत विचार :** लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष डॉ. इन्द्रमणि त्रिपाठी ने मंगलवार को प्राधिकरण की व्यावसायिक सम्पत्तियों के निस्तारण के सम्बंध में निजी विकासकर्ताओं समेत अन्य निवेशकों के साथ बैठक की। इस दौरान होटल व रेस्टोरेंट खोलने के लिए निवेशकों ने गोमती नगर विस्तार, सीबीडी योजना के अंतर्गत फाइन डाइन स्ट्रीट के भूखण्डों में दिलचस्पी दिखाई।

उपाध्यक्ष ने निवेशकों को बताया कि इकाना क्रिकेट स्टेडियम व पलासियो मॉल के पास विकसित की गयी फाइन डाइन स्ट्रीट में 1,200 से 2,766 वर्गमीटर क्षेत्रफल के कुल 14 भूखण्ड उपलब्ध हैं। इन भूखण्डों की आरक्षित दर 86,250 से लेकर 95,000 रुपये प्रति वर्गमीटर है। उन्होंने बताया कि यहां निर्माण के लिए 3.00 का एफएआर मिलेगा। किसी भी एक तल पर रेस्टोरेंट की अनुमति के साथ अन्य तलों पर नियमानुसार व्यावसायिक उपयोग की छूट रहेगी। उन्होंने ई-नीलामी में लगाये गए अन्य व्यावसायिक भूखण्डों का भी जानकारी दी। उपाध्यक्ष ने कहा कि ई-नीलामी में बोली लगाने वाले निवेशकों को भूखण्डों पर निर्माण कराने के लिए मानचित्र स्वीकृत कराने में परेशानी नहीं आएगी। सिंगल विन्डो सिस्टम के तहत शीर्ष प्राथमिकता के आधार पर समस्या का निस्तारण कराया जाएगा। उन्होंने ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के अंतर्गत निवेश का प्रस्ताव देने वाले निजी विकासकर्ताओं से वार्ता की।

- इकाना स्टेडियम के पास विकसित फाइन डाइन स्ट्रीट में 14 भूखंड उपलब्ध

बैठक में अपर सचिव ज्ञानेन्द्र वर्मा, संयुक्त सचिव सुशील प्रताप सिंह, अधिशासी अभियंता मनोज सागर समेत अन्य अधिकारी व निवेशक उपस्थित रहे।

### मॉल, स्कूल, नर्सिंग होम व मिश्रित भू-उपयोग के भूखण्ड शामिल

अपर सचिव ज्ञानेन्द्र वर्मा ने बताया कि प्राधिकरण ने इस बार ई-नीलामी में विभिन्न तरह के व्यावसायिक भूखण्ड लगाये हैं। इसमें शॉपिंग मॉल, ग्रुप हाउसिंग, होटल, नर्सिंग होम, स्कूल, पेट्रोल पम्प व सीएनजी फिलिंग स्टेशन, सिटी क्लब, फैसेल्टीज, लोकल शॉप व मिश्रित भू-उपयोग आदि के भूखण्ड शामिल हैं। इसके अलावा गोमती नगर विस्तार योजना में स्थित ग्रीनवुड, कावेरी, अलकनंदा व वनस्थली के फ्लैट्स भी ई-नीलामी के माध्यम से खरीदे जा सकते हैं।

CMS is GUINNESS WORLD RECORD HOLDER WORLD'S LARGEST SCHOOL

UNESCO — CMS is Recipient of the year 2002 - UNESCO Prize for Peace Education for US $30,000

# Wanted teachers for CMS

(City Montessori School gives the highest salaries and the best results)

CMS is: NGO of United Nations

CMS CITY MONTESSORI SCHOOL

## CMS requires from 1st July 2024 highly fluent, trained and experienced English Medium lady teachers/staff for the following subjects:

TEACHING - **Pre-primary:** All Subjects; **Primary:** All Subjects and Computer; **Junior:** English, History, Science, Mathematics, Geography, Hindi & Computer; **ICSE** - English, History, Mathmatics, Chemistry, Physics and Geography; **ISC:** English, Economics, Hindi, Psychology, Legal Studies & Media Studies; Others (Teaching): Art, Music, P.E.T and Dance; Others (Non-Teaching): Computer Lab Assistant, Care Taker, Librarian, ERP Coordinator, Clerk and Transport Coordinator; CAMBRIDGE SECTION: Outstanding teachers also wanted for newly opened Cambridge International sections at **CMS Aliganj Campus I, CMS Rajajipuram Campus I** and **CMS Gomti Nagar Extension**.

**Application form may be filled online at: http://www.cmseducation.org/careers or scan the QR code given here. Only Trained English Medium Lady candidates may apply for teaching posts. Last date for submission of the form is 15 February, 2024. Only short-listed candidates will be contacted. Vacancies may arise for other subjects. Scan QR code for updates, details and to apply online.**

### CMS Salaries of trained new teachers from 1st July 2024 are higher than the 7th Pay Commission

| Sl. No. | Designation | Basic pay as per 7th Pay Commission (₹ per month) | CMS will give 50% DA from 1st July 2024 (₹ per month) | Fixed Govt. House Rent Allowance (HRA) (₹ per month) | Total expected Monthly Govt. pay from 1st July 2024 (₹ per month) | CMS teachers' pay from 1st July 2024: CMS new (starting) teachers' pay (₹ per month) | CMS teachers' pay from 1st July 2024: CMS existing teachers highest pay (₹ per month) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | (a) | (b) | (c) | (d) | (e = b+c+d) | (f) | (g) |
| 1. | Superior Principal | 78,800 | 39,400 | 8,960 | 1,27,160 | ₹ 4,60,000 | ₹ 4,80,613 |
| 2. | Principal ISC College | 78,800 | 39,400 | 8,960 | 1,27,160 | ₹ 2,75,544 | ₹ 3,59,387 |
| 3. | Principal ICSE | 56,100 | 28,050 | 6,300 | 90,450 | ₹ 2,25,418 | ₹ 2,55,690 |
| 4. | Principal Junior Section | 47,600 | 23,800 | 5,620 | 77,020 | ₹ 1,66,368 | ₹ 1,86,240 |
| 5. | Principal Pre/Primary | 44,900 | 22,450 | 5,520 | 72,870 | ₹ 1,34,842 | ₹ 1,44,732 |
| 6. | ISC Lecturers | 47,600 | 23,800 | 5,620 | 77,020 | ₹ 81,770 * | ₹ 1,27,420 * |
| 7. | ICSE Teachers | 44,900 | 22,450 | 5,520 | 72,870 | ₹ 76,620 * | ₹ 1,10,270 * |
| 8. | Junior Teachers | 44,900 | 22,450 | 5,520 | 72,870 | ₹ 73,620 # | ₹ 1,07,270 # |
| 9. | Pre-Primary & Primary (Full time Teachers) | 35,400 | 17,700 | 4,040 | 57,140 | ₹ 57,890 # | ₹ 89,290 # |

*including Board Classes allowance & Home visit allowance # Including Home visit allowance

### Additional benefits / allowances to CMS staff

1. (i) **Provident Fund Pension Scheme** (ii) **Group Insurance Scheme** (iii) **Gratuity** and (iv) **ESI Scheme**, are applicable as per Government Rules.
2. **Insurance** against accidents at school cost for Class IV employees.
3. Generous **fee concessions** are given to sons and daughters of CMS Staff.
4. Only ₹ 20/- p.m. tuition fees plus 25% composite fees is charged from wards of CMS confirmed staff and only ₹10/- p.m. from wards of CMS IV class confirmed staff. NOTE: Nearly 1,500 teacher wards and menial wards are studying in CMS and enjoying these heavy concessions.
5. Trained **Part time** teachers are given salaries as per the details mentioned below:-
   (a) Only-Primary : Starting salary ₹ 46,169/- pm#
   Existing highest salary ₹ 69,419/-pm#
   (b) Only-Pre-Primary : Starting salary ₹ 36,413/- pm# ≠
   Existing highest salary ₹ 52,063/- pm# ≠
6. All teachers are paid a Home Visit Allowance of ₹ 750/- pm
7. *Teachers preparing students of Classes 10 and 12 for Council Exam subjects and with 1 year CMS experience in the same capacity are entitled for **Board Classes Allowance** (Full time ISC- ₹ 4,000/- pm and Full time ICSE-₹ 3,000/- pm).

**Note :**

1. After-school Enrichment Classes are arranged for pupils free of charge. Teachers are paid extra for these hours as per school norms.
2. # **Home Visit Allowance:** Every teacher as a teacher-guardian must visit at least 5 children's homes every month to consult parents individually for overall development of each child and for personal counselling of the child and parents, under the CMS Teacher-Guardian Scheme, and will be paid a Home Visit Allowance @ ₹ 750/- per month including conveyance, for such home visits, for each such month in which they are supposed to visit.
3. Approx ₹ **1.50 Crore** prizes (cash and kind) are awarded on Teachers' Day.


≠ Including ₹ 500 pre-primary allowance

### Record Breaking success of CMS pupils in ISC & ICSE 2023

**All 6650 CMS students of class XII & X (i.e. 100%) passed ISC and ICSE Board Exam 2023 with first division marks and above**

**In ISC (Class XII) of 2023, 8 CMS students held All India Rank (AIR) 1 to 3**

Our 1st position holder of India was awarded a cash prize of Rs 2 Lakh while 2nd & 3rd Position Holders of India were awarded cash prize of Rs 1 Lakh each by CMS. **These 8 top-three position holders were also awarded a cash prize of Rs 1 Lakh each by the Chief Minister of Uttar Pradesh.**


MOHD ARYAAN TARIQ, Rajajipuram Campus I, ISC 99.75%, AIR 1, Rs. 3 Lakh


AYESHA KHAN, Gomit Nagar Campus I, ISC 99.50%, AIR 2, Rs. 2 Lakh


ARPITA SINGH, Rajajipuram Campus I, ISC 99.50%, AIR 2, Rs. 2 Lakh


TANISHQ SONKAR, Rajendra Nagar Campus, ISC 99.50%, AIR 2, Rs. 2 Lakh


ABHIDEEP SHIKHAR, Gomit Nagar Campus I, ISC 99.25%, AIR 3, Rs. 2 Lakh


ADITYA YADAV, Gomit Nagar Campus I, ISC 99.25%, AIR 3, Rs. 2 Lakh


SHREYASI GUPTA, Kanpur Road Campus, ISC 99.25%, AIR 3, Rs. 2 Lakh


JANHVI MISHRA, Mahanagar Campus, ISC 99.25%, AIR 3, Rs. 2 Lakh

For more, please visit:

### About 100 CMS pupils are selected yearly in Top Universities abroad, a majority with scholarships. A few are:

$ 3,50,080

Ananya Choudhary, Harvard University, USA, ₹ 2.8 Crore

$ 3,26,000


Prakriti Tandon, Cornell University, USA, ₹ 2.4 Crore

$ 3,25,452

Afsheen Alvi, Cornell University, USA, ₹ 2.4 Crore

$ 2,77,360

Lakshay Sharma, University of Pennsylvania, USA, ₹ 2.08 Crore

$ 2,68,000

Aamish Ahmad Beg, Dartmouth College, USA, ₹ 2 Crore

$ 2,65,000

Alia Abdul Rahim, University of Rochester, USA, ₹ 1.99 Crore

$ 2,52,000

Narayan Srivastava, University of Toronto, Canada, ₹ 2.1 Crore

$ 2,51,932

Deepika Gupta, Cornell University, USA, ₹ 1.86 Crore

CMS also prepares students for outstanding success in the CUET and other competitive exams and olympiads.

### 3 CMS Campuses are affiliated with the Cambridge University's Exam Board

1. **Aliganj Campus I** Mobile No.: 77048-03582
2. **Gomti Nagar Ext. Campus** Mobile No.: 95199-90122
3. **Rajajipuram Campus I** Mobile No.: 91700-09763

CAMBRIDGE International Education — Cambridge International School

www.cmseducation.org/cambridge

### New CMS campuses

**Golf City Campus** Mobile: 73078-31500, 77528-81597

**Ayodhya Road Campus** Mobile: 91511-99916, 91511-99918

**Rajajipuram Campus III** Mobile: 63891-25111, 63891-26111

www.cmseducation.org/admission

For online Admissions, please scan QR Code:

**For further information on CMS, visit website** www.cmseducation.org

— Dr Bharti Gandhi, Founder-Director, CMS
M.Ed., Guidance Psychologist (UP Govt.)

## एक नजर

### गायन प्रतियोगिता का आयोजन

**लखनऊ :** पर्वतीय महापरिषद द्वारा आयोजित द्वि-दिवसीय उत्तरायणी कौथिंग - 2024 का आयोजन भारत रत्न पं. गोविन्द वल्लभ पंत पर्वतीय सांस्कृतिक उपवन गोमती तट पर चल रहा है। कौथिंग प्रतियोगिता के तीसरे दिन गायन प्रतियोगिताएं आयोजित की गयी। प्रतियोगिता में कुल 55 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। एकल वर्ग में प्रथम स्थान कृतिका राज को मिला। द्वितीय स्थान पर अनायषा जैन रहीं। तीसरा स्थान ईवान आनन्द और आध्या शर्मा को मिला। 13 से अधिक आयुवर्ग में प्रथम स्थान पर आरती जायसवाल रहीं। दूसरे स्थान पर फाल्गुनी लोहुमी और तृतीय स्थान नम्रता मिश्रा को मिला। प्रतियोगिता के निर्णायक मण्डल में जीसी बहुगुणा और कैप्टन भावना गुरूरानी रहीं। वहीं प्रतियोगिता देवेन्द्र मिश्रा के देखरेख में संम्पन हुई।

# बीबीएयू के रडार पर प्रदर्शनकारी छात्र

## पिछले दिनों एक छात्र संगठन पर लगा था बाबा साहेब पर टिप्पणी का आरोप

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ **सड़क तक हुआ था हंगामा भारी संख्या में तैनात था पुलिस बल**



**अमृत विचार :** बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय में प्रदर्शनकारी छात्रों पर गाज गिरने की संभावना बढ़ चली है। ऐसा इसलिए, क्योंकि कुलपति के निर्देश पर बनाई गई प्रशासनिक कमेटी ने संयुक्त रूप से अपनी जांच पूरी कर ली है।

सूत्रों का कहना है कि निलंबन की सूची भी तैयार हो गई है, लेकिन चीफ प्रॉक्टर ने इसे स्वीकार नहीं किया है। कहते हैं कि उनका मानना है कि छात्रों ने गलतियां तो की हैं, अगर प्रशासनिक कार्रवाई हो जाएंगी, तो निश्चित रूप से लिया गया निर्णय उनकी परीक्षा पर असर डाल सकता है। फिलहाल जांच पूरी कर ली गई है। उधर सूत्र बताते हैं कि अब कुलपति की सहमति का इंतजार किया जा रहा है।

बीबीएयू में बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर को लेकर बीटेक छात्रों के एक वाट्सएप ग्रुप पर टिप्पणी किए जाने का आरोप लगा था। ऐसे में एक छात्र संगठन की ओर से चीफ प्रॉक्टर संजय कुमार को एक शिकायती पत्र दिया गया। जिसमें वाट्सएप ग्रुप पर लिखी गई टिप्पणी का स्क्रीन शॉट भी संलग्न था। समय बीतने के बाद मामला हल नहीं हुआ तो संगठन भी आक्रामक हो गया। ऐसे में आरोप-प्रत्यारोप के बीच सड़क पर विवाद जैसी स्थिति बन गई। ऐसे में विवि दिवस पर एक छात्र संगठन द्वारा विवि के रजिस्ट्रार अश्विनी सिंह को बाबासाहेब की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित नहीं करने दिया गया। इसी के बाद कुलपति के निर्देश पर जांच के लिए एक कमेटी गठित हुई।

जानकारों की मानें तो वीडियो फुटेज और अन्य साक्ष्यों के आधार पर दोनों संगठनों के कई प्रदर्शनकारी छात्रों को जांच कमेटी के सदस्यों ने उजागर किया। इसमें साक्ष्य भी संलग्न हुए। सूत्रों की मानें तो निलंबन की सूची तैयार कर ली गई है। जिसमें दोनों गुटों के छात्रों के नाम है। हालांकि इस बात को चीफ प्रॉक्टर ने स्वीकार नहीं किया है। वे कहते हैं कि जांच पूरी हो गई है। यदि कोई कार्रवाई होगी तो निश्चित तौर पर उसका असर हो रही परीक्षाओं के माध्यम से छात्रों पर पड़ेगा। फिलहाल जांच को लेकर देर शाम तक परिसर में चर्चाएं जारी रहीं।

## इन्क्युबेशन सेंटर की तैयार हुई रूपरेखा

**लखनऊ :** डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विवि के इनोवेशन हब की ओर से मंगलवार को राष्ट्रीय स्टार्टअप दिवस पर संबद्ध संस्थानों में इन्क्युबेशन सेंटर स्थापना के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया। आयोजित कार्यशाला में विवि से संबद्ध लखनऊ, अयोध्या, बाराबंकी और सीतापुर के संस्थानों के प्रतिनिधियों ने प्रतिभाग किया।

एकेटीयू में आयोजित कार्यक्रम में एसोसिएशन डीन इनोवेशन डॉ. अनुज कुमार शर्मा ने इन्क्युबेशन सेंटर के लिए शासन के सहयोग से चलाई जा रही योजनाओं और वित्तीय सहायता की जानकारी दी। बताया कि इन्क्युबेशन सेंटर के माध्यम से छात्रों के साथ ही स्थानीय इनोवेटर्स को प्रोत्साहित कर स्टार्टअप शुरू कराया जा सकता है। इनोवेशन हब प्रमुख महीप सिंह ने स्टार्टअप पालिसी 2020 की जानकारी साझा की। इस मौके पर इनोवेशन हब मैनेजर वंदना शर्मा और रितेश सक्सेना ने भी अपने अनुभव बताये। कार्यक्रम के दौरान विवि के काफी संख्या में विवि के छात्र भी उपस्थित रहे।

# अब व्यंजन भी तैयार करेंगे एकेटीयू के छात्र

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ **व्यंजनों को तैयार करने के लिए बनाई गई तीन श्रेणियां**

▸▸ **एकेटीयू के छात्रों को दिया जाएगा प्रशिक्षण**

**अमृत विचार :** एकेटीयू के छात्र पढ़ाई के साथ साथ अब अच्छे व्यंजन भी तैयार करेंगे। इसको लेकर विवि जल्द ही प्रशिक्षण कराने जा रहा है। कुलपति का कहना है कि मोटे अनाज से तैयार व्यंजनों को तीन श्रेणियों में सम्मिलित किया गया है।

डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विवि के छात्रों को अतिरिक्त कक्षाओं के रूप में स्वादिष्ट व्यंजन बनाने की रेसिपी भी तैयार कराई जाएगी। इसके लिए मोटा अनाज से तैयार व्यंजनों को तीन श्रेणियों में सम्मिलित किया गया है। विवि के कुलपति प्रोफेसर जेपी पाण्डेय का कहना है कि प्रशिक्षण की पहली श्रेणियों में छात्र सम्मिलित किये जा रहे हैं। ताकि इस क्षेत्र में भी वो संभावनाएं तलाश कर सकें।

एआईसीटीई मिलेट रेसिपी अनलीशिंग टैलेंट अमृत प्रतियोगिता के तहत प्रशिक्षक अपने अनुभव साझा करेंगे। जिसकी रेसिपी सबसे खास और इनोवेटिव होगी। उन्हें प्रशिक्षण के बाद पुरस्कृत भी किया जाएगा। बताते हैं कि इसके बाद शिक्षकों और कर्मचारियों को हिस्सा लेने का आग्रह किया गया है।

### अधिष्ठाता ने जारी किया सर्कुलर

कुलपति प्रो. जेपी पांडेय के निर्देश पर छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. ओपी सिंह ने सर्कुलर जारी किया है। जिसमें प्रतियोगिता के दौरान मिलेट यानी मोटे अनाज से तीन श्रेणियों स्टार्टर, मेन कोर्स और डेजर्ट में अधिकतम चार लोग शामिल हो सकते हैं। टीम की घोषणा 6 फरवरी को होगी।

# एंबेडेड पाठ्यक्रमों के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट साइंसेज (आईएमएस) में कौशल एंबेडेड पाठ्यक्रमों के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन हुआ। क्रिस्प एंड रिटेलर्स एसोसिएशन ऑफ स्टाफ काउंसिल ऑफ इंडिया (आरएएससीआई) के राज्य प्रमुख ने कॉलेजों के संकाय सदस्यों और नोडल अधिकारियों को कौशल एंबेडेड डिग्री कार्यक्रम शुरू करने के लिए प्रेरित किया।



कार्यशाला के दौरान प्रतिभागियों को जानकारी देते विभाग प्रमुख व अन्य। अमृत विचार

आयोजित कार्यक्रम में लविवि के कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय के निर्देशन और आईएमएस की ओएसडी प्रो. विनीता काचर के नेतृत्व में हुआ। कॉलेजों में रिटेल ऑपरेशंस में बैचलर्स प्रोग्राम के लिए अप्रेंटिसशिप एंबेडेड डिग्री प्रोग्राम (एईडीपी) शुरू करने के लिए कॉलेजों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम का आरंभ क्रिस्प एंड रिटेलर्स एसोसिएशन ऑफ स्टाफ काउंसिल ऑफ इंडिया (आरएएससीआई) के प्रमुख बलराज चौहान द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में सम्मिलित समीर नरसापुर ने शिक्षकों को रिटेल संचालन और ऑन-द-जॉब प्रशिक्षण में अप्रेंटिसशिप एंबेडेड डिग्री प्रोग्राम (एईडीपी) शुरू करने के लिए प्रशिक्षित किया।

उन्होंने खुदरा परिचालन में स्नातक कार्यक्रम करने वाले छात्रों के लिए लाभ और कैरियर के अवसरों पर चर्चा की और सुझाव दिए। प्रो. बलराज चौहान ने कॉलेज शिक्षकों को बीबीए (रिटेल) से संबंधित पाठ्यक्रम और ऑन-द-जॉब प्रशिक्षण संभावनाओं के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी। आयोजित कार्यक्रम में नेताजी सुभाष चंद्र बोस, पीजी कॉलेज, करामत कॉलेज, गोयल कॉलेज, गौतम बुद्ध डिग्री कॉलेज, लखनऊ, दीनदयाल उपाध्याय, राजकीय महाविद्यालय सीतापुर, हीरालाल यादव गर्ल्स डिग्री कॉलेज और आईएमएस शामिल रहे।

## एनसीईआरटी की किताबों की छपाई अगले हफ्ते से

**लखनऊ :** जल्द ही कक्षा एक और दो की किताबों की छपाई का कार्य शुरू होने जा रहा है। अगले हफ्ते से छपाई की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। अब कक्षा एक और दो के बच्चों की पढ़ाई अगले सत्र से राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान व प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) की किताबों के द्वारा होगी। बच्चों को यह किताबें निशुल्क प्राप्त होगी और इसके मुद्रण, प्रकाशन संबंधित नीति को मंजूरी मिल गई हैं।

पाठ्य पुस्तक एनसीईआरटी देख रहे अधिकारी माधव तिवारी ने बताया कि शासन का आदेश प्राप्त हो गया है और इस पर कार्य भी तेजी से शुरू हो गया है। अगले हफ्ते से किताबों की छपाई का कार्य शुरू हो जाएगा। जिससे कि नए सत्र में कक्षा एक एवं दो के बच्चों को समय से किताबें उपलब्ध हो सकें।

# 40 महिलाओं को मिला रोजगार

## राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में कैंपस ड्राइव का आयोजन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में कैंपस ड्राइव का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में निजी कंपनियों के काउंसलरों ने महिला अभ्यर्थियों से बातचीत करते हुए उन्हें रोजगार के अवसर प्रदान किये। चयनित 40 महिलाओं के साथ तमाम सी सूचनाएं भी साझा की गईं।


आईटीआई में कैंपस ड्राइव के दौरान उपस्थित अभ्यर्थी व कंपनी के काउंसलर।

राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में कैंपस ड्राइव कार्यक्रम का उद्घाटन लखनऊ मण्डल के संयुक्त निदेशक सत्यकांत द्वारा किया गया। निजी कंपनी ने कार्यक्रम में शामिल महिला अभ्यर्थियों से साक्षात्कार किया। काउंसलरों ने तकनीकी जानकारी लेकर चयन प्रक्रिया आरंभ की, जो दोपहर बाद तक चली। सायं पूर्व कुल 40 महिलाओं को चयनित किया गया। रोजगार चयन के दौरान उनके बीच तमाम सी सूचनाएं भी साझा की गईं।

▸▸ **संयुक्त निदेशक ने किया कार्यक्रम का उद्घाटन**

ट्रेनिंग काउंसलिंग एण्ड प्लेसमेण्ट ऑफीसर एमए खॉ ने बताया कि आयोजित कार्यक्रम में 40 महिला अभ्यर्थियों को चयनित किया गया है। इन्हें जॉब से संबंधित तमाम सी जानकारियां दे दी गई हैं। किसी कारणवश कोई अभ्यर्थी यदि इस चयन प्रक्रिया का अंग नहीं बन सका है, तो 25 जनवरी को दूसरे कैंपस ड्राइव में शामिल हो सकता है।

### इन्हें भी मिलेगा अवसर

ट्रेनिंग काउंसलिंग एण्ड प्लेसमेण्ट ऑफीसर एमए खॉ ने बताया कि जो महिला अभ्यर्थी 12 वीं पीसीएस अथवा 12 वीं पीसीबी परीक्षा 40 प्रतिशत अंकों से उत्तीर्ण कर चुकी हैं। उनको भी कंपनी रोजगार के अवसर प्रदान करेगी। आईटीआई पास महिला अभ्यर्थियों को कंपनी प्राथमिकता के आधार पर चयन प्रक्रिया में सम्मिलित करेगी।

## सार-संक्षेप

### शिक्षिका को मिला रिलायन्स फाउण्डेशन टीचर अवॉर्ड

**अमृत विचार, लखनऊ :** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, अशर्फाबाद कैम्पस की शिक्षिका शहाना हुसैन को शिक्षण पद्धति में योगदान के लिए रिलायन्स फाउण्डेशन टीचर अवॉर्ड दिया गया। शहाना ने सेंटा टीचिंग प्रोफेशनल्स ओलम्पियाड में अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शन कर यह सम्मान अर्जित किया है। मुख्य जन-सम्पर्क अधिकारी हरि ओम शर्मा ने बताया कि शहाना ने वर्तमान दौर में छात्रों की क्षमताओं को समझते हुए अपनी शिक्षण पद्धति में सृजनात्मकता व नवीनता को प्रमुखता से अपनाया है और नवीनतम तकनीकों का उपयोग कर 'टीचिंग-लर्निंग' के उच्चस्तरीय मानक स्थापित करने में उल्लेखनीय भूमिका निभाई है। प्रेसीडेन्ट प्रो. गीता गांधी किंगडन ने उनकी सफलता के लिए हार्दिक बधाई दी है।


शिक्षिका शहाना

### राजीव मिश्रा बने जनसंघ के जिला अध्यक्ष

**अमृत विचार, लखनऊ :** अखिल भारतीय जनसंघ के प्रदेश अध्यक्ष कुलदीप पांडे ने राजधानी लखनऊ के रहने वाले राजीव कुमार मिश्रा को अखिल भारतीय जन संघ का लखनऊ जिला अध्यक्ष मनोनीत किया है। मनोनयन पर प्रदेश अध्यक्ष कुलदीप पाण्डेय ने कहा कि जनसंघ के प्रति निष्ठा और समर्पण एवं सेवा को देखते हुए सर्वसम्मति से आपको जिला अध्यक्ष बनाया गया है। हम उम्मीद करते हैं कि राजीव जी जनसंघ के विचारों को आम जनता तक पहुंचाने में एक सशक्त माध्यम बनेंगे। जन संघ के जिला अध्यक्ष बनने पर प्रदेश इकाई एवं जनपद स्तर के तमाम पदाधिकारियों ने हर्ष जताया है। जिसमे आशीष मिश्रा, महेश मिश्रा, सुरेंद्र मौर्य, भूपेश दुबे, महेश पांडे, सौरभ श्री वास्तव, गोपाल तिवारी आदि लोगों ने राजीव मिश्रा के मनोनयन पर प्रदेश अध्यक्ष को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए उन्हें बधाई दी।

### लविवि के छात्रों को मिलेंगे रोजगार के अवसर

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विवि के अभियांत्रिकी एवं तकनीकी संकाय का प्लेसमेंट सेल निजी कंपनियों की मदद से प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन करने जा रहा है। प्लेसमेंट प्रभारी डा. हिमांशु पांडेय ने बताया कि निजी कंपनियों में प्रतिवर्ष के पैकेज के लिए बीबीए, बीसीए, बीकॉम, बीए, बीएचएम, बीजेएमसी और बीएससी संकाय के छात्रों को शामिल किया गया है। निजी कंपनियों द्वारा की गई चयन प्रक्रिया विवि परिसर में 30 एवं 31 जनवरी को आयोजित की जा रही है। कम्पनियों में आवेदन करने की अन्तिम तिथि 18 जनवरी घोषित की गई है।

### जरूरतमंदों को बांटे गए गर्म कपड़े

**अमृत विचार, लखनऊ :** भारतीय एकता समिति द्वारा जरूरतमंद लोगों को गर्म कपडे. वितरित किये गये। समिति के अध्यक्ष रवीन्द्र सिंह बिश्ट ने बताया कि भारतीय एकता समिति सदैव सामाजिक कार्यो के लिए तत्पर रहती है। इस बार भी जरूरतमंदों को गर्म कपड़े वितरित किये गए। इस अवसर पर हरपाल सिंह, चन्द्रशेखर तिवारी, गोपाल गैलाकोटी, नवीन बिश्ट, अनामिका बिश्ट, पूनम मेहरा, प्रियंका सिंह, ललित सिह सहित अन्य उपस्थित रहे।

### महंगाई और बेरोजगारी पर सरकार नाकाम : कांग्रेस

**अमृत विचार, लखनऊ :** कांग्रेस श्रम प्रकोष्ठ के चेयरमैन नरेन्द्र त्रिपाठी ने राहुल गांधी की न्याय यात्रा को एक नया नाम न्याय की हुंकार दिया है। उन्होंने कहा कि इस यात्रा को न्याय की हुंकार यात्रा के रूप में जानने की जरूरत हैं। देश महंगाई और बेरोजगारी से जूझ रहा है। लेकिन केंद्र सरकार नफरत की राजनीति कर देश को तबाह कर रहें है। चेयरमैन ने कहा कि न्याय की हुंकार के रूप में देशभर में हो रहे अन्याय के विरुद्ध भारत जोड़ो न्याय यात्रा की शुरूआत हुई है। इस नफरत की राजनीति के कारण देश की जनता घोर सामाजिक, आर्थिक और राजनैतिक अन्याय झेल रही है। इस न्याय यात्रा के माध्यम से जनता में सद्भाव और मोहब्बत के रास्ते उनके दिल में जगह लेंगे। न्याय यात्रा के द्वारा लोगों में जो आशा की उम्मीद जगी है। वह लोकसभा चुनाव में दिखाई देगा। सरकार की नीतियों से परेशान जनता अपना जवाब लोकसभा के चुनाव में वोट करके देगी।

### आईपीआरके की जीत में मान सिंह के पांच विकेट

**अमृत विचार, लखनऊ :** मैन ऑफ द मैच मान सिंह यादव (5 विकेट) की फिरकी गेंदबाजी से आईपीआरके क्लब ने द्वितीय तारा देवी मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट के पहले मैच में ईगल क्रिकेट क्लब को आठ विकेट से हराते हुए जीत से शुरुआत की। गियर क्रिकेट ग्राउंड पर ईगल क्लब ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया, लेकिन टीम निर्धारित 40 ओवर के मैच में 27.1 ओवर में 100 रन पर ऑल आउट हो गयी। सलामी बल्लेबाज अभिनव शुक्ला (40) व शिवेंद्र शुक्ला (22) ने पारी की शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 58 रन जोड़े। जवाब में आईपीआरके ने 12.3 ओवर में दो विकेट पर 101 रन बनाकर मैच जीत लिया।

### काशीश्वर इंटर कॉलेज में पत्रिका का विमोचन

**अमृत विचार, मोहनलालगंज :** मोहनलालगंज के काशीश्वर इंटर कॉलेज में निर्झारिणी पत्रिका का विमोचन भाजपा के जिला उपाध्यक्ष व ब्लॉक प्रमुख मोहनलालगंज ओम प्रकाश शुक्ल (विंधेश्वरी) और उप शिक्षा निदेशक षष्ट मंडल लखनऊ रेखा दिवाकर द्वारा किया गया। विमोचन के बाद ब्लॉक प्रमुख ओम प्रकाश शुक्ल ने मां सरस्वती का जयकारा लगवाते हुए बच्चों को अनुशासन का पाठ पढ़ाया। इस अवसर पर कवि आर.पी. द्विवेदी (प्रलयंकर) व कवियत्री वत्सला पांडेय सहित अन्य कवियों द्वारा शिक्षक कवि सम्मेलन के अंतर्गत कविताएं प्रस्तुत की गई।

## काव्य पाठ से रोशन हुआ उप्र. महोत्सव

**लखनऊ :** 8वें उप्र. महोत्सव में एन्टी क्राइम एन्टी करप्शन ट्रस्ट के सांस्कृतिक प्रकोष्ठ गंधर्व सांस्कृतिक कला मंच द्वारा सामाजिक सेवा रत्न सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राजनैतिक विश्लेषक दिलीप यशवर्धन रहे। विशिष्ट अतिथि आईपीएस आलोक श्रीवास्तव और चन्दन सिंह ने कार्यक्रम की शुरुआत की।

कार्यक्रम के दौरान संस्था के अध्यक्ष शैलेन्द्र मोहन ने संगठन के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम में संगठन के धूमसिंह रावत, शैलेश श्रीवास्तव, मंजूषा श्रीवास्तव, अलका मिश्रा, राज ऋषि शर्मा, रामजीत कनौजिया, मिमिक्री कलाकार अमित कुमार, दबीर सिद्दीकी आदि को सम्मानित किया गया।

# 262 छात्रों ने छोड़ी लखनऊ विश्वविद्यालय की परीक्षा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ **दो पालियों में आयोजित की जा रही हैं परीक्षाएं**

**अमृत विचार :** लखनऊ विश्वविद्यालय और उससे संबद्ध महाविद्यालयों में आयोजित परीक्षा के दौरान 262 परीक्षार्थियों ने अपनी परीक्षाएं छोड़ दीं। ऐसे में विवि की ओर अनुपस्थित को लेकर मंथन किया गया है। उधर विवि द्वारा आयोजित की जा रही परीक्षाओं में दूसरे दिन भी नकलविहीन परीक्षा आयोजित हुई।

लविवि की ओर से मंगलवार को भी परीक्षाएं आयोजित हुई। पहली पॉली में आयोजित परीक्षा में 103 छात्र अनुपस्थित रहे। वहीं छात्राओं द्वारा परीक्षा छोड़ने की संख्या छात्रों की अपेक्षा अधिक रही। कुल 126 छात्रों ने परीक्षा छोड़ी। उधर दूसरी पाली में छात्रों की संख्या 18 रही। वहीं 15 छात्राएं भी अनुपस्थित रहीं। कुल परीक्षाओं में अनुपस्थित छात्रों की संख्या 262 रही।

परीक्षा नियंत्रक का कहना है कि दोनों पालियों में आयोजित होने वाली परीक्षाएं नकलविहीन रहीं। कोई भी छात्र अनुचित साधन के साथ नहीं मिला। परिसर और कक्ष में सीसीटीवी के माध्यम से भी नजर रखी जा रही है।

## हैप्पी थिंकिंग लेबोरेटरी में वाद-संवाद

**लखनऊ :** लखनऊ विवि में काउंसलिंग एण्ड गाइडेंस सेल के माध्यम से हैप्पी थिंकिंग लेबोरेटरी में वाद- संवाद का आयोजन किया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में लोक भारती के राष्ट्रीय संगठन मंत्री सम्मिलित हुए।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि की भूमिका में लोक भारती के राष्ट्रीय संगठन मंत्री बृजेंद्र पाल सिंह के रूप में सम्मिलित हुए। लोक भारती टीम सदस्य गोपाल ने विषय प्रस्तुत किया। प्रकृति पर विभिन्न दृष्टिकोणों पर चर्चा की गई। उन्होंने प्रकृति का पोषण करने और उसे और अधिक नुकसान न पहुंचाने के तरीके खोजने के अभ्यास पर ध्यान केंद्रित किया। जल निकायों के संरक्षण और मंगल वाटिका, जिसमें पंच वाटिका, पंच पल्लव, हरि शंकरी, स्वावलंबन वाटिका विषयों पर बल दिया गया।। ऐसे में वक्ताओं और छात्रों के बीच प्रश्न उत्तर सत्र आयोजित किया गया। प्रोफेसर एम प्रधान और डॉ. वैशाली सक्सेना ने भी सत्र के अपने अनुभव दर्शकों के साथ साझा किए गए।

# समाचार पत्र वितरकों को बांटा कंबल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** समस्त डिपो समाचार पत्र वितरक सेवा समिति के तत्वाधान में मंगलवार को लखनऊ लायंस क्लब के सहयोग से समाचार पत्र वितरकों को कंबल का वितरण किया गया।



निशुल्क कंबल वितरण कार्यक्रम के दौरान लखनऊ लायंस क्लब के पदाधिकारी।

मुख्य अतिथि स्वामी सारंग और विशिष्ट अतिथि सर्व समाज उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष आसिम मार्शल ने समाचार पत्र वितरकों को कंबल बाटे। कार्यक्रम में प्रमुख लोगो में समिति के महामंत्री और चौक डिपो के अध्यक्ष प्रदीप कुमार वर्मा, कैसरबाग डिपो के अध्यक्ष मुरारी यादव, सरवन चौधरी, पारा डिपो के अध्यक्ष संदीप पाल ने अपने डिपो पर भी कंबल बांटा गया। आचार्य राजेश शुक्ला, बासुदेव पाल अंकुर दीक्षित, गोपाल नाथ शर्मा, हुसैनाबाद व्यापार मंडल के परभरी जमील अहमद, टूरियागंज के व्यापारी खुबैब अहमद, फैसल कुरैशी, आलमबाग के प्रभारी जमाल अख्तर, लुबना असीम अध्यक्ष अखिल भारतीय अल्पसंख्यक मोर्चा, व्यापार मंडल की प्रदेश उपाध्यक्ष सबीहा मार्शल, सतीश चौरसिया के साथ चौक और कैसरबाग के समस्त वितरक मौजूद रहे। कंबल पाकर समाचार पत्र वितरकों में खुशी थी।

**कार्यक्रम** पुनर्वास विवि में हुआ चिकित्सा शिविर का आयोजन

# मेदांता के चिकित्सकों ने टोही सेहत की नब्ज

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विवि में चिकित्सा शिविर का आयोजन हुआ। आयोजित शिविर में मेदांता के चिकित्सकों के अलावा इस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एण्ड टेक्नालॉजी की टीम भी सम्मिलित हुई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित विवि के कुलपति प्रो. राणा कृष्ण पाल ने छात्रों को प्रोत्साहित किया।


शिविर का उद्घाटन करते विवि के कुलपति प्रो. राणा कृष्ण पाल, साथ में अन्य।

पुनर्वास विवि में मंगलवार को चिकित्सा शिविर में मेदांता के चिकित्सक डॉ. अनिल चौधरी और डॉ. शशांक शर्मा सम्मिलित हुए। इनके साथ इस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एण्ड टेक्नालॉजी के प्रो चंद्र कुमार दीक्षित भी थे। कार्यक्रम का आरंभ विवि के कुलपति प्रो. राणा कृष्ण पाल सिंह द्वारा फीता काट कर किया गया। कुलपति ने छात्रहित से जुड़े कार्यक्रमों को समय - समय पर आयोजित कराने के लिए पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया।

विवि के कुलसचिव रोहित सिंह ने मेदांता अस्पताल, चिकित्सा टीम और संस्थान के शिक्षकों को चिकित्सा शिविर आयोजित करने के लिए बधाई दी। शिविर के दौरान संस्थान की डॉ. अर्चना अवस्थी, डॉ. राकेश वर्मा, डॉ.अंजनी कुमार पांडेय, डॉ. शेखर यादव, डॉ. विवेकानंद शुक्ला, अनिल गौर, डॉ. आकाश सिंह, डॉ. हरेंद्र वर्मा और विकास चौबे और मेदांता की नर्सिंग स्टाफ प्रियंका सिंह, प्रिया तिवारी और सौम्य तिवारी उपस्थित रहे।

सभी प्रकार के रोगों का समाधान आयुर्वेद द्वारा
सैक्स समस्याएं!!

मर्दाना कमजोरी, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष
सेक्स में कमी, नि:सन्तान दम्पति अवश्य मिलें
प्रात: 10 बजे से सायं 07 बजे तक
सेक्स वर्धक दवाओं का उपयोग न करें ये दवाएं लाईलाज कर सकती है।
राना डिस्पेंसरी
9919792325
9415810891
हुसैनगंज चौराहे से लालकुँआ रोड, (पुल के पास) लखनऊ

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि हमारी फर्म मेसर्स नरेन्द्र कुमार गुप्ता का नाम परिवर्तित होकर एन0 के0 जी0 इन्फ्रा हो गया है। भविष्य में हमारी फर्म को एन, के, जी इन्फ्रा पढा जाए। **— पार्टनर, आयुष गुप्ता**

**सूचना**

सूचित हो कि मेरे कुछ कागजातों पर मेरा नाम त्रुटिवश मेरा नाम हुजेफा (HUZAIFA) पुत्र आसिम हसन खान दर्ज है। जबकि मेरा सही नाम हुज़ैफा हसन खान पुत्र आसिम हसन खान (HUZAIFA HASAN KHAN S/O ASIM HASAN KHAN) है, जो कि मेरे आधार कार्ड पर दर्ज है। अत: मुझे इसी नाम से जाना पहचाना व पढ़ा/लिखा जाये। **हुज़ैफा हसन खान पुत्र आसिम खान निवासी मोहल्ला मिर्जागंज कस्बा व परगना व तहसील मलिहाबाद जनपद लखनऊ।**

**सूचना**

सचित किया जाता है कि मैने अपना नाम मोहम्मद इराफान से बदलकर मोहम्मद इरफान (Mohd Irfan) रख लिया है। अब मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। **मोहम्मद इरफान** (Mohd Irfan) **पुत्र श्री फारुक** (FARUK) **निवासी—करीमउल्लापुर पो0—बेहटा नवाबगंज, बाराबंकी।**

**सूचना**

सूचित हो कि मेरा हाईस्कूल वर्ष 2007 अनुक्रमांक 2792928 व इंटरमीडिएट वर्ष 2009 अनुक्रमांक 1965586 का अंक व प्रमाणपत्र वास्तव में खो गया है। **—डॉली शर्मा पुत्री अरुण कुमार शर्मा, पता इमरती चौराहा, कटरा कोतवाली के पास, गनेशगंज, मीरजापुर (उ.प्र.)**

**कार्यालय: अधिशासी अभियन्ता जोन-2, ऐशबाग, जलकल विभाग, नगर निगम, लखनऊ**

पत्रांक: 1801/ई0ई0—2/एल0जे0एस0 दिनांक: 15/01/2024

**अल्प कालीन निविदा—सूचना**

निम्नलिखित कार्य/आपूर्ति हेतु अनुभवी ठेकेदारो से मोहरबन्द निविदा दि0 23/01/2024 को अपरान्ह 3.00 बजे तक अधोहस्ताक्षरी द्वारा आमंत्रित की जाती है, जो उसी दिन सायं काल 4.00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। सन्दर्भित कार्य हेतु निविदा किसी भी कार्य दिवस में दि0 23/01/2024 को समय 2.00 बजे तक कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। अर्नेस्टमनी एफ0डी0आर0/सी0डी0आर0 /एन0एस0सी0 के रूप में अधिशासी अभियन्ता जोन—2 के पद नाम से बन्धक होना अनिवार्य है। बिना अर्नेस्टमनी के प्राप्त निविदाओं पर विचार नही किया जायेगा। एक या समस्त निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार बिना कारण बताये महाप्रबन्धक, जलकल विभाग में निहित होगा। पूर्ण विवरण कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में देखा जा सकता है। कार्यालय में अवकाश होने की दशा में निविदायें उसी क्रम में समयानुसार अगले कार्य दिवस में खोली जायेंगी।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | धरोहर राशि | निविदा मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Laying & interconnection of 90 mm dia PVC pipe line 200 mtr from Dr. Bheemrao Ambedkar Dharmshala to Sri Gopal's House, Dhobighat, Ram Nagar, Aishbagh Ward, Lko | 4500.00 | Rs. 300 | 07 दिवस |

निविदा प्राप्त करने की शर्त :— 1. निविदादाता का जलकल विभाग, नगर निगम, लखनऊ एवं जी0एस0टी0 में रजिस्ट्रेशन होना चाहिये।

**अधिशासी अभियन्ता, जोन—2**
**जलकल विभाग, नगर निगम, लखनऊ**

डलवा कर घी की आहुति कुंड में, करवाएंगे आपसे, हम हवन। जिससे सुखी और समृद्ध रहेंगे आप, खुशहाल रहेगा आपका भवन।।



नियम और शर्तें

★ हवन - आयोजन के समय सम्पूर्ण परिवार की उपस्थिति अनिवार्य है।

★ धरम-करम का कार्य पूर्णतया नि:शुल्क है, हवन-पूजन में प्रयुक्त सामग्री, कुंड, लकड़ी, देसी घी व अन्य सभी सामान की व्यवस्था व खर्च हमारी संस्था उठाएगी।

★ अपने घर / प्रतिष्ठान पर हमें लाने-लेजाने की व्यवस्था हवन आयोजित करने वाले की होगी। हवन की बुकिंग मंदिर में आकर ही करनी होगी।

'आग में घी डालना' अति शुभ भी होता है। हवन-पूजन कर इंसान चैन की नींद सोता है।।



मलीहाबाद विधायिका जयदेवी कौशल हवन पूजन करती, संग में साईंधाम ट्रस्ट के पदाधिकारी पूनम पंत व पायल।



साईंधाम ट्रस्ट में नि:शुल्क विद्या प्राप्त करने वाले बच्चों को स्नेहाशीष व भंडारा वितरण करती जयदेवी, मंदिर प्रांगण में।

साईंधाम मंदिर फाउंडेशन ट्रस्ट 4/4, टी.सी.जी., होटल हयात के पास, विभूति खंड, गोमती नगर, लखनऊ-10,
9839163047 / 9956384848

## एक नजर

### नगर निगम के चालकों को बताए सड़क सुरक्षा के नियम

**अमृत विचार, लखनऊ :** नगर निगम मुख्यालय के त्रिलोकी नाथ हॉल में मंगलवार को टाटा मोटर फाइनेंस कम्पनी के सौजन्य से वाहन चालकों के लिए प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में ड्राइविंग स्किल्स, सड़क सुरक्षा सम्बन्धी नियम, स्वास्थ्य सम्बन्धी जानकारी दी गयी। शिविर का उद्घाटन सदस्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग अनिता अग्रवाल, सह संचालक एवं महामंत्री संस्कार भारती गिरीश चन्द्र मिश्रा ने किया। इस मौके पर अपर नगर आयुक्त डॉ. अरविंद कुमार राव, अवनींद्र कुमार और मुख्य अभियंता मनोज प्रभात उपस्थित रहे।

### 28 को व्यापारी महाकुंभ में दिखाएंगे ताकत

**अमृत विचार, लखनऊ :** राजधानी में 28 जनवरी को व्यापारी महाकुंभ का आयोजन किया जायेगा। इसकी सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। ये जानकारी मंगलवार को प्रेस कान्फ्रेंस के दौरान प्रतिनिधि उद्योग व्यापार मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अनूप शुक्ला ने दी है। उन्होंने बताया कि आज व्यापारी परेशान है। ऑन लाइन शॉपिंग से सभी का व्यापार प्रभावित हो रहा है व्यापारियों का उत्पीड़न बढ़ रहा है। व्यापारियों की हत्या और उनके साथ लूट की घटनाएं हुई हैं। इसके लिए व्यापारी महाकुंभ 2024 का आयोजन 28 जनवरी को सहकारिता भवन विधानसभा मार्ग लखनऊ में किया जा रहा है।

### शौचालय तोड़ने की होगी जांच

**अमृत विचार, लखनऊ :** मलिहाबाद की ग्राम पंचायत में तालाब की भूमि पर शौचालय बनाए गए। इसके बाद कार्रवाई के डर से ध्वस्त कर दिए। शिकायत पर उपनिदेशक पंचायत ने जांच के निर्देश दिए हैं। ग्राम पंचायत मांझी में शौचालय में अनियमितता की शिकायत एक व्यक्ति ने उपनिदेशक पंचायत एसएन सिंह से की है। आरोप है कि तालाब की भूमि पर सचिव ने 2018 में व्यक्तिगत शौचालय बनवाए गए और दिसंबर 2023 में तोड़ दिए गए। इस मामले का संज्ञान लेकर उपनिदेशक ने जिला पंचायत राज अधिकारी को जांच के निर्देश दिए हैं।

# समय सीमा खत्म, बकाया बिल की आज से होगी वसूली

**ओटीएस योजना**

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



- बकाया बिजली बिल की वसूली के लिए घरों पर दस्तक देंगे कर्मचारी
- अब जमा करना होगा पूरा बिल नहीं मिलेगी किसी तरह की छूट
- कनेक्शनों को काटने से लेकर कुर्की की कार्रवाई तक की है तैयारी

**अमृत विचार :** एकमुश्त समाधान योजना की समय सीमा मंगलवार को खत्म हो गई, लेकिन अभी भी राजधानी में हजारों बिजली उपभोक्ता बकायेदार बने हुए हैं। इन बकायेदारों की सूची तैयार कर ली गई है। ट्रांस गोमती से लेकर सिस गोमती के ग्रामीण इलाकों के ऐसे उपभोक्ता, जिन्होंने ओटीएस योजना का लाभ नहीं उठाया है, उनके खिलाफ पॉवर कारपोरेशन अब सख्त रवैया अख्तियार करेगा। ऐसे बकायेदारों से बकाया राशि वसूलने के लिए अब उपकेंद्र के अधिकारियों को विद्युत कनेक्शन काटने के साथ कुर्की की कार्रवाई करने के निर्देश जारी किए गए हैं।

लेसा अधिकारियों के अनुसार, ओटीएस योजना के तहत करीब एक लाख से अधिक उपभोक्ताओं ने अपने बिलों का समायोजन कराया, लेकिन ग्रामीण क्षेत्र के उपभोक्ताओं ने इस योजना में कोई रुचि नहीं दिखाई। हजारों की संख्या में उपभोक्ता अभी भी बकायेदार हैं। ऐसे बकायेदार को अब किसी भी प्रकार की छूट नहीं मिलेगी। साथ ही उनके विद्युत कनेक्शनों को काटने के लिए जरूरी कार्रवाई बुधवार से शुरू कर दी जाएगी और ऐसे उपभोक्ताओं से वसूली के लिए बिजली कर्मी बुधवार से घरों में दस्तक देंगे।

शहर के नादरगंज, कानपुर रोड, मलिहाबाद, दुबग्गा, बीकेटी, सरोजनीनगर, हरदोई रोड, चिनहट समेत अन्य ग्रामीण इलाकों में एक लाख से अधिक उपभोक्ताओं के ऊपर बिजली बिल बकाया है। इन क्षेत्रों के लोगों को जागरूक करने को अभियान चलाया गया। पैदल रैली से लेकर बैनर, पोस्टरों के माध्यम से ओटीएस योजना के बारे में जानकारी दी गई। योजना की समय सीमा भी खत्म भी हो गई, लेकिन इन क्षेत्रों के बकायेदारों ने कोई खास रुचि नहीं दिखाई।

मुख्य अभियंता सिस रजत जुनेजा ने बताया कि हमारे यहां दो सर्किल डिवीजन हैं, एक में कानपुर रोड और आलमबाग है। दूसरे सर्किल में चार डिवीजन हैं, जिनमें नादरगंज, मलिहाबाद, मोहनलालगंज और दुबग्गा क्षेत्र है। ये सभी ग्रामीण बाहुल्य क्षेत्र हैं, जहां पर सबसे अधिक बिजली बिलों का बकाया है। एकमुश्त समाधान योजना शुरू होने के बाद अच्छी तादाद में लोगों ने बिलों का समायोजन करवाया है। फिर भी हजारों लोगों ने अभी तक योजना का लाभ नहीं लिया है।

मंगलवार को योजना की समय सीमा खत्म हो गई है, इसके बाद बकायेदारों से बिल को वसूलने के लिए आवश्यक कार्रवाई शुरू की जाएगी। अब किसी उपभोक्ता को सरचार्ज और एरियर में किसी प्रकार की छूट नहीं मिलेगी। उनको पूरे बिल का भुगतान करना होगा। विभाग जल्द ही उपकेंद्र के अधिकारियों और कर्मचारियों को बकायेदारों से राशि वसूलने के लिए उनके घरों पर भेजेगा। बिल की अदायगी न करने पर उनके कनेक्शनों को काटने के साथ ही बड़े बकायेदारों पर कुर्की की कार्रवाई भी करेगा।

### ओटीएस योजना के अंतिम दिन देर तक खुले रहे काउंटर

**अमृत विचार, लखनऊ :** एकमुश्त समाधान योजना के अंतिम दिन मंगलवार को राजधानी के विभिन्न उपकेंद्रों पर दिनभर काफी भीड़ रही। योजना के अंतिम दिन देर रात तक काउंटर खुले रहे। इस बीच, कई बिजली उपकेंद्रों पर बिलों में गड़बड़ी को सही करने में हो रही देरी को लेकर उपभोक्ताओं की कर्मचारियों से तीखी नोकझोंक भी हुई। शहर में योजना के अंतिम दिन बिजली घरों में लोगों की काफी भीड़ दिखी। सरोजनीनगर, यहियागंज, चौक, मड़ियांव, बीकेटी, चिनहट, नादरगंज, इटौंजा सहित तमाम उपकेंद्रों पर योजना के तहत रजिस्ट्रेशन के लिए उपभोक्ता लाभ लेने के लिए अधिकारियों के चक्कर लगाते रहे। कई उपकेंद्रों पर तो काउंटरों की संख्या को लेकर कर्मचारियों और उपभोक्ताओं के बीच हाथापाई तक की नौबत आ गई। मुख्य अभियंता ट्रांस गोमती सुनील कपूर ने बताया कि योजना के अंतिम दिन उपभोक्ताओं में उत्साह दिखा। लोगों ने रजिस्ट्रेशन करा अपने बकाए बिलों का भुगतान किया।

# 1,200 मकानों और दुकानों का गृहकर निर्धारण होगा निरस्त

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

- अकबरनगर के मकानों का नगर निगम ने कर दिया था गलत निर्धारण

**अमृत विचार :** अकबरनगर में कुकरैल बंधे और नदी की जमीन पर गलत तरीके से बनाये गए लगभग 1,200 मकान व दुकानों का गृहकर निर्धारण नगर निगम निरस्त करेगा। सरकारी जमीन होने के बावजूद तत्कालीन अधिकारियों ने इनका गृहकर निर्धारण कर दिया था। अब इसी को आधार बनाकर लोग अदालत में इसे अपनी जमीन बता रहे हैं। लखनऊ विकास प्राधिकरण नगर निगम को इसके लिए पत्र लिखने जा रहा है।

अकबर नगर प्रथम व अकबर नगर द्वितीय के लगभग 1,200 लोगों ने नगर निगम की जमीन पर कब्जा करके मकान, दुकानें व कॉम्प्लेक्स बना लिए हैं। कुकरैल नदी का सौंदर्यीकरण किया जाना है। इसके लिए यहां अवैध बने लगभग 1,200 मकान व दुकानों को ध्वस्त किया जाना है। एलडीए के अधिकारियों व अभियंताओं ने इसकी शुरुआत भी कर दी थी। उच्च न्यायालय ने यहां के निवासियों को राहत देते हुए 22 जनवरी तक ध्वस्तीकरण पर रोक लगा दी थी। गृहकर के आधार पर लोगों ने मतदाता पहचान पत्र और आधार कार्ड बनवा लिए। बिजली, पानी और सीवर का कनेक्शन भी हो गया। न्यायालय में गृहकर निर्धारण ही निवासियों के मकान व दुकानें ध्वस्तीकरण से बचाव में काम आ रहा है। गृहकर निर्धारण निरस्त करने के लिए एलडीए नगर निगम को पत्र लिखेगा। जिससे अदालत के सामने एलडीए यह बात रख सके कि गृहकर निर्धारण और दाखिल खारिज गलत तरीके से हुआ है। एलडीए उपाध्यक्ष ने बताया कि नगर निगम को इसकी जानकारी दी जाएगी। वहीं नगर आयुक्त इन्द्रजीत सिंह ने बताया कि इस मामले में विधिक राय ली जा रही है।

# एलडीए ने गोसाईंगंज में प्लॉटिंग के निर्माण किए ध्वस्त

कार्यालय संवाददाता लखनऊ



सील की गई निर्माणाधीन बिल्डिंग

- मानचित्र स्वीकृत कराये बिना कालोनी की जा रही थी विकसित

**अमृत विचार :** लखनऊ विकास प्राधिकरण के प्रवर्तन दस्ते ने मंगलवार को गोसाईगंज में प्लॉटिंग के निर्माण बुलडोजर चलाकर ध्वस्त कर दिए। जोनल अधिकारी प्रवर्तन जोन दो प्रिया सिंह ने बताया कि शिवराम पुत्र राजाराम व अन्य द्वारा गोसाईंगंज के पहाड़नगर टिकरिया में रेलवे क्रॉसिंग के पास भूमि खसरा संख्या-63, 64, 65 व 7 पर लगभग दो बीघा क्षेत्रफल में अवैध रूप से प्लाटिंग का कार्य करते हुए कालोनी विकसित की जा रही थी। प्राधिकरण से मानचित्र स्वीकृत कराये बिना की जा रही प्लाटिंग के विरुद्ध विहित न्यायालय से ध्वस्तीकरण का आदेश जारी था। सहायक अभियंता शिवा सिंह के नेतृत्व में अवर अभियंताओं ने प्राधिकरण पुलिस बल व व स्थानीय थाने के सहयोग से डेवलपर द्वारा स्थल पर विकसित की गयी सड़कें, नाली, बाउन्ड्रीवॉल आदि ध्वस्त कर दिया।

**विभूतिखंड में सात मंजिला बिल्डिंग सील :** जोनल अधिकारी प्रिया सिंह ने बताया कि मो. तौफीक, मो. तौसीफ व अन्य द्वारा विभूतिखण्ड में व्यावसायिक भूखण्ड संख्या-बी-98ए पर लगभग 990 वर्गमीटर क्षेत्रफल में स्वीकृत मानचित्र के विपरीत बेसमेंट समेत सात मंजिला भवन का निर्माण कराया गया था। इसके विरुद्ध सीलिंग का आदेश पास था। बिल्डिंग को अभियंताओं व पुलिस बल के सहयोग से सील कर दिया।

### कल्याणपुर में अवैध कॉम्पलेक्स सील

जोनल अधिकारी प्रवर्तन जोन 5 संजय जिंदल ने बताया कि प्रमोद वर्मा व अन्य द्वारा कल्याणपुर पश्चिम के आदिल नगर में छवि क्लीनिक के पास लगभग 1,600 वर्गफिट क्षेत्रफल में अवैध रूप से बेसमेंट समेत अन्य तलों पर दुकानें व व्यावसायिक निर्माण कराया गया था। विहित न्यायालय से सील करने का आदेश था। सहायक अभियंता एनएन चौबे के नेतृत्व में अवर अभियंता संजय मिश्रा व सुभाष शर्मा ने परिसर को सील कर दिया।

### नक्शा पास कराया नहीं बना दिया तीन मंजिला भवन

नक्शा पास कराये बिना बाबूगंज में बनाये गए तीन मंजिला भवन को एलडीए के प्रवर्तन दस्ते ने सील कर दिया। जोनल अधिकारी प्रवर्तन जोन 4 रविनंदन सिंह ने बताया कि अरविंद कुमार अग्रवाल द्वारा बाबूगंज में भूखण्ड संख्या-497/5 पर लगभग 1,500 वर्गफिट क्षेत्रफल में बिना स्वीकृत मानचित्र के तीन मंजिला आवासीय भवन का निर्माण कराया गया था।

### डॉक्टरों की कमी दूर करने के लिए उप मुख्यमंत्री को लिखा पत्र

**अमृत विचार, लखनऊ:** ठाकुरगंज संयुक्त चिकित्सालय में चिकित्सकों की कमी को दूर करने के लिए विधायक डॉ. नीरज बोरा की ओर से उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक को पत्र लिखा गया है। दरअसल विधायक डॉ. नीरज बोरा ने बीते दिनों ठाकुरगंज संयुक्त चिकित्सालय का निरीक्षण किया था। जहां पता चला कि अस्पताल में रेडियोलॉजिस्ट, जनरल फिजिशियन और सर्जन के पद खाली हैं। इससे मरीजों को वापस लौटना पड़ रहा है। इसका संज्ञान लेते हुए विधायक ने अस्पताल प्रशासन से महानिदेशक को इस सम्बंध में पत्र भेजने के निर्देश दिए हैं। विधायक ने बताया कि अस्पताल में रेडियोलॉजिस्ट, जनरल फिजिशियन और सर्जन के दो-दो पद रिक्त है। इस संबंध में अस्पताल प्रशासन की ओर से महानिदेशक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य को पत्र लिखा गया है। साथ ही मेरे द्वारा उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक को पत्र लिख कर उक्त पदों पर जल्द नियुक्ति कराने का अनुरोध किया गया है।



आरटीओ उदयवीर का स्वागत करते आरआई प्रशांत कुमार। अमृत विचार

### आरटीओ उदयवीर ने संभाला कार्यभार

**अमृत विचार, लखनऊ :** ट्रांसपोर्ट नगर स्थित कार्यालय में आरटीओ उदयवीर सिंह ने मंगलवार को कार्यभार ग्रहण किया। कार्यालय में एआरटीओ प्रशासन अखिलेश द्विवेदी के साथ ही आरआई प्रशांत कुमार और विष्णु कुमार के साथ ही अन्य कर्मचारियों ने उनका स्वागत किया। इस मौके पर आरटीओ उदयवीर सिंह ने सभी से मुलाकात की और उनके कार्यों की जानकारी ली। इसके बाद उन्होंने ट्रैवल एंड ट्रांसपोर्ट ओनर्स वेलफेयर एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल के साथ बैठक की। संगठन के अध्यक्ष पीयूष गुप्ता ने बताया कि लखनऊ में टैक्सी व्यापारियों को फिटनेस कराने में मुश्किलें हो रही हैं। इस पर विशेष ध्यान दिया जाए। इस दौरान रंजीत सिंह गोल्डी, शांतनु दुबे, धर्मेंद्र साहू और प्रणेश अवस्थी भी मौजूद रहे। गौरतलब है कि राज्य परिवहन प्राधिकरण के अपर सचिव उदयवीर सिंह को आरटीओ प्रशासन का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। इससे पूर्व आरटीओ प्रशासन रहे आरपी द्विवेदी 31 दिसंबर को सेवानिवृत्त हो गये थे।

# ब्रजेश पाठक ने लिया संज्ञान, दोषियों पर होगी कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



स्वास्थ्य विभाग ही नहीं, विधायक भी ढूंढ रहे लैप्रोस्कोपिक मशीन

- ठाकुरगंज संयुक्त चिकित्सालय में बिना स्थापित किए लैप्रोस्कोपिक उपकरण संचालित होने का दावा करने का मामला

**अमृत विचार :** ठाकुरगंज संयुक्त चिकित्सालय (टीबी अस्पताल) से लैप्रोस्कोपिक उपकरण लोकबंधु अस्पताल में भेजने का दावा करने वाले जिम्मेदारों पर कार्रवाई की तलवार लटकने लगी है। इस मामले में अमृत विचार ने सोमवार के अंक में 'स्वास्थ्य विभाग ही नहीं, विधायक भी ढूंढ रहे लैप्रोस्कोपिक मशीन' शीर्षक से खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया था।

इसका संज्ञान उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने लिया है। विधायक को गुमराह करने वाले अधिकारियों के विरुद्ध जांच शुरू करवा दी गई है। माना जा रहा है कि जांच रिपोर्ट के बाद जिम्मेदारों पर कार्रवाई होना तय है। वहीं, लैप्रोस्कोपिक उपकरणों को खरीदने की कवायद तेज हो गई है।

विधायक डॉ. नीरज बोरा के प्रयास से ठाकुरगंज संयुक्त चिकित्सालय में लैप्रोस्कोपिक उपकरण स्थापित होने थे। शासन से इसके लिए 17.84 लाख का बजट भी जारी किया था। लेकिन उपकरण अस्पताल में स्थापित नहीं हुए। इस पर विधायक ने विधानसभा सत्र में मामले को उठाया तो जिम्मेदारों ने उपकरणों को स्थापित होने का दावा कर दिया। इसके बाद छह जनवरी को विधायक अस्पताल में जांच करने पहुंचे। तो वहां उपकरण न देख वह भड़क गए। पूछने पर अस्पताल प्रशासन ने कहा कि उपकरण उच्चाधिकारियों द्वारा लोकबंधु अस्पताल भेज दिए गए। इसकी जानकारी होने पर लोकबंधु अस्पताल प्रशासन से पूछा गया तो चिकित्सालय प्रशासन ने उपकरण अस्पताल में आने से साफ इनकार कर दिया। जांच हुई तो पता चला कि उपकरणों की खरीद ही नहीं हुई थी।



जानकीपुरम के सरस्वती पुरम में सड़क बनाते श्रमिक। अमृत विचार

### बनने लगी सड़क, जल भराव से मिलेगी राहत

**अमृत विचार, लखनऊ :** काफी समय से जल भराव की समस्या झेल रहे जानकीपुरम के सरस्वती पुरम निवासियों को राहत मिलना शुरू हो गई है। पार्षद निशा तिवारी के प्रयास से सड़क और नालियों का निर्माण शुरू करा दिया गया है। सरस्वती पुरम करीब 20 साल पुरानी कॉलोनी है। यहां के लोग मूलभूत सुविधाओं से वंचित थे। बरसात के समय जलभराव होता था। मच्छरजनित बीमारियों का प्रकोप रहता है। सड़क नाली बनवाने के लिए स्थानीय लोग लगातार प्रयास कर रहे थे। पार्षद निशा तिवारी ने बताया कि कॉलोनी में सड़क और नालियों का निर्माण कार्य शुरू करा दिया गया है। इससे कॉलोनी वासियों में खुशी की लहर दौड़ गई है।

**इनसे सीखें** एप परीक्षार्थियों को न केवल काउंसलर बल्कि एक्सपर्ट और मेन्टॉर विषयवार जानकारी भी कराएगा उपलब्ध

# आराधना का व्हाइल एप खोलेगा उम्मीदों के द्वार

- मिल चुका है प्रदेश का स्टार्टअप अवार्ड
- शिक्षा एप बनाने वाली टीम को शासन ने दी सहायतार्थ धनराशि
- प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारियों के लिए बनकर तैयार हुआ नि:शुल्क एप

जीशान कदीर, लखनऊ



स्टार्टअप अवार्ड के साथ शोधार्थी आराधना कनौजिया। अमृत विचार

**अमृत विचार :** परीक्षाओं की तैयारियों में लाखों खर्च करने वाले छात्रों के लिए आराधना का व्हाइल एप एक बड़ा सहारा बनने वाला है। यह एप परीक्षार्थियों को न केवल काउंसलर बल्कि एक्सपर्ट और मेन्टॉर विषयवार जानकारी भी उपलब्ध कराएगा।

एकेटीयू बीटेक छात्रा द्वारा तैयार किए गए इस एप को प्लेस्टोर से डाउन लोड किया जा सकता है वो भी निः शुल्क। प्रदेश में बेस्ट वूमेन लेड स्टार्टअप अवार्ड से सम्मानित शोधार्थी का कहना है कि इसे लेकर वृहद तैयारी की। इसी का नतीजा एप के रूप में सामने है।

एकेटीयू से संबद्ध इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एण्ड टेक्नॉलॉजी की छात्रा आराधना कनौजिया बताती हैं कि जब वो 11वीं में थीं, तो उन्होंने प्रतियोगी तैयारियों के लिए मन बनाया। इस बीच कॉलेज में एक सेमिनार का आयोजन होना था। कहती हैं कि सही जानकारियों के अभाव में उनकी टीम प्रतियोगिता में असफल रही। तभी से ये ठान लिया कि विभिन्न परीक्षाओं की तैयारियों के लिए क्यों न कुछ ऐसा करा जाय, जिसके सहारे साधारण परिवार से जुड़े छात्र भी आसानी से जानकारी प्राप्त कर सकें। बताती हैं कि एक साल के भीतर उनकी टीम ने मिलकर व्हाइल एप तैयार कर लिया। डाउन लोड होने के बाद इसके लॉगिन होते ही परीक्षा की तैयारियों से जुड़े छात्र निः शुल्क काउंसलर, एक्सपर्ट और मेन्टॉर की मदद ले सकते हैं। इसमें पढ़ाई के साथ समय-समय पर फीडबैक भी दिये जाने की व्यवस्था उपलब्ध है।

**यूट्यूब के साथ दी जा रही जानकारियां :** शोधार्थी का कहना है कि लिखी हुई सूचना की अपेक्षा चलचित्र मन मस्तिष्क पर अधिक प्रभाव डालते हैं। ये शोध में पहले ही सामने आ चुका है। इसीलिए यूट्यूब के सहारे विशेषज्ञों द्वारा इस एप में क्रमबद्ध जानकारियां सुरक्षित की गई हैं।

### लंच होने से पहले ही जुड़ गए हजारों छात्र

शोधार्थी छात्रा का कहना है कि वे लोग विधिवत रूप से एप को 26 जनवरी को लंच करने जा रहे हैं। लेकिन इससे पहले ही मात्र सात दिनों के भीतर एप को डाउन लोड करने जानकारियां लेने वाले छात्रों की संख्या हजारों में पहुंच चुकी है। निशुल्क जानकारियां निश्चित रूप से प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले छात्रों के लिए कारगर रहेगी।

### व्हाइल एप में ये सब कुछ उपलब्ध

शिक्षा से जुड़े एप में आईएएस, पीसीएस, बैंकिंग, साफ्टवेयर, हार्डवेयर सहित अन्य शिक्षण संबंधी क्षेत्रों की अपार जानकारियां उपलब्ध कराई गई हैं। शोधार्थी का कहना है कि अमूमन किसी साइट को खोलते ही विज्ञापन से लेकर अन्य साइट भी उस एप पर चलने लगते हैं। ऐसे में छात्र मूल मार्ग से भटक जाता है। लेकिन उनके एप में कोई भी सूचनाएं अतिरिक्त नहीं दिखेंगी।

### मिल चुका है अवार्ड शासन ने दी है मदद

व्हाइल नेटवर्क प्रा. लि. के नाम से पंजीकृत कंपनी की संचालिका आराधना कनौजिया को हाल दिनों में एकेटीयू के दीक्षांत समारोह में राज्यपाल द्वारा प्रदेश का बेस्ट वूमेन लेड स्टार्टअप अवार्ड दिया जा चुका है। बीटेक की छात्रा का कहना है कि शासन की ओर से उनकी कंपनी को ढाई लाख की सहायता मिली है। टीम में शामिल अंकित कुमार द्विवेदी, आनंद मिश्रा, अनुराग वर्मा शोध को और भी विस्तार देने में जुटे हुए हैं।



# गोरखधाम एक्सप्रेस 15 घंटे देरी से पहुंची राजधानी

## कोहरे के चलते ट्रेनों का संचालन पटरी से उतरा, यात्रियों को करना पड़ रहा मुश्किलों का सामना

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** उत्तर भारत में इन दिनों पड़ रहे कोहरे के चलते ट्रेनों का संचालन पटरी से उतर गया है। इसके चलते जहां ट्रेनें लेट हो रही है, वहीं यात्रियों को खासी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है।

मंगलवार को नई दिल्ली से चलकर लखनऊ जंक्शन आने वाली ट्रेन नंबर 12004 शताब्दी एक्सप्रेस अपने निर्धारित समय दोपहर 12:55 के बजाय 5:30 घंटे लेट होकर शाम 6:30 बजे पहुंची। लखनऊ से नई दिल्ली जाने वाली ट्रेन नंबर 12003 शताब्दी एक्सप्रेस शाम 3:30 के बजाय 4:30 घंटे लेट होकर रात्रि 8 बजे रवाना हुई। इसी क्रम में ट्रेन नंबर 12556 गोरखधाम एक्सप्रेस 15 घंटे, ट्रेन नंबर 15066 पनेवल-गोरखपुर एक्सप्रेस 13 घंटे, वीरांगना-लक्ष्मीबाई झांसी-लखनऊ एक्सप्रेस 9 घंटे, ट्रेन नंबर 12597 अमरनाथ एक्सप्रेस 6 घंटे, ट्रेन नंबर 12420 गोमती एक्सप्रेस 5 घंटे, ट्रेन नंबर 12332 हिमगिरी एक्सप्रेस 4:30 घंटे, ट्रेन नंबर 13308 किसान एक्सप्रेस सवा चार घंटे, ट्रेन नंबर 18103 टाटानगर-अमृतसर एक्सप्रेस पौने चार घंटे, ट्रेन नंबर 12876 नीलांचल एक्सप्रेस और ट्रेन नंबर 13152 सियालदह एक्सप्रेस 3:30 घंटे और ट्रेन नंबर 15910 अवध-आसाम एक्सप्रेस 3 घंटे की देरी से पहुंची। ट्रेन नंबर 12430 एसी एक्सप्रेस, देहरादून एक्सप्रेस, फरक्का एक्सप्रेस समेत कई अन्य ट्रेनें एक से दो घंटे लेट होकर राजधानी पहुंची।

### 21 को मुंबई के लिए स्पेशल ट्रेन



**अमृत विचार, लखनऊ:** रेलवे प्रशासन ने मुंबई जाने वाले यात्रियों की मांग को देखते हुए ट्रेन नंबर 05029 गोरखपुर-बांद्रा टर्मिनस स्पेशल का संचालन 21 जनवरी को किया जायेगा। ट्रेन नंबर 05029 गोरखपुर-बांद्रा टर्मिनस स्पेशल 21 जनवरी को गोरखपुर से दोपहर 1:20 बजे रवाना होकर खलीलाबाद से 2:16 बजे, बस्ती से 2:45 बजे, मनकापुर से 3:56 बजे, गोंडा से शाम 4:35 बजे, बुढ़वल से 5:45 बजे, बाराबंकी से 6:21 बजे, बादशाहनगर से 7:20 बजे, ऐशबाग से रात्रि 8:50 बजे, कानपुर सेंट्रल से 10:35 बजे, दूसरे दिन टुण्डला से तड़के 3 बजे, आगरा फोर्ट से 4:10 बजे, गंगापुर सिटी से 08:10 बजे, कोटा से 10:50 बजे, रतलाम से शाम 4:40 बजे, दाहोद से 6:19 बजे, वड़ोदरा से रात्रि 8:55 बजे, सूरत से 11:15 बजे, तीसरे दिन वापी से मध्य रात्रि 12:59 बजे और बोरीवली से तड़के 3:40 बजे छूटकर बांद्रा टर्मिनस 4:35 बजे पहुंचेगी। इस गाड़ी में शयनयान श्रेणी के 20 और जीएसएलआरडी के एक कोच सहित कुल 21 कोच लगाये जायेंगे।

### 2 से 6 फरवरी तक गोरखपुर मैलानी एक्सप्रेस निरस्त

**अमृत विचार, लखनऊ:** पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मंडल पर बुढ़वल-सीतापुर खंड पर स्थित सीतापुर-सीतापुर सिटी स्टेशन के बीच दोहरीकरण कार्य का छह फरवरी को रेल संरक्षा आयुक्त का निरीक्षण करेंगे। इससे चलते कई ट्रेनों को कैंसिल और शॉर्ट टर्मिनेट किये जाने का निर्णय लिया है। इससे गोरखपुर मैलानी एक्सप्रेस दो से छह फरवरी तक गोमती नगर से मैलानी नहीं जा सकेगी। गोरखपुर-मैलानी एक्सप्रेस (15009) एक से पांच फरवरी तक गोमती नगर में यात्रा समाप्त करेगी। गोमती नगर से मैलानी के बीच यह ट्रेन निरस्त रहेगी। मैलानी गोरखपुर एक्सप्रेस (15010) दो से छह फरवरी तक गोमती नगर स्टेशन से चलाई जाएगी। मैलानी गोमती नगर के बीच यह ट्रेन निरस्त रहेगी। डालीगंज-सीतापुर पैसेंजर (05490) 30 जनवरी से छह फरवरी तक खैराबाद स्टेशन पर यात्रा समाप्त करेगी। इस दौरान यह ट्रेन हरगांव-सीतापुर के बीच निरस्त रहेगी। मैलानी-सीतापुर पैसेंजर (05491) एक से छह फरवरी तक हरगांव स्टेशन पर यात्रा खत्म करेगी। यह ट्रेन हरगांव-सीतापुर के बीच निरस्त रहेगी। सीतापुर-मैलानी पैसेंजर (05492) एक से छह फरवरी तक हरगांव-मैलानी के बीच संचालित होगी। सीतापुर-हरगांव के बीच यह ट्रेन निरस्त रहेगी। लखनऊ-शाहगढ़ पैसेंजर (05086) दो से छह फरवरी तक खैराबाद में यात्रा समाप्त करेगी और खैराबाद-शाहगढ़ के बीच निरस्त रहेगी।

## एक नजर

### बाइक सवार को कार से कुचलने की कोशिश

**अमृत विचार, लखनऊ:** गुडम्बा थानाक्षेत्र अन्तर्गत जानकीपुरम निवासी गुफरान ने बताया कि वह किराए पर रहता है। गत 8 जनवरी की रात करीब 9:20 बजे वह चार नंबर चौराहे से सहारा स्टेट की ओर बाइक से जा रहा था। आरोप है कि मां वैष्णो गेस्ट हाउस के समीप एक कार चालक ने उसे कुचलने का प्रयास किया। इस दौरान पीड़ित बाइक लेकर सड़क पर गिर पड़ा। जिससे उसकी बाइक क्षतिग्रस्त हो गई और वह आंशिक तौर पर जख्मी हो गया। पीड़ित ने बताया कि विरोध किए जाने पर कार चालक उससे बदसूलूकी कर घटनास्थल से भाग निकला। प्रभारी निरीक्षक नितिश श्रीवास्तव ने बताया कि तहरीर मिलने पुलिस ने कार चालक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। नंबर प्लेट के आधार पर कार चालक की तलाश की जा रही है।

### कार सवारों ने युवक को पीटकर मोबाइल छीना

**अमृत विचार, लखनऊ:** दुबग्गा अंतर्गत दशहरी मोड़ निवासी मो. सलमान ने बताया कि 14 जनवरी को ई-रिक्शा पर परिवार संग घर जा रहा था। रास्ते में एक कार पर सवार तीन युवकों व बाइक सवार दो लोगों ने मछली मंडी के समीप ई-रिक्शा रुकवा कर उसे जबरन नीचे उतारा। वह कुछ समझता इससे पहले ही हमलावरों ने उसे लात घूसों से उसे पीट दिया। बाइक सवार उसका मोबाइल छीन ले गये। मारपीट में हमलावरों का मोबाइल घटना स्थल पर गिर गया था। जिसे पीड़ित ने पुलिस के सुपुर्द कर दिया। सलमान की तहरीर पर पुलिस कार व बाइक नंबर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर हमलावरों की पहचान का प्रयास कर रही है।

# दांतों से पत्नी की नाक काटी गला दबा जान से मारने का प्रयास

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- दहेज में एक लाख की मांग पूरी नहीं होने पर अंजाम दी घटना
- शिकायत पर इंदिरानगर पुलिस ने शुरू की मामले की जांच

**अमृत विचार:** दहेज में एक लाख रुपये की मांग पूरी नहीं होने पर दांतों से पत्नी की नाक काटने के बाद जान से मारने की नीयत से गला दबाने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस मामले की जांच कर आगे की कार्रवाई कर रही है।

इंदिरानगर थाने में आयशा बानो ने तहरीर देकर बताया कि वह बिहार के पटना की रहने वाली है। उसकी शादी रायबरेली के करमगंज राघवपुर निवासी इम्तियाज अहमद के संग हुई थी। शादी के कुछ दिन बाद पति की प्रताड़ना से तंग होकर वह पिता के पास पटना चली गयी थी। जहां से पति समझौता कराकर लखनऊ ले आया था। यहां उसने पुनः एक लाख रुपये की मांग की। आपबीती पिता को बतायी तो वह इंदिरानगर के अमराई गांव निवासी रिश्तेदार के घर उसे ले गये। पति यहां भी पीछा करते हुये पहुंचा और 30 मिनट अकेले में बात करने को बोलकर छत पर ले गया। जहां दांतों से उसकी नाक काटने के बाद जान से मारने की नीयत से गला दबाने लगा। शोर मचाने पर रिश्तेदार पहुंचे तो आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुये भाग निकला। पीड़िता ने पति से जानमाल का खतरा बताते हुये सुरक्षा की गुहार लगायी है। इंस्पेक्टर सुनील कुमार तिवारी ने बताया आरोपी इम्तियाज के खिलाफ प्रताड़ना समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है।

# युवक को बाइक ने मारी टक्कर, मौत

संवाददाता, लखनऊ/गोसाईंगंज

- गोसाईंगंज के कबीरपुर गांव के पास की घटना

**अमृत विचार:** दोस्त के घर से लौट रहे युवक की बाइक की टक्कर से मौत हो गयी। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजन को सौंप दिया।

गोसाईंगंज थाना अंतर्गत सतौली निवासी विश्वकर्मा रावत (35) सोमवार देर शाम पैदल कबीरपुर गांव के समीप स्थित सब्जी मंडी गये थे। भतीजे हरिओम ने बताया सब्जी लेकर दोस्त से मिलने उनके घर गए। वहां से लौटते समय बिरुहा चौराहा के समीप सड़क पार कर रहे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से गंभीर घायल हो गये। आसपास के लोगों को आता देख बाइक छोड़कर आरोपी फरार हो गया। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस उन्हें अस्पताल लेकर जा रही थी। अस्पताल पहुंचने से पहले उन्होंने दम तोड़ दिया। इंस्पेक्टर गोसाईंगंज महेंद्र कुमार शुक्ला ने बताया पोस्टमार्टम के बाद शव परिजन को सौंप दिया है। विश्वकर्मा की पत्नी सर्वेश कुमारी की तहरीर पर बाइक नंबर के आधार पर आरोपी खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गयी है। मामले की जांच कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### हादसे में घायल ट्रक चालक की इलाज के दौरान मौत

**अमृत विचार, लखनऊ:** रहीमाबाद इलाके में हादसे में घायल ट्रक चालक ने सोमवार देर रात इलाज के दौरान ट्रॉमा सेंटर में दम तोड़ दिया। कानपुर नगर के घाटमपुर निवासी रमेश चंद्र (50) ट्रक रविवार रात रहीमाबाद गिट्टी उतारने के बाद सड़क किनारे खड़े थे। इसी दौरान कार की टक्कर से गंभीर घायल हो गये थे। पुलिस ने उन्हें ट्रामा में भर्ती कराया था। पुलिस ने बताया पोस्टमार्टम के बाद शव परिजन को सौंप दिया है।

# राजमिस्त्री व फैक्ट्री मजदूर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- बंथरा और चिनहट थाना क्षेत्र से सामने आए मामले
- पुलिस ने पोस्टमार्टम हाउस भेजा शव

**अमृत विचार:** बंथरा थानाक्षेत्र अन्तर्गत उमेद खेड़ा में मंगलवार निर्माणाधीन मकान में राजमिस्त्री रामबाबू (40) का शव फंदे से लटकता मिला। साथी मजदूरों ने उसे फंदे पर लटकता देख फौरन पुलिस कंट्रोल रूम पर सूचना दी। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने परिजनों को सूचना देते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं, चिनहट के मटियारी में कांच फैक्टरी में काम करने वाले मजदूर सीताराम (48) की संदिग्ध हालात में मौत हो गई।

प्रभारी निरीक्षक हेमंत राघव के मुताबिक, हमीरपुर निवासी रामबाबू उमेद खेड़ा गांव में निर्माणाधीन मकान में कुछ समय से काम कर रहा था। मंगलवार सुबह करीब 8 बजे वह घर से काम पर निकला था। कुछ देर बाद साथी मजदूर वहां पहुंचे तो रामबाबू को पंखे के कुंडे से मफलर के फंदे के सहारे लटका पाया। इसके बाद मजदूर शोर मचाते हुए बाहर निकाले। मजदूरों की सूचना पर घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने राजमिस्त्री को फौरन फंदे से उतारकर नजदीकी अस्पताल में पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि परिवार में पत्नी मनोरमा के अलावा एक बेटा और बेटी है। घर वालों ने किसी पर कोई आरोप नहीं लगाया है। फिलहाल, पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

वहीं, मटियारी में कांच फैक्ट्री में काम करने वाले मजदूर सीताराम की मंगलवार को संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। बेटे सूरज ने बताया कि फैक्ट्री में काम करते समय मशीन से लोहे का एक हिस्सा टूटकर पिता सीताराम के ऊपर गिर गया। जिससे उनके सिर में गंभीर चोट आ गई। साथी मजदूर उन्हें अस्पताल ले गए, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। चिनहट प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि मजदूर के परिवार में पत्नी कलावती एक बेटा और एक बेटी है। घटना के सम्बन्ध में परिजनों ने लिखित शिकायत नहीं दी है। तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।



राजधानी में जाम की समस्या अब आम बात हो गई है, जिम्मेदारों द्वारा ध्यान न देने से लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इसी क्रम में समतामूलक चौराहे पर रात में लगे जाम में फंसे वाहन। अमृत विचार

# ट्रैफिक सिपाही पर नशे में चालक ने कार चढ़ाने का किया प्रयास

संवाददाता, गोसाईंगंज

- जान बचाने बोनट पर चढ़े सिपाही समेत एक किमी दौड़ा ले गया कार, गोसाईंगंज क्षेत्र का मामला

**अमृत विचार:** ट्रैफिक के सिपाही पर नशे में धुत चालक ने कार चढ़ाने का प्रयास किया। आरोपी ने इतने भर से बस नहीं की, बल्कि जान बचाने के लिये बोनट पर चढ़े सिपाही समेत करीब एक किमी तक कार दौड़ा ले गया।

गोसाईंगंज थाना अंतर्गत कस्बा चौकी पर ट्रैफिक पुलिस मंगलवार देर शाम वाहन चेकिंग अभियान चला रही थी। लखनऊ की ओर से आई वैगनआर कार को ट्रैफिक सिपाही योगेश ने रुकने का इशारा किया। आरोप है कि चालक ने सिपाही पर कार चढ़ाने का प्रयास किया। जान बचाने के लिये वह सिपाही कार के बोनट पर चढ़ गया। इसके बाद भी आरोपी कार दौड़ाता रहा। गोसाईंगंज-मोहनलालगंज रोड पर अनूपगंज स्थित रेलवे क्रासिंग बंद होने से आरोपी को कार रोकनी पड़ी। जहां से सिपाही योगेश आरोपी कार चालक को दबोच कर थाने ले आया। आरोपी की पहचान अनिल सिंह निवासी पीजीआई थाना अंतर्गत वृंदावन सेक्टर 5 के रूप में हुई।

### विदेश में नौकरी लगवाने के नाम पर हड़पे 1.70 लाख

**अमृत विचार, लखनऊ:** नगराम थाना अंतर्गत ब्राह्मण टोला कस्बा निवासी संदीप ने बताया वह मजदूरी करके परिवार का पालन पोषण करता है। उसकी मुलाकात मोहनलालगंज थाना अंतर्गत अयोध्या खेड़ा निवासी बिंदा प्रसाद व दो अन्य युवकों से हुई थी। बिंदा ने सउदी अरब में नौकरी लगवाने का झांसा दिया। इसकी एवज में वीजा आदि बनवाने में 1.70 लाख रुपये खर्च आने की बात कही। संदीप ने मजदूरी से एकत्रित रुपये और रिश्तेदारों से उधार लेकर रकम एकत्रित कर बिंदा आदि को दी। उन्होंने जल्द ही उसे सउदी भेजने की बात कही। आरोपी दो माह उसे टरकाते रहे, तो उसे ठगी का एहसास हुआ। उसने रुपये मांगे तो देने से इंकार कर दिया। पीड़ित ने आरोपियों के खिलाफ तहरीर देकर पुलिस से रुपये वापस दिलाने की गुहार लगायी है। इंस्पेक्टर नगराम विवेक कुमार चौधरी ने बताया बिंदा प्रसाद, नेवाजी खेड़ा निवासी दीपू और रोहित के खिलाफ धोखाधड़ी समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## सार-संक्षेप

### पत्नी से विवाद के बाद सफाईकर्मी ने दी जान

**अमृत विचार, लखनऊ:** मड़ियांव थाना अंतर्गत फैजुल्लागंज निवासी सफाईकर्मी सूरज (25) ने पत्नी से विवाद के बाद सोमवार देर रात फंदा लगाकर जान दे दी। भाई सुरेश ने बताया कि उनके पास सूरज की पत्नी रेशमा ने फोन किया। बताया कि पति उठ नहीं रहे हैं, उनकी तबीयत ठीक नहीं है, जल्दी आ जाएं। आनन-फानन पहुंचे सुरेश उसे ट्रामा सेंटर ले गए, जहां डाक्टरों ने सूरज को मृत घोषित कर दिया। रेशमा ने बताया कि पति से सुबह फिर शाम को उसका विवाद हुआ था। इंस्पेक्टर मड़ियांव संजय सिंह ने बताया अभी तहरीर नहीं मिली है।

### जांच में गलत पाए गए मुंह पर लघुशंका करने के आरोप

**अमृत विचार, लखनऊ:** दलित किशोरी की पिटाई कर उसके मुंह पर लघुशंका करने के सभी आरोप जांच में गलत पाए गए है। एडीसीपी उत्तरी अभीजीत आर शंकर के मुताबिक, इंदिरानगर थाने में चांदन गांव निवासी संदीप कुमार रावत ने किशोर समेत करीब 30 अज्ञात पर बेटे की पिटाई कर मुंह पर लघुशंका करने का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई थी। मामले को संज्ञान में लेते हुए एसीपी गाजीपुर विकास जायसवाल, प्रभारी निरीक्षक समेत पुलिसकर्मियों ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। बताया कि जांच में यह बात सामने आई कि गत 9 जनवरी को पीड़ित के बेटे ने ही किशोर की पिटाई की थी। इसके बाद किशोर के घर वाले संदीप के घर पहुंचे तब पड़ोसियों ने हस्ताक्षेप कर मामला शांत करा दिया था। अभी तक की जांच (सीसीटीवी फुटेज देखने व बयान के आधार) से संदीप कुमार रावत के बेटे से पिटाई कर मुंह पर लघुशंका करने की पुष्टि नहीं हुई। हालांकि जांच की जा रही है।

### मेडिकल छात्रा समेत तीन से 1.84 लाख की धोखाधड़ी

**अमृत विचार, लखनऊ:** राजधानी में जालसाजों ने मेडिकल छात्रा समेत तीन से 1.84 लाख की धोखाधड़ी की है। पीड़ितों की लिखित शिकायत पर गाजीपुर, गोमतीनगर और ठाकुरगंज पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। गाजीपुर थानाक्षेत्र अन्तर्गत सेक्टर-18 इन्दिरानगर निवासी बंटी चोपड़ा के मुताबिक, फेसबुक पर मंजू देवी की प्रोफाइल से जालसाजों ने पार्ट टाइम जॉब का ऑफर देते हुए मोटा कमीशन देने का झांसा दिया। इसके बाद जालसाजों ने टेलीग्राम पर उससे सम्पर्क किया। फिर लाइक, कमेंट का टास्क देते हुए कई मदों में पीड़ित ने 1.15 लाख रुपये ट्रांसफर करा लिए। वहीं, गोमतीनगर के विरामखंड निवासी मान्या पाठक ने मामा सन्तोष कुमार का म्यूजिक सिस्टम बेचने ई-कॉमर्स साइट पर विज्ञापन दिया था। विज्ञापन को देख एक जालसाज ने उससे सम्पर्क किया। आरोप है कि धोखाधड़ी कर रुपये भेजने का झांसा देते हुए जालसाज ने उससे 19 हजार ऐंठ लिए। उधर, ठाकुरगंज थानाक्षेत्र अन्तर्गत सरफराजगंज के निजी मेडिकल कॉलेज की नर्सिंग छात्रा के खाते से जालसाजों ने 50 हजार रुपये निकाल लिए। छात्रा का कहना है कि जालसाजों ने कार्ड बदल कर उसके खाते से रुपये निकाल लिए हैं।

### बिजली कर्मियों को पीटा, दो गिरफ्तार, दो फरार

**अमृत विचार, मलिहाबाद:** माल इलाके में बिजली चोरी पकड़ना विभाग के अफसर कर्मियों को भारी पड़ा। आरोपियों ने एसडीओ समेत अन्य कर्मियों पर हमला कर उनके मोबाइल छीन लिये। खुद को घिरा देख कर्मियों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने दो आरोपियों को दबोच कर चार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू की है। थाने में पीड़ित बिजलीकर्मी अभिषेक शुक्ला ने तहरीर दी है। बताया कि सूचना मिली थी कि नईबस्ती चौराहे पर कुछ लोग बिजली की चोरी कर रहे हैं। मंगलवार देर शाम एसडीओ डीके प्रजापति, अवर अभियंता सुधीर कुमार टीम के साथ जांच करने पहुंचे। नईबस्ती चौराहे पर रामकिशोर यादव निवासी नरायनपुर बिना कनेक्शन लाइन में कटिया डाल बिजली चोरी करते मिले। इसी दौरान रामकिशोर, हरिशंकर निवासी नरायनपुर और रिंकू यादव निवासी नईबस्ती व राहुल यादव सैमसी ने अफसर कर्मियों से गाली-गलौज कर मार पीट कर दो सरकारी मोबाइल फोन भी छीन लिये। अधिकारियों ने सूचना पर प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार त्रिपाठी फोर्स के साथ पहुंचे। दो आरोपियों को गिरफ्तार कर कब्जे से मोबाइल बरामद कर लिये।



कार्यक्रम के दौरान मौजूद विधायक जयदेवी कौशल, साथ में अन्य। अमृत विचार

### विधायक ने महिलाओं को बांटे गैस चूल्हे

**अमृत विचार, मलिहाबाद:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी है कि भारत को 2047 तक विकसित भारत बनाना है। इसके लिये मोदी सरकार की गारंटी गाड़ी गांव-गांव जाकर डबल इंजन की सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दे रही है। साथ पात्रों को उज्ज्वला गैस कनेक्शन व आयुष्मान कार्ड दिये जा रहे हैं। विकासखण्ड की ग्राम पंचायत पुरवा व महदोइया में कार्यक्रम की मुख्य अतिथि के तौर पर विधायक जयदेवी कौशल मौजूद रहीं। विधायक जयदेवी कौशल का प्रधान संघ अध्यक्ष प्रतिनिधि अखिलेश उर्फ अंजू सिंह ने 21 किलो का फूलमाला पहनाकर भव्य स्वागत किया। विधायक जयदेवी कौशल ने महिलाओं को उज्ज्वला गैस कनेक्शन के साथ गैस चूल्हा वितरित किया। साथ ही एक गर्भवती महिला को गोदभराई कराने के साथ नौनिहाल बच्चे का अन्नप्रसन्न कराया।

# जमीन दिलाने का झांसा देकर हड़पे 8.30 लाख

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- रुपये देने के बाद भी पीड़ित को नहीं मिली जमीन

**अमृत विचार:** बीबीडी थाने में एक युवक ने दो जालसाजों पर धोखाधड़ी का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई है। पीड़ित का कहना है कि आरोपियों ने जमीन दिलाने का झांसा देते हुए उसे 8.30 लाख रूपये हड़प लिए है।

बाराबंकी के रौनकबाग जलालपुर रोड निवासी मो. मुईद ने बताया कि कुछ वर्ष पूर्व उसकी मुलाकात मो.साद और इरसाद से हुई थी। जालसाज भाईयों ने उसे बीबीडी के हासेमऊ गांव में कम दर में जमीन दिलाने का आश्वासन दिया था। जमीन पंसद आने पर आरोपियों ने उससे 8.30 लाख रुपये में सौदा तय किया था। पीड़ित ने बताया कि उसने आरोपियों के खाते में रूपये ट्रांसफर कर दिए। बावजूद इसके पीड़ित को न तो जमीन मिली। जिसके बाद पीड़ित ने आरोपियों के खिलाफ सम्बन्धित थाने लिखित शिकायत देते हुए कार्रवाई किए जाने की मांग की, लेकिन पुलिस ने मामला दर्ज नहीं किया। उसके बाद पीड़ित ने डीसीपी पूर्वी से मुलाकात कर शिकायत की। जिनके निर्देश पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है।

### गर्भवती को पीटा, पति को जान से मारने की दी धमकी

**अमृत विचार, लखनऊ:** दबंगों ने गर्भवती को पीट कर घायल कर दिया, बचाने पहुंचे पति को जान से मारने की धमकी दी। आसपास के लोग पहुंचे तो आरोपी भाग निकले। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू की है। ठाकुरगंज थाना अंतर्गत निवाजगंज निवासी पिंकी पत्नी सुनील कुमार ने बताया कि वह गर्भवती है। 15 जनवरी की शाम कमरे में सो रही थी। इसी दौरान गांव न रिन्कू कन्नौजिया कमरे में घुसा और पेट पर लात मार दी। चीख सुनकर पति सुनील पहुंचे तो उनको भी पीट जान से मारने की धमकी देने लगा। घटना में दंपती गंभीर घायल हो गये। आरोप ने पुलिस से शिकायत करने पर दोनों को दोबारा घर में घुस पीटने की बात कही है। इससे दंपती भयभीत हैं। उन्होंने पुलिस को दी तहरीर में सुरक्षा की गुहार लगायी है। इंस्पेक्टर श्रीकांत राय ने बताया रिन्कू और पिन्टू कनौजिया के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

# ग्राम समाज की भूमि पर कब्जे का प्रयास

संवाददाता, मलिहाबाद

- ग्राम समाज की भूमि पर फर्जी समाधि बनाकर कब्जा करने का प्रधान ने लगाया आरोप

**अमृत विचार:** माल क्षेत्र की ग्राम समाज की कीमती भूमि पर समाधि दर्शाकर उस पर कब्जा किये जाने का आरोप लगाते हुये ग्राम प्रधान ने उपजिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर भूमि मुक्त कराने की मांग की है। उपजिलाधिकारी ने भूमि की जल्द पैमाइश कराकर भूमि मुक्त कराने का भरोसा दिया है।

क्षेत्र के अकबरपुर पंचायत की प्रधान सुनीता देवी ने मंगलवार उपजिलाधिकारी शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया है कि गाटा संख्या 184 रकबा 0.063 हे. जो सरकारी अभिलेखों में बंजर भूमि के रूप में अंकित है। आरोप है गांव निवासी शिवकुमार, जय हिंद संकटा प्रसाद, कैलाश व कमल निवासी अकबरपुर सभी लोग एक राय होकर ग्राम समाज की भूमि पर फर्जी तरीके से समाधि का स्वरूप दर्शाकर कब्जा करना चाहते है। आरोप यह भी है विवाद उत्पन्न करने के लिए सोमवार को शिवकुमार आदि ने खुद ही समाधियों को खोद कर हम सब के विरुद्ध थाने में तहरीर देकर समाधि खोदने का फर्जी आरोप लगाया जिसकी पुलिस जांच कर रही है।

प्रधान का यह भी आरोप है ग्राम समाज की भूमि पर दर्शाई गईं कब्रें फर्जी है उक्त भूमि पर कभी कोई मुर्दा दफन नही किया गया है। उधर कुछ दिन पूर्व हुए विवाद के बाद बीते 12 दिसम्बर को क्षेत्रीय लेखपाल रूपेश कुमार गुप्ता ने भूमि की पैमाश करने के बाद भूमि को पंचायत के सुपुर्द कर दी। लेखपाल द्वारा पंचायत को दिये गये सुपुर्दगी नामे में उल्लेख किया है कि गाटा संख्या 184 रकबा 0.063 हे. जो तहसील के वर्तमान राजस्व अभिलेखों में बंजर श्रेणी के रूप में दर्ज है। जिसके चिन्हांकन के उपरांत भूमि व उस पर खड़े पेड़ को पंचायत की भूमि प्रबन्धन समिति अकबरपुर के अध्यक्ष ग्राम प्रधान के सुपुर्द की जाती है। उधर शिवकुमार आदि का दावा है जमीन काफी दिनों से उनके कब्जे में है जिसपर उनके पूर्वजों की समाधियां बनी हुई है। उक्त जमीन में उनके परिवार के मृत लोगों को दफन किया जाता है ।

## अपराध — बोलचाल बंद होने पर वायरल की प्रेमिका की आपत्तिजनक फोटो

# बात नहीं कर रही हो, फोटो वायरल कर दूंगा...

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- संयुक्त पुलिस आयुक्त के आदेश पर गोमतीनगर पुलिस ने दर्ज की प्राथमिकी

**अमृत विचार:** गोमतीनगर थाने में एक छात्रा ने प्रेमी पर आपत्तिजनक फोटोग्राफ वायरल करते हुए दो लाख रुपये की रंगदारी मांगे जाने का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई है। छात्रा का कहना है कि बातचीत बंद होने पर प्रेमी उसकी आपत्तिजनक फोटोग्राफ को वायरल करने की धमकी देते हुए ब्लैकमेल करने लगा। दो लाख रुपये न देने पर प्रेमी ने उसकी फोटोग्राफ वायरल कर दी।

प्रभारी निरीक्षक दीपक पाण्डेय के मुताबिक, बदायूं की रहने वाली छात्रा (18) की दोस्ती बदायूं के दातागंज निवासी राहुल मैथिली से थी। दोनों के बीच प्रेम संबंध थे। लिखित शिकायत में छात्रा ने बताया कि इस बात की भनक लगते ही परिजनों ने उसे पढ़ने के लिए लखनऊ भेज दिया। लखनऊ आने के बाद युवती ने राहुल से बातचीत करनी बंद कर दी।

आरोप है कि बावजूद इसके राहुल उसे लगातार कॉल करता रहा। कॉल और मैसेज का दबाव न देने पर आरोपी उसे ब्लैकमेल करने लगा। छात्रा ने बताया कि पूर्व में वह राहुल के साथ कई बार घूमने गई थी। उस वक्त की तमाम फोटोग्राफ राहुल के पास सुरक्षित थी। इन फोटोग्राफ को वायरल करने की धमकी देने लगा।

छात्रा का कहना है कि परेशान होकर उसे परिजनों को राहुल की करतूत भी बताई थी। जिसके बाद छात्रा के घर वालों ने युवक को समझाया भी था लेकिन वह अपनी करतूत से बाज नहीं आया।

### रुपये न देने पर वायरल की फोटो

छात्रा का कहना है कि प्रेमी राहुल ने उसकी आपत्तिजनक फोटोग्राफ वायरल करने की भी धमकी दी थी। फोटो वायरल न करने की एवज में वह दो लाख रुपये की मांग करने लगा। आरोप है कि रुपयों की मांग पूरी न होने पर राहुल ने उसकी फोटो सोशल मीडिया में वायरल कर दी। परिवार वालों के साथ ही दोस्तों को भी फोटो भेजी गई। जिससे परेशान होकर छात्रा ने संयुक्त पुलिस आयुक्त से मुलाकात कर मदद कार्रवाई किए जाने की मांग की। जिनके निर्देश पर गोमतीनगर पुलिस ने राहुल मैथिली के खिलाफ गंभीर धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि सर्विलांस की मदद से आरोपी की लोकेशन ट्रेस की जा रही है।

# बीकॉम छात्र की मौत मामले में हत्या की रिपोर्ट दर्ज

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- इंदिरा नहर में मिला था शव, सिर पर थे चोट के निशान

**अमृत विचार:** अपने दोस्त के घर जाने की बात कहकर 20 दिसंबर को बीकेटी के मदारीपुर गांव निवासी अभिषेक (27) लापता हो गया था। सोमवार को उसका शव इंदिरानहर में मिला। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में सामने आया कि अभिषेक के साथ मारपीट की गई थी। जिसके चलते उसकी मौत हुई है। इस मामले में गुडम्बा पुलिस ने पिता इंद्रसेन की तहरीर पर हत्या का मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस जांच में सामने आया कि अभिषेक आईआईएम रोड निवासी अपने एक दोस्त के घर जाने की बात कह कर निकला था।

भाई धीरेंद्र प्रताप के मुताबिक, घर न लौटने पर भाई 21 दिसंबर को बीकेटी थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई थी. 20 दिसंबर की रात करीब 11 बजे आखिरी बार अभिषेक से फोन पर बात हुई थी। जांच में सामने आया था कि उसका मोबाइल देवा थाना क्षेत्र की माती चौकी एरिया में किसान पथ पर बंद हुआ था। पुलिस की खोजबीन के दौरान गुडंबा थाना क्षेत्र में नहर में शनिवार को उसकी बाइक मिली थी। जिसके बाद पुलिस ने अपनी छानबीन तेज कर दी थी।

# अयोध्या में दिख रही अलौकिक आभा

## भव्यता के साथ नव्यता का दर्शन करा रही रामनगरी, भाव विभोर हो रहे आने वाले भक्त

राज्य ब्यूरो, अयोध्या

**अमृत विचार :** रामलला को गर्भगृह में विराजने का सात दिवसीय अनुष्ठान मंगलवार को शुरू हो गया। इसी के साथ हाइवे से लेकर सरयू घाट और राम मंदिर तक रंग-बिरंगी रोशनी में अलौकिक आभा दिखाई दे रही है। नव्य अयोध्या को देखकर हर कोई विस्मित सा है। सुंदर प्रवेश द्वार, रोड पर चमचमाते सूर्य स्तंभ, म्यूरल पेंटिंग, साफ सुथरी और चौड़ी सड़कें, स्वच्छ और निर्मल सरयू, सुंदर तट, राम की पैड़ी की अलौकिक आभा और एक ही पैटर्न पर बनाई गई सजी-धजी दुकानें नई अयोध्या के दर्शन करा रही हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अयोध्या का ऐसा कायाकल्प किया है कि जो लोग अब अयोध्या आएंगे, उन्हें त्रेतायुग जैसा ठाट-बाट सम्मोहित कर देगा। हजारों करोड़ की विकास परियोजनाओं का असर है कि मामूली का हवाई अड्डा अब चमचमाता हुआ अंतरराष्ट्रीय स्वरूप ले चुका है। लोग कहते हैं कि 14 सौ करोड़ से बने इस महर्षि बाल्मिकी अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट में राज्य सरकार का 11 सौ करोड़ का योगदान शायद किसी राज्य के राज्यांश का ऐतिहासिक उदाहरण होगा।

सड़क के बीच में लगे सूर्य स्तंभ, रात के अंधेरे में रामनगरी की सुंदरता को दोगुना बढ़ा रहे हैं। प्रवेश द्वार देखकर ही इस बात का एहसास हो जाता है कि आप किसी दिव्य नगरी में प्रवेश कर रहे हैं। पूरे रास्ते आपको दीवारों पर भगवान राम से जुड़ी अदभुत वॉल पेंटिंग देखने को मिलेगी, जो आपको श्रद्धा से सराबोर कर देगी। दूधिया रोधनी में सरयू घाट से रामलला के मंदिर जाने वाले लता मंगेशकर चौक या वीणा चौक का अलग ही नराजा है। प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री योगी ने यहां बीते दिनों सेल्फी ली थी, अब तो हर कोई सेल्फी के लिए आतुर दिखता है। अवध विवि के ललित कला विभाग के छात्र यहां से लेकर राम मंदिर तक सड़क पर ऐसी मनोरम रंगोली बना रहे हैं कि लोग फोटो खींचते नहीं थक रहे हैं।

प्रदेश सरकार ने 105.65 करोड़ के विभिन्न जीर्णोद्धार और विकास कार्यों को पूरा कर नव्य आभा और भव्य स्वरूप से राम की पैड़ी के किनारे स्थित घाटों की एक श्रृंखला सजाई है। यहां तरह-तरह के स्टेज, कार्यक्रम, लोगों के साक्षात्कार, साधु-संतों की चर्चा देखने काफी भीड़ जुट रही है।

**बदलाव की तस्वीर दिखा रहे सजे द्वार, सूर्य स्तंभ, म्यूरल पेंटिंग और चमक रहीं चौड़ी सड़कें**

"ईवी बसों का अच्छा रिस्पॉन्स देखने को मिल रहा है। अभी शुरुआत में 50 बसों का संचालन शुरू किया है। योजना के अनुसार और बसें आने के बाद बसों के रूट को और अधिक विस्तार दिया जाएगा। फिलहाल 5 रूट पर इसका संचालन किया जा रहा है। इसमें अयोध्याधाम कटरा से सहादतगंज (रामपथ) पर, सलारपुर से अयोध्याधाम, भरतपुर से रेलवे स्टेशन कैंट, अयोध्या कैंट से बारून बाजार और पूरा बाजार से रेलवे स्टेशन कैंट तक संचालित की जा रही हैं। महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट से भी बसों का संचालन शुरू कराया जा रहा है।

–विशाल सिंह, नगर आयुक्त



प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर सजाया गया अयोध्या का लता चौक।

### भगवा रंग में रंगी हुईं दुकानें और मकानों की श्रृंखला

हनुमानगढ़ी मंदिर के रास्ते में घुसते ही पक्की सड़क, दोनों तरफ भगवा रंग में पुती हुई एक ही तरह की दुकानों का सिलसिला राम मंदिर तक बना हुआ है। पूरी अयोध्या दुल्हन की तरह सज गई है। दूर से रामलला के मंदिर की भव्यता देखते बन रही है। मंदिर के पास भंडारा भी चल रहा है। तमिलनाडु, कर्नाटक, केरल से भक्त आ रहे हैं। बड़ी तादाद में सिख भी श्रीरामलला के दर्शनों को पहुंच रहे हैं। साधु संत भक्ति में लीन हैं। माला जाप हो रहा है। राम जी के गाने बज रहे हैं, नगरी हो अयोध्या सी..। हर पर्यटक का मन प्रफुल्लित है, रोमांचित है। वह कहते हैं, यहीं बस जाने का मन चाहता है।

### ई-बसों को लेकर यात्रियों में दिख रहा आकर्षण

रामपथ पर बड़ी संख्या में लोग ईवी बसों का इंतजार करते दिखाई दे रहे हैं। इस रूट पर सबसे ज्यादा क्रेज देखा जा रहा है। यात्रियों की बड़ी संख्या इन बसों में सफर कर रही है। खासकर बाहर से आने वाले यात्रियों और श्रद्धालुओं को इससे काफी राहत मिल रही है। देवरिया से आई सुशीला के अनुसार, लता चौक से हर 5 मिनट में बस मिल रही है जो हमें राम पथ पर पहुंचा देती है। 80 वर्षीय बुद्धदेव चंदौली से आए हैं। बताया कि इन बसों में बैठने और चढ़ने व उतरने में भी काफी सुविधा रहती है। इसके साथ ही स्थानीय लोगों को भी ईवी बसों का आदि लाभ मिल रहा है।



भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के वरिष्ठ महामंत्री के नेतृत्व में शिवाजी मार्ग पर श्री राम उत्सव यात्रा निकालते व्यापारी। अमृत विचार

## पोस्टर लेकर निकाली श्री रामोत्सव यात्रा

**अमृत विचार, लखनऊ :** आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में प्रभु श्रीराम मंदिर में होने वाली प्राण प्रतिष्ठा को लेकर भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के वरिष्ठ महामंत्री ज्ञानेश मिश्र के नेतृत्व में हीवेट रोड, शिवाजी मार्ग बाजार में पोस्टर लेकर श्रीरामोत्सव यात्रा निकाली। बाजार में आ रहे हमारे प्रभु श्री राम, व्यापारियों करो स्वागत की तैयारी लिखे पोस्टर व स्टीकर वितरित किए गए। 22 जनवरी को बाजारों में रामधुन सुनाई जायेगी और गायक कलाकारों द्वारा प्रभु श्री राम के भजन भी गाये जायेंगे। इस मौके पर अशोक अग्रवाल, श्याम सिंघल, अंकित अग्रवाल, अमित अग्रवाल, कानपुर के गुरुजिंदर सिंह, संजय सिंह भदौरिया, राकेश गुप्ता, अश्वनी गुप्ता और उन्नाव जिला अध्यक्ष अखिलेश अवस्थी सहित प्रदेश के अन्य जिलों के पदाधिकारी मौजूद रहे।

## भोग के लिए आगरा से आया 56 प्रकार का 560 किलो पेठा

राज्य ब्यूरो, अयोध्या

**अमृत विचार :** गर्भगृह में प्रतिष्ठित होने जा रहे रामलला के लिए अनेक अमूल्य उपहार आ रहे हैं। इसी क्रम में आगरा के प्रसिद्ध पंछी पेठे की ओर से छप्पन अलग-अलग स्वाद में श्री रामलला के भोग के लिए 56 किस्म का 560 किलो पेठा पहुंचाया गया है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की जनसहभागिता की अपील पर समाज का प्रत्येक तबका अपने सामर्थ्य के अनुसार जुटा है। पेठे के अलावा अन्य स्थानों से रत्न जड़ित पोशाक, चांदी की थाल, पूजा सामग्री आदि भी उपहार स्वरूप मंदिर ट्रस्ट को मिली है। आगरा व्यापार मंडल की ओर से लाया गया पंछी पेठा कारसेवकपुरम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय संपर्क प्रमुख रामलाल, विश्व हिन्दू परिषद के राजेन्द्र सिंह पंकज आदि की उपस्थिति में स्वीकारा गया।



**मुख्यमंत्री की अपील पर हर कोई सामर्थ्य के अनुसार अर्पित कर रहा भेंट**

## दुकानों पर लगे श्रीराम झंडा व्यापारी निकालेंगे वाहन रैली

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप बंसल ने मंगलवार को दारुलशफा स्थित कार्यालय पर व्यापारियों के साथ बैठक की। इसमें संगठन से जुडे.सभी व्यापारी नेताओं से दुकानों पर श्री रामलला का झंडा तीन दिन में लग जाने का आग्रह किया। सभी व्यापारियों का संकल्प होना चाहिए कि हर दुकान पर झंडा रहे।

जो पदाधिकारी अपने-अपने बाजारों में बैनर और होर्डिंग लगवा सकते हैं वह भी तत्काल लगवा लें ताकि देश-विदेश से आने वाले अतिथि लखनऊ होकर अयोध्या जा रहे हैं उनको एहसास हो कि श्रीराम की नगरी में जाने से पूर्व लखनपुरी वालों ने उनका जोरदार स्वागत किया है।

बैठक में उपस्थित संगठन के प्रदेश अध्यक्ष रिपन कंसल, प्रदेश के प्रवक्ता सुरेश छबलानी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनुज गौतम, ललित सक्सेना, पतंजलि यादव सहित समस्त पदाधिकारियों ने बाजारों में भ्रमण कर झंडा लगाने की बात पर मुहर लगाई। 18 जनवरी को राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप बंसल लालबाग परिक्षेत्र में झंडा एवं अयोध्या के श्रीराम मंदिर का चित्र वितरित करेंगे।

19 जनवरी दिन व्यापारियों द्वारा दो पहिया वाहन रैली निकाली जाएगी। 20 और 21 जनवरी को अयोध्या पहुंचने वाले विशिष्ट अतिथियों के स्वागत का प्रबंध किया जाएगा। मनीष अग्रवाल, प्रदेश की महिला महामंत्री एकता अग्रवाल, सनत गुप्ता मृदुला भार्गव, पीयूष गुप्ता, नितिन श्याम अग्रवाल, सुधीर अग्रवाल सहित कई पदाधिकारी उपस्थित थे।

**अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल की बैठक**

### आज से प्रयागराज-अयोध्या-गोरखपुर के लिए शुरू होगी वॉल्वो बस सेवा

**राज्य ब्यूरो, अमृत विचार :** राज्य सरकार ने प्रयागराज के पवित्र माघ मेले, अयोध्या धाम में रामलला के प्राण–प्रतिष्ठा जैसे महत्वपूर्ण आयोजन को देखते हुए इन्हें वॉल्वो सेवा से जोड़ा है। ऐसे में 17 जनवरी से प्रयागराज–गोरखपुर वाया अयोध्या–बस्ती मार्ग पर वॉल्वो संचालित की जाएगी। परिवहन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह ने बताया कि अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं, यात्रियों को अच्छी परिवहन सुविधा उपलब्ध कराने के लिए अनुबंध के आधार पर इसे संचालित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि यह बस सेवा प्रयागराज से प्रातः 7.30 बजे चलेगी, प्रातः 11.35 बजे अयोध्या पहुंचेगी, बाद में दोपहर 2.30 बजे गोरखपुर पहुंचेगी। यह बस गोरखपुर से अपराह्न 3.30 बजे चलेगी, अयोध्या 6.35 बजे पहुंचेगी एवं रात 10.30 बजे प्रयागराज पहुंचेगी। परिवहन मंत्री ने बताया कि 22 से 26 जनवरी तक सभी बस स्टेशनों की साज–सज्जा रखने के निर्देश दिये गये हैं। यात्रियों, श्रद्धालुओं को बस स्टेशनों, बसों में रामधुन सुनाई दे। बस स्टेशनों पर एलईडी एवं फ्लैक्सी के माध्यम से यात्रियों को बसों के आवागमन की जानकारी उपलब्ध होगी। साथ ही उन्होंने बस स्टेशनों एवं बसों की साफ–सफाई के विशेष निर्देश हैं।

## सोने-चांदी व हीरे से बनाई राम मंदिर की अनुकृति

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रभु श्रीराम की आस्था के सागर में पूरा देश सराबोर हो चुका है। गुलाबी मीनाकारी के राष्ट्रीय अवॉर्ड से सम्मानित हस्तशिल्पी वाराणसी के कुंज बिहारी ने सोने, चांदी और हीरे से 108 दिनों की मेहनत से श्रीराम मंदिर की रेप्लिका यानी अनुकृति बनाई है। जीआई और ओडीओपी उत्पादों में शुमार गुलाबी मीनाकारी की चमक पूरी दुनिया में है।

शिल्पकार कुंज बिहारी का दावा है कि पहली बार गुलाबी मीनाकारी से श्रीराम मंदिर की अनुकृति बनाई गई है। इसको बनाने में 108 दिन का समय लगा है। गुलाबी मीनाकारी में सोने और चांदी का प्रयोग किया जाता है। राम मंदिर की अनुकृति लगभग 2.5 किलो की है, जो 12 इंच ऊंची, 8 इंच चौड़ी और 12 इंच लंबी है। इसमें सोना, करीब डेढ़ किलो चांदी और अनकट डायमंड शिखर पर लगाया गया है। प्रभु राम के मंदिर की अनुकृति 108 अलग-अलग हिस्सों को जोड़कर निर्मित किया गया है।



**108 दिनों की कारीगरी से गुलाबी मीनाकारी के नेशनल अवॉर्डी हस्तशिल्पी का कमाल**

### मोदी और योगी विश्व के नेताओं को देते हैं गुलाबी मीनाकारी के उपहार

बता दें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ काशी के शिल्पियों के हुनर का बेजोड़ नमूना गुलाबी मीनाकारी के उत्पाद उपहार में देते रहते हैं। प्रधानमंत्री मोदी अमेरिका की उप राष्ट्रपति कमला हैरीस, ऑस्ट्रेलिया के पीएम स्कॉट मॉरिसन, जापान के प्रधानमंत्री और फ्रांस के मैनुअल माइक्रोन की पत्नी को भी जीआई प्रोडक्ट के अनोखे तोहफे दे चुके हैं। मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी की गुलाबी मीनाकारी को योगी आदित्यनाथ के प्रयासों से पंख लग गया है।

## पर्यटकों के लिए अयोध्या में शुरू होगी देश की पहली सोलर बोट

### प्राण प्रतिष्ठा के पहले सरयू में संचालन शुरू करने का निर्देश

राज्य ब्यूरो, अयोध्या

**अमृत विचार :** अयोध्या के त्रेतायुगीन वैभव को पुनर्स्थापित करने में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सरयू नदी में देश की पहली सोलर बोट के संचालन को हरी झंडी दे दी है। इसका संचालन हर हाल में 22 जनवरी को रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम से पहले शुरू करने का निर्देश दिया है। इसका संचालन यूपीनेडा नया घाट से गुप्तारघाट तक करेगी। इसमें 30 पर्यटकों के एक साथ बैठने का इंतजाम है।

अयोध्या को मॉडल सोलर सिटी के रूप में परिवर्तित करने का मुख्यमंत्री योगी के विजन में सोलर बोट भी एक पड़ाव है। यूपीनेडा के प्रोजेक्ट मैनेजर प्रवीण नाथ पाण्डेय ने बताया कि यह बोट 12 किलोवॉट इलेक्ट्रिक आउटबोर्ड ट्विन मोटर आधारित है। बोट में 46 किलोवॉट प्रति घंटा क्षमता वाली एलेपटी बैटरी लगाई गई है तथा बोट 30 पैसेंजर्स व दो क्रू के लिहाज से ऑपरेशनल होगी।

बताया कि 17 से 18 जनवरी के बीच बोट तमाम टेस्टिंग प्रक्रियाओं से गुजरेगी, जिसमें जलावतरण भी शामिल होगा। यह बोट रिमोट व्यूइंग जैसी उच्च तकनीक से भी लैस है। 22 जनवरी को श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में होने वाले प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम के पहले मुख्यमंत्री इसका उद्घाटन करेंगे। इसी के साथ ऐसी अन्य बोटों के नियमित संचालन का मार्ग प्रशस्त होगा।



**नया घाट से यूपीनेडा करेगी संचालन, देश में निर्मित बोट में 30 यात्रियों के बैठने की क्षमता**

### एक घंटे में मंदिरों का दर्शन कराएगी बोट

यह बोट फाइबरग्लास बॉडी युक्त है, जोकि लाइट वेट व हेवी ऑपरेशन ड्यूरेबल मैटेरिल से बनी है। साथ ही, बोट के संचालन के दौरान किसी प्रकार की ध्वनि या पर्यावरणीय प्रदूषण नहीं होता है। इस बोट में एक बार में 30 लोग यात्रा कर सकेंगे तथा यह सरयू नदी में नया घाट से संचालित होगी। इस बोट संचालन समयावधि एक घंटे से लेकर 45 मिनट के आसपास रखा जाएगा, जिसमें सरयू नदी के किनारे स्थित विभिन्न ऐतिहासिक मंदिरों व धरोहरों का दर्शन यात्री कर सकेंगे।

## अयोध्या मार्ग पर दो दिन में बनेगी दो लेन सड़क

### अयोध्या जाने वाले मार्ग से जाम कम करने के लिए नगर निगम ने शुरू की कवायद

- चिनहट चौराहे के पास नगर निगम ने सड़क से खम्भे और पेड़ हटाए
- इसके बाद आएगा मटियारी चौराहे का नंबर, हटेंगे कब्जे

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

**अमृत विचार :** अयोध्या की ओर जाने वाले मार्ग पर जाम न लगने पाए, इसे लेकर ठोस पहल शुरू कर दी गई है। इसके लिए नगर निगम दो दिन में मुख्य मार्ग के किनारे दो लेन बनाने का काम पूरा कर देगा। इस सिलसिले में मंगलवार को नगर निगम ने चिनहट चौराहे और आसपास के क्षेत्रों में आवागमन में बाधा बन रहे बिजली के खंभे और पेड़ हटाए। इसके अलावा चौराहे के पास अवैध कब्जों पर बुलडोजर चला मार्ग को खोला गया। इसके बाद मटियारी और कमता चौराहे का नंबर आएगा। यहां से भी अतिक्रमण हटा मार्ग साफ किया जाएगा।

अयोध्या में 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को देखते हुए मुख्य मार्ग से जाम खत्म करने की कवायद शुरु हो गयी है।

अयोध्या से लखनऊ आते समय फ्लाईओवर होने से जाम की समस्या कम रहती है। लेकिन अयोध्या की ओर जाने वाले मार्ग पर न तो फ्लाईओवर और न ही मार्ग खाली है। इसका नतीजा सड़क पर यातायात अराजकता के रूप में सामने आता है। चिनहट, मटियारी और कमता चौराहे तक जाम बना रहता है। नगर निगम को चौराहों के चौड़ीकरण और अतिक्रमण हटाने की जिम्मेदारी दी गयी थी। मंगलवार को नगर आयुक्त इन्द्रजीत सिंह सहित नगर निगम की प्रवर्तन टीम की उपस्थिति में सड़क से अतिक्रमण, बिजली के खंभे और पेड़ हटा दिए गए।



सड़क चौड़ीकरण में बाधा बन रहे खंभे हटाये गये। अमृत विचार

"अयोध्या मार्ग पर चिनहट चौराहे के पास नगर निगम ने यातायात में बाधा बन रहे बिजली के खंभे और पेड़ हटा दिए हैं। अतिक्रमण भी ध्वस्त कर दिया गया है। नगर निगम दो दिन में यहां दो लेन बना देगा। चिनहट, मटियारी और कमता चौराहे का चौड़ीकरण और सौंदर्यीकरण स्मार्ट सिटी से कराया जाएगा। इससे अयोध्या मार्ग पर जाम की समस्या कम हो जाएगी।

–इन्द्रजीत सिंह, नगर आयुक्त लखनऊ नगर निगम

### नगर निगम चौराहों का कराएगा सौंदर्यीकरण

मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब ने पिछले महीने अयोध्या मार्ग का निरीक्षण किया था। अयोध्या मार्ग पर तीन ऐसे चौराहे चिन्हित किए गए जहां सबसे ज्यादा जाम लगता है। इनमें चिनहट, मटियारी और कमता चौराहा शामिल हैं। जाम की समस्या से निपटने के लिए मंडलायुक्त ने तीनों चौराहों का चौड़ीकरण व सौंदर्यीकरण कराने के नगर आयुक्त को निर्देश दिए थे। नगर निगम इन तीनों चौराहों का स्मार्ट सिटी से चौड़ीकरण व सौंदर्यीकरण कराएगा।

## भाजपा ने 20 क्लस्टर में दिग्गज नेताओं को सौंपी जिम्मेदारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- मिशन 80 के तहत सभी लोकसभा सीट जीतने का लक्ष्य

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव में सीटों के लिहाज से उत्तर प्रदेश की बड़ी भूमिका को देखते हुए भाजपा ने पूरे प्रदेश की 80 सीटों को 20 क्लस्टर में बाटकर पार्टी के दिग्गज नेताओं को जिम्मेदारी सौंप है। हर क्लस्टर में औसतन तीन से पांच लोकसभा सीटें शामिल की गई है।

लोकसभा चुनाव के लिहाज से उत्तर प्रदेश देश की सभी राजनीतिक पार्टियों के लिए सबसे महत्वपूर्ण राज्य है। यहां से सबसे ज्यादा 80 लोकसभा सीट आती हैं। इसलिए राजनीति में कहावत भी है कि उत्तर प्रदेश से ही दिल्ली का सफर तय होता है, यानी कि जिस पार्टी के पास उत्तर प्रदेश में सबसे अधिक सीटें हों, उसका रास्ता प्रधानमंत्री की कुर्सी तक पहुंचने के लिए आगामी लोकसभा चुनाव में सभी 80 सीटों को जीतने का दावा कर रही भारतीय जनता पार्टी ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। इसके चलते प्रदेश की 80 लोकसभा सीटों को 20 क्लस्टर में विभाजित किया गया है। इसमें 5 क्लस्टर हारी हुई सीटों के हैं और 15 क्लस्टर जीती हुई सीटों के बनाए गए हैं। भाजपा ने यूपी सरकार के मंत्रियों और पार्टी के नेताओ को इन क्लस्टरों का प्रभारी भी नियुक्त किया है।

वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना को लखनऊ, उन्नाव, मोहनलालगंज और रायबरेली लोकसभा सीटों के क्लस्टर का प्रभारी नियुक्त किया गया है। कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही आजमगढ़, मऊ और बलिया सीटों के क्लस्टर प्रभारी होंगे। पशुधन मंत्री धर्मपाल सिंह कैसरगंज, बहराइच, श्रावस्ती और गोंडा सीटों के क्लस्टर प्रभारी होंगे। पूर्व मंत्री सुरेश राणा को बरेली, पीलीभीत, आंवला, शाहजहांपुर और बदायूं सीटों के क्लस्टर का प्रभारी बनाया गया है। व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास मंत्री राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिलदेव अग्रवाल को गौतम बुद्ध नगर, गाजियाबाद, बागपत और मेरठ सीटों के क्लस्टर के प्रभारी का दायित्व दिया गया है। समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण को हाथरस, मथुरा और अलीगढ़ सीटों का क्लस्टर प्रभारी नियुक्त किया गया है। खेल एवं युवा कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गिरीश चंद्र यादव को वाराणसी, गाजीपुर और चंदौली सीटों का क्लस्टर प्रभारी बनाया गया है। परिवहन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह को अयोध्या और अंबेडकरनगर सीटों का क्लस्टर प्रभारी नियुक्त किया गया है।

इसी तरह कानपुर क्षेत्र के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अनिल यादव हमीरपुर, बांदा व फतेहपुर सीटों के क्लस्टर प्रभारी होंगे।

### 2014 और 2019 में भाजपा का प्रदर्शन

2014 के लोकसभा चुनाव में एनडीए ने यूपी की 80 में से 73 सीटें जीती थी। भाजपा 71 और अनुप्रिया पटेल की अपना दल ने दो सीटों पर कब्जा जमाया था, लेकिन 2019 के चुनाव में सपा–बसपा–आरएलडी गठबंधन के चलते भाजपा का समीकरण गड़बड़ा गया था। ऐसे में भाजपा गठबंधन 80 लोकसभा सीटों में से 64 सीटें ही जीत सका था। इस तरह से 2014 की जीती अपनी 9 सीटें 2019 में गंवा दी थी।

## पीएफआई की गतिविधियों पर एसटीएफ–एटीएस की नजर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा से पहले एसटीएफ और एटीएस ने पूर्वांचल के एक दर्जन जिलों में पीएफआई से जुड़े लोगों पर अपनी नजरें टिका दी है। सौ से अधिक लोगों की गतिविधियों पर खास नजर रखी जा रही है। उनके करीबियों और शरणदाताओं की भी खोजबीन हो रही है।

पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) की गैरकानूनी और राष्ट्रविरोधी संदिग्ध गतिविधियों में उनकी संलिप्तता मौके-बेमौके सामने आती रही है, इसलिए सुरक्षा एजेंसियां कोई जोखिम लेना नहीं चाहती हैं। राममंदिर के शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान भी पीएफआई की ओर से गड़बडी की कोशिश हुई थी। सोशल मीडिया पर पोस्ट कर साम्प्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने का प्रयास किया जा रहा था। हालांकि कोई अप्रिय हरकत होने से पहले ही शिलान्यास कार्यक्रम के दिन ही पीएफआई के एक सक्रिय सदस्य को मड़ियांव थाना क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया गया था। पकड़े जाने के बाद पता चला था कि उस सदस्य का कार्य क्षेत्र वैसे तो दिल्ली था, लेकिन यहां वह किराए का मकान लेकर रह रहा था। दो माह पहले भी लखनऊ, कानपुर, भदोही, सिद्धार्थनगर और गोरखपुर और वाराणसी आदि जिलों में भी एनआईए के ऑपरेशन में पीएफआई की पूर्वांचल जड़ें गहरी होने का पता चला था, इसीलिए प्राण प्रतिष्ठा से पहले सुरक्षा और खुफिया एजेंसियां उच्च स्तरीय अतिरिक्त सतर्कता बरत रही हैं। प्रतिबंधित संगठनों से जुड़े और पूर्व हुए सांप्रदायिक घटनाओं में प्रकाश में आए लोगों के भी निगरानी के निर्देश दिए गए हैं।

इनके जमानतदार-मददगार और पहचाने गए शरणदाताओं का भी सत्यापन कराया जा रहा है।

**प्राण-प्रतिष्ठा से पहले पूर्वांचल में बरती जा रही अतिरिक्त सतर्कता**

# रामानंदी संप्रदाय से ही मुख्य पुजारी नियुक्त किया जाना चाहिए : सत्येंद्र दास

**रामलला के मुख्य पुजारी बोले- भाजपा की तरह ट्रस्ट में भी नहीं चलता परिवारवाद**


आचार्य सत्येंद्र दास, मुख्य पुजारी, रामलला

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार** : पांच वर्ष के बाल रूप में भव्य मंदिर में रामलला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा में केवल पांच दिन शेष रह गए हैं। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की ओर से सभी तैयारियां अंतिम चरण में हैं। अमृत विचार ने मंगलवार को रामलला के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास से विभिन्न बिन्दुओं पर बातचीत की। आचार्य ने कहा कि मोदी और योगी जैसा कोई नेतृत्व वर्तमान में नहीं है। रामलला की इच्छा से हूं और उन्हीं की इच्छा से हटूंगा। उन्होंने यह भी कहा कि भाजपा की तरह ट्रस्ट में भी परिवारवाद नहीं चलता है। प्रस्तुत है **मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास से अमृत विचार संवाददाता कमर अब्बास** की बातचीत के प्रमुख अंश...

- रामलला भव्य मंदिर में विराजमान होने जा रहे हैं। पुजारी भी नियुक्त किए गए हैं। ऐसे में ट्रस्ट आपको सेवानिवृत्त करता है तो क्या कहेंगे?
- रामलला की इच्छा से पूजा करता आया हूं, उनकी जैसी इच्छा होगी वैसा होगा। ट्रस्ट सेवानिवृत्त करता है तो कारण अवश्य पूछूंगा, उचित कारण बताया तो दायित्व छोड़ दूंगा। मुख्य पुजारी के अनेक दायित्व होते हैं, नियुक्त किए गए सभी सहायक पुजारी हैं।
- आपने पहले उत्तराधिकारी मुख्य पुजारी की बात की थी, उस पर ट्रस्ट ने कुछ जवाब दिया या नहीं?
- भाजपा की तरह ट्रस्ट में भी परिवारवाद नहीं चलता है। मैंने दो-तीन लोगों के लिए बात कही थी, लेकिन वह परिवार से थे इसलिए उनकी नियुक्ति नहीं हो पाई। इसे लेकर ट्रस्ट से कोई अप्रसन्नता भी नहीं है। नियम सबके लिए बराबर हैं।
- प्राण प्रतिष्ठा पूजन को लेकर सपत्नीक पूजा की काफी बात सामने आ रही है, आप क्या कहेंगे?
- यह अज्ञानी लोग भ्रम फैला रहे हैं। सपत्नीक पूजन यज्ञ में प्रतिबंध है। यह आंशिक प्राण प्रतिष्ठा है। इसमें सपत्नीक पूजन की प्रतिबद्धता कदापि नहीं है। जो ऐसा कह रहे हैं उन्हें धार्मिक मान्यता का ज्ञान नहीं है।
- यदि आप स्वैच्छिक रुप से सेवानिवृत्त होना चाहे तब मुख्य पुजारी के रूप में किस संप्रदाय के आचार्य की नियुक्ति चाहेंगे?
- स्वयं को रामलला की पूजा में असमर्थ पाने पर ही ऐसी स्थिति आयेगी। नियमानुसार तो रामानंदी संप्रदाय से ही मुख्य पुजारी नियुक्त किया जाना चाहिए, चूंकि यह ट्रस्ट का विषय है इसलिए कोई टिप्पणी उचित नहीं है।
- इसी वर्ष आम चुनाव भी हैं, ऐसे में आपको क्या लगता है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को ही होना चाहिए?
- चुनाव में तो मतदाता का अधिकार है किसे चुने यह हमारा विषय नहीं। मेरा तो मानना है कि नरेंद्र मोदी को ही तीसरी बार प्रधानमंत्री बनना चाहिए। उनके और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जैसा कोई दूसरा नेतृत्व देश में नहीं है। आज राम मंदिर निर्माण और प्राण प्रतिष्ठा मोदी ही की देन है।
- कांग्रेस के राहुल गांधी प्रधानमंत्री बनने के लिए आशीर्वाद लेने आपके पास आते हैं तो क्या कहेंगे?
- आते हैं तो आएं, किसने रोका है। संत सभी को आशीर्वाद देते हैं उन्हें भी देगें। हम थोड़ी न प्रधानमंत्री बनाते हैं, जनता चुनती है।
- राजनीति बड़ी है या धर्मनीति, आपको राजनीति के लिए अवसर मिला तो क्या प्रतिक्रिया होगी?
- मैं क्यों राजनीति में जाऊंगा, मेरा वहां क्या काम, जहां तक धर्मनीति और राजनीति का विषय है दोनों अपने में महत्वपूर्ण हैं। मैं धर्मनीति का पालन करूंगा।
- कथित रूप से एक चर्चा है कि नए मंदिर में गर्भगृह अलग हट कर है, जहां रामलला प्रकट हुए वह गर्भगृह अलग है?
- यह भी वही भ्रम फैला रहे हैं जो पुनः अधिग्रहीत क्षेत्र में मस्जिद के लिए भूमि चाह रहे हैं। मूर्ति गर्भगृह में ही स्थापित हो रही है। अब मुगलों का शासन नहीं, मस्जिद के लिए जहां भूमि दे दी गई वहां बनाएं। अधिग्रहित क्षेत्र की एक इंच भूमि नहीं मिलने वाली। सुप्रीम कोर्ट ने जो फैसला दे दिया उसे मानें। यही समय की आवश्यकता है।

# प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान का श्रीगणेश सपत्नीक यजमान बने डॉ. अनिल

## विवेक सृष्टि में प्रायश्चित व कर्म कुटी पूजन के साथ हुआ आगाज

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार** : राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के लिए मंगलवार से सात दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान प्रारंभ हो गया। पहले दिन प्रायश्चित और कर्म कुटी पूजन के लिए वाराणसी के वैदिक विद्वान रामसेवकपुरम स्थित विवेक सृष्टि में पहुंचे। यहां मुख्य यजमान के रूप में श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के सदस्य डॉ. अनिल मिश्रा व उनकी पत्नी ने विधि विधान से पूजन-अर्चन किया। इस दौरान रामलला की प्रतिमा का निर्माण करने वाले अरुण योगीराज भी मौजूद रहे।

22 जनवरी को राम मंदिर में रामलला का नूतन विग्रह प्रधानमंत्री के हाथों से स्थापित कराया जाएगा। विवेक सृष्टि में शुरू हुआ अनुष्ठान आगे राम जन्मभूमि परिसर में किया जाएगा, जिसे संपन्न कराने के लिए देश भर से 121 विद्वान पहुंचे हैं। यह सभी विधि विधान काशी के विद्वान पंडित गणेश्वर शास्त्री द्रविड़ और पंडित लक्ष्मीकांत दीक्षित की मौजूदगी में होगा।


सरयू घाट पर स्नान-आचमन करते यजमान ट्रस्ट सदस्य डॉ. अनिल मिश्रा।

**रामलला की पहली आरती उतारेंगे मोदी**

राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा तक के लिए ट्रस्ट के सदस्य डॉ. अनिल मिश्रा मुख्य यजमान के रूप में होंगे। 22 जनवरी को रामलला को गर्भगृह में विराजमान कराया जाएगा। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस अनुष्ठान को संपन्न कराएंगे और रामलला की पहली आरती उतारेंगे, लेकिन इसके पहले 17 जनवरी को पूजन के लिए रामलला की पांच वर्षीय प्रतिमा को राम जन्मभूमि परिसर में लाया जाएगा। 18 जनवरी को गर्भगृह में रामलला विराजमान होंगे।

# ट्रस्ट के अध्यक्ष ने जलाई 108 फीट लंबी धूपबत्ती

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार** : राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के लिए मंगलवार से अनुष्ठान की शुरुआत हो गई। प्राण-प्रतिष्ठा महोत्स के लिए गुजराज के वडोदरा से आई 108 फीट लंबी धूपबत्ती को श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्य गोपाल दास ने अंतरराष्ट्रीय बस स्टैंड पर पूजन-अर्चन के बाद जलाया।

**3610 किलो वजनी धूपबत्ती बनाने में हुआ गाय के घी व हवन सामग्री का इस्तेमाल**

गुजरात निवासी धूपबत्ती का निर्माण करने वाले बिहा भाई बरवाड़ ने बताया कि प्राण-प्रतिष्ठा के लिए बनाई गई 3,610 किलो वजनी व 108 फीट लंबी इस धूपबत्ती को बनाने में गाय के घी व हवन सामग्री का इस्तेमाल किया गया है। यह धूपबत्ती 44 दिन तक जलती रहेगी। विहिप के प्रांतीय मीडिया प्रभारी शरद शर्मा ने बताया कि विशालकाय धूपबत्ती को राम जन्मभूमि परिसर तक पहुंचाना संभव नहीं था। ऐसे में उसे शहर से सटे अयोध्या धाम बस स्टैंड परिसर के अंदर ही रखकर यही जलाया गया है। रामभक्तों की ओर से आ रहे भेंट का सम्मान करना हमारा धर्म है। ऐसे में ट्रस्ट अध्यक्ष व मणिराम दास छावनी के महंत नृत्य गोपाल दास ने इसे स्वीकार किया और अपने हाथों से जलाया।


बस स्टैंड पर जलाई गई 108 फीट लंबी अगरबत्ती। अमृत विचार

## प्राण प्रतिष्ठा और संबंधित आयोजनों का विवरण

**आयोजन तिथि और स्थल**
भगवान श्री रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा योग का शुभ मुहूर्त, पौष शुक्ल कूर्म द्वादशी, विक्रम संवत 2080, यानी सोमवार, 22 जनवरी को आ रहा है।

**शास्त्रीय पद्धति और समारोह-पूर्व परंपराएं:**
सभी शास्त्रीय परंपराओं का पालन करते हुए, प्राण-प्रतिष्ठा का कार्यक्रम अभिजीत मुहूर्त में संपन्न किया जाएगा। प्राण प्रतिष्ठा के पूर्व शुभ संस्कारों का प्रारंभ 16 जनवरी से हुआ, जो 21 जनवरी तक चलेगा।

**द्वादश अधिवास निम्नानुसार आयोजित होंगे**

- **17 जनवरी** : मूर्ति का परिसर प्रवेश
- **18 जनवरी (शाम)** : तीर्थ पूजन, जल यात्रा, जलाधिवास और गंधाधिवास
- **19 जनवरी (सुबह)** : औषधाधिवास, केसराधिवास, घृताधिवास
- **19 जनवरी (शाम)** : धान्याधिवास
- **20 जनवरी (सुबह)** : शर्कराधिवास, फलाधिवास
- **20 जनवरी (शाम)** : पुष्पाधिवास
- **21 जनवरी (सुबह)** : मध्याधिवास
- **21 जनवरी (शाम)** : शय्याधिवास

- **अधिवास प्रक्रिया एवं आचार्य**: सामान्यतः प्राण-प्रतिष्ठा समारोह में सात अधिवास होते हैं और न्यूनतम तीन अधिवास अभ्यास में होते हैं। समारोह के अनुष्ठान की सभी प्रक्रियाओं का समन्वय, समर्थन और मार्गदर्शन करने वाले 121 आचार्य होंगे। श्री गणेशवर शास्त्री द्रविड़ सभी प्रक्रियाओं की निगरानी, समन्वय और दिशा-निर्देशन करेंगे। काशी के श्री लक्ष्मीकांत दीक्षित मुख्य आचार्य होंगे।
- **विशिष्ट अतिथिगण** : प्राण प्रतिष्ठा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत, उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और अन्य गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में होगी।
- **विविध**



**प्रतिष्ठान** : भारतीय आध्यात्मिकता, धर्म, संप्रदाय, पूजा पद्धति, परंपरा के सभी विद्यालयों के आचार्य, 150 से अधिक परंपराओं के संत, महामंडलेश्वर, मंडलेश्वर, श्रीमहंत, महंत, नागा सहित 50 से अधिक आदिवासी, गिरिवासी, तातवासी, द्वीपवासी आदिवासी परंपराओं के प्रमुख व्यक्तियों की कार्यक्रम में उपस्थिति रहेगी। जो श्रीराम मंदिर परिसर में प्राण-प्रतिष्ठा समारोह के दर्शन हेतु पधारेंगे।


- **ऐतिहासिक आदिवासी प्रतिभाग** : भारत के इतिहास में प्रथम बार पहाड़ों, वनों, तटीय क्षेत्रों, द्वीपों आदि के वासियों द्वारा एक स्थान पर ऐसे किसी समारोह में प्रतिभाग किया जा रहा है। यह अपने आप में अद्वितीय होगा।
- **समाहित परंपराएँ** : शैव, वैष्णव, शाक्त, गाणपत्य, पात्य, सिख, बौद्ध, जैन, दशनाम शंकर, रामानंद, रामानुज, निम्बार्क, माध्व, विष्णु नामी, रामसनेही, घिसापंथ, गरीबदासी, गौड़ीय, कबीरपंथी, वाल्मीकि, शंकरदेव (असम), माधव देव, इस्कॉन, रामकृष्ण मिशन, चिन्मय मिशन, भारत सेवाश्रम संघ, गायत्री परिवार, अनुकूल चंद्र ठाकुर परंपरा, ओडिशा के महिमा समाज, अकाली, निरंकारी, नामधारी (पंजाब), राधास्वामी और स्वामीनारायण, वारकरी, वीर शैव इत्यादि कई सम्मानित परंपराएं इसमें भाग लेंगी।
- **दर्शन और उत्सव** : गर्भ-गृह में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के पूर्ण होने के बाद, सभी साक्षी महानुभावों को दर्शन कराया जाएगा। समारोह के पूर्व विभिन्न राज्यों के लोग लगातार जल, मिट्टी, सोना, चांदी, मणियां, कपड़े, आभूषण, विशाल घंटे, ढोल, सुगंध इत्यादि के साथ आ रहे हैं। उनमें से सबसे उल्लेखनीय थे मां जानकी के मायके द्वारा भेजे गए भार (एक बेटी के घर स्थापना के समय भेजे जाने वाले उपहार) जो जनकपुर (नेपाल) और सीतामढ़ी (बिहार) के ननिहाल से अयोध्या लाए गए। रायपुर, दंडकारण्य क्षेत्र स्थित प्रभु के ननिहाल से भी विभिन्न प्रकार के आभूषणों आदि के उपहार भेजे गए हैं।

# गवाह हैं सरयू किनारे के गांव, कारसेवकों को नाव से पार करायी थी नदी

अरुण कुमार मिश्र/मौजीराम यादव


अयोध्या के इसपार टेढ़ी नदी।


राम बदल यादव


देवी प्रसाद यादव


जय राज सिंह

**गोंडा, अमृत विचार:** सरयू के उस पार अयोध्या और इस पार गोंडा जिले के माझा गांव अयोध्या के हर पल के गवाह हैं। 1990 में कारसेवा के दौरान अयोध्या में गोली चलने की घटना रही हो या फिर 1992 में बाबरी मस्जिद ध्वंस का जोश रहा हो। इन दोनों घटनाओं को आत्मसात किए माझा के आधा दर्जन गांव आज रामोत्सव के गवाह बने हैं।

गोंडा-अयोध्या में बस एक मात्र सरयू पुल की ही दूरी है। पावन सरयू नदी के उस पार हर गतिविधि पर इस पार के गांव और यहां के निवासियों की नजर रही। वर्ष 1990 में जब प्रदेश में सपा की सरकार थी और मुलायम सिंह यादव मुख्यमंत्री थे तो सरयू पर लगे बैरियर और हर आने जाने वालों पुलिस की पैनी नजर से कारसेवा करने वालों को गुजरने में बहुत पीड़ा उठानी पड़ी। सरयू और टेढ़ी नदी के बीच बसे गांव माझा राठ, पटपरगंज और जैतपुर माझा के राम बदल यादव, पूर्व प्रधान देवी प्रसाद यादव और जयराज सिंह फफक पड़ते हैं। वह कहते हैं जब अयोध्या में कारसेवकों पर गोली चल रही थी तो वहां भगदड़ मच गई। लोगों में चीख पुकार मची थी। तभी हम गांव वासियों ने गुप्तार घाट और नए घाट के बीच से भाग रहे कारसेवकों को अपनी गांव की नावों को लगाकर पार कराया था। पूर्व प्रधान देवी प्रसाद यादव कहते हैं कि कारसेवा के दौरान बाराबंकी और गोंडा की ओर से आने वाले कारसेवक जब सड़क मार्ग से नहीं घुस सके तब तुलसीपुर माझा और महंगूपुर गांव से होकर कारसेवकों को पटपरगंज व माझा राठ के रास्ते टेढ़ी नदी पार कराई गई। कारसेवकों को उक्त दोनों गांवों के लोगों को भोजन कराया गया और उनके लिए लगातार भोजन की व्यवस्था की गई। इसके बाद नाव से सरयू पार करवा गुप्तार घाट पर छोड़ा गया। 1992 में भी सभी कारसेवकों को नाव से सरयू पार करवा कर अयोध्या पहुंचाया गया था। छह दिसंबर 1992 को जब अयोध्या में कारसेवा के दौरान लाखों भक्त अयोध्या में जुटे थे और बाबरी मस्जिद ध्वस्त हो गई तब कुछ लोग भय के कारण मुख्य मार्ग से नहीं गए और वे नाव के सहारे ही वापस निकले। सभी के जेहन में 1990 की घटना थी और वे नाव के सहारे वापस अपने गंतव्य को गए। महंगूपुर गांव के योगेश पांडेय उर्फ बच्चा पांडेय ने बताया कि सरयू के बाद टेढ़ी नदी पार कुल लोग कपिल मुनि आश्रम पर रुके थे जिनके भोजन व रहने का प्रबंध गाम वासियों ने किया था। कारसेवकों की सेवा करने वालों नरसिंह, जयराज सिंह, डॉ रामजी, अशोक कुमार मोदनवाल, पूर्व ब्लाक प्रमुख सुरेन्द्र सिंह, पन्ना लाल गुप्ता, रक्षा राम गुप्ता आदि लोगों ने कारसेवकों को टेढ़ी नदी से नाव पर बैठाकर अयोध्या के लिए पहुंचाते थे और कारसेवकों के लिए पूड़ी सब्जी आदि भोजन की व्यवस्था कर रहे थे। वहीं दूसरी तरफ छेदीलाल यादव कटरा भोगचंद के मुस्लिम विरादरी को भी आंदोलन का शिकार होने से बचाया। उन्हें अपने घरों में शरण दी और जब माहौल शांत हुआ और कल्यान सिंह की सरकार गिर गई तब उन्हें बाहर निकाला गया।

## प्राण प्रतिष्ठा के दिन लांच होगा हमारे राम आए हैं वीडियो

**अयोध्या कार्यालय।** अभिषेक ठाकुर प्रोडक्शन के वीडियो म्यूजिक एल्बम "हमारे राम आए हैं" की शूटिंग पूरी हो गई है। एल्बम में चर्चित धारावाहिक रामायण में राम का पात्र निभाने वाले अरुण गोविल, सीता बनीं दीपक चिखलिया और लक्ष्मण बने सुनील लहरी भूमिका में हैं। इसका फिल्मांकन गुप्तार घाट से लेकर हनुमानगढ़ और लता चौक आदि स्थलों पर किया गया है। अभिषेक ठाकुर ने मंगलवार को बताया कि प्राण प्रतिष्ठा के दिन 22 जनवरी को यह एल्बम कशिश म्यूजिक के यू-ट्यूब चैनल पर जारी किया जाएगा। वह रामायण सीरियल के तीनों प्रमुख पात्रों की मौजूदगी में सिविल लाइंस स्थित एक होटल में पत्रकारों से वार्ता कर रहे थे। उन्होंने बताया कि इसके पहले मेरे राम आए हैं म्यूजिक एल्बम रिलीज किया जा चुका है। राम का रोल निभाने वाले अरुण गोविल ने कहा कि रामायण सीरियल ने जन-जन में राम की मर्यादा, संस्कार और सनातन का संचार किया।

# ट्रस्ट अध्यक्ष को समर्पित किया गया सोमनाथ से आया आठ कुंडों का जल



**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार** : रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा के लिए मंगलवार को सोमनाथ से आया आठ कुंडों का जल व तीन करोड़ 50 हजार मंत्रों से अभिमंत्रित स्वर्ण और रजत पत्र से पर अंकित पत्र श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट अध्यक्ष महंत नृत्य गोपाल दास को समर्पित किया गया। इसे सोमनाथ मंदिर के पुजारी कुणाल कापणिया, प्रबंधक दिलीप चावड़ा, पीआरओ ध्रुव जोशी ने समर्पित किया। इस अवसर पर विहिप मीडिया प्रभारी शरद शर्मा, संत जानकी दास, भाजपा नेता दिवाकर सिंह आदि मौजूद रहे।

**रामोत्सव** | **तब 14 साल के थे बच्चों की टीम का नेतृत्व करने वाले रविंद्र, वर्तमान में निजी बैंक में वित्तीय सलाहकार, गाजियाबाद में घर - घर बांट रहे पूजित अक्षत**

# कुरमौली के जंगल में कारसेवकों को पहुंचाते थे भोजन

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार** : प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव को केवल छह दिन शेष बचे हैं। ऐसे में मंदिर आंदोलन की स्मृतियां पुनः स्मरण हो रहीं हैं। इन्हीं स्मृतियों में गोसाईगंज क्षेत्र का कुरमौली जंगल भी शामिल है, जब वहां हजारों कारसेवक अयोध्या कूच करने के लिए छिपे हुए थे। उस समय बड़े तो सेवा भाव से जुटे ही थे बच्चों में भी गजब का एक जुनून था। बताते हैं कि कुछ बच्चे टोलियां बना कर कारसेवकों को छिपते - छिपाते भोजन सामग्री पहुंचाते थे। अब आज वही बड़े होकर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का पूजित अक्षत उल्लास के साथ घर - घर पहुंचा रहे हैं।


गाजियाबाद में साथियों के साथ पूजित अक्षत वितरित करते रवींद्र तिवारी। अमृत विचार

बच्चों की उस टोली के नायक रहे रवींद्र तिवारी वर्तमान में आईसीआईआई बैंक गाजियाबाद में वित्तीय सलाहकार के पद पर कार्यरत हैं। प्राण प्रतिष्ठा के लिए अब गाजियाबाद में ही साथियों के साथ पूजित अक्षत वितरण कर रहे हैं। 'अमृत विचार' से मोबाइल से हुई बातचीत में उन्होंने बताया कि उस समय उनकी आयु करीब 14 वर्ष रही होगी। सरस्वती शिशु मंदिर से निकल कर कक्षा नौ में प्रवेश लिया था। तब मंदिर आन्दोलन चरम पर था और रोज गांव से सैकड़ों कारसेवकों का जत्था गुजरता था। तत्कालीन सरकार द्वारा सख्ती के कारण एक हजार से अधिक कारसेवकों का जत्था कुरमौली जंगल में छिपा था। उम्र छोटी थी लेकिन राम मंदिर और कारसेवकों के प्रति आस्था कहीं बड़ी थी। उस दौरान छोटे बच्चों की टोलियां बना कर गन्ने के खेतों में छिपते-छिपाते हुए खाना, पानी और चना-चबैना पहुंचाते थे। बोले 90 और 92 का दशक मंदिर निर्माण के लिए उन्माद का था, तो 2023 और 2024 उल्लास एवं उत्सव का है। बताया 92 में जब ढांचा गिरा तो वह भी साथियों के साथ ढांचे की एक ईट सरयू में प्रवाहित कर आए थे।

## साथियों के साथ पूजित अक्षत का वितरण कर रहे रविंद्र तिवारी



प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के गाजियाबाद में ही रवींद्र तिवारी साथियों के साथ आजकल पूजित अक्षत वितरण कर रहे। उनके साथ सखा संतोष तिवारी, संजय महाजन, लव प्रकाश, विक्रांत सिंह, अंकित गुप्ता, नीरज शुक्ला, आशीष तिवारी आदि रोज सुबह घर से निकल पड़ते हैं और जय श्रीराम के उद्घघोष के साथ अक्षत वितरण करते हैं। बताया प्राण प्रतिष्ठा के बाद दर्शन के लिए अयोध्या जाएंगे।

# प्राण प्रतिष्ठा : 12:29 मिनट के बाद 84 सेकेंड का मुहूर्त खास

**सत्य प्रकाश, अयोध्या, अमृत विचार** : पौष शुक्ल द्वादशी दिन सोमवार मृगशिर्ष नक्षत्र के मेष लग्न में राम प्रतिष्ठा का मुहूर्त दिया गया है। इसमें समय 12 बजकर 29 मिनट 08 सेकंड के बाद 84 सेकेंड का काल खंड मुख्य है। ये बात काशी के प्रसिद्ध विद्वान गणेश्वर शास्त्री द्रविण ने मंगलवार को कही। वो अनुष्ठान होने के बाद अमृत विचार से वार्ता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इस मुहूर्त के मेष लग्न में गुरु विराजमान है। वह पूर्ण बाली है। मित्र राशि का है। उसकी दृष्टि लग्न से पांचवें स्थान और सातवें स्थान और नवें स्थान पर पड़ेगी। इस मुहूर्त में लोगों के लिए मानसिक प्रवृत्ति अच्छी होगी। नवें स्थान पर पूर्व की दृष्टि होने से लोगों का भाग्य उदय होगा। ज्योतिष शास्त्र में बताया गया है कि लग्न में यदि गुरु आ जाता है तो एक लाख दोषों का निवारण करता है। लग्न के दूसरे स्थान में उच्च का चन्द्र है। जो ऐश्वर्य प्रदान करता है। लग्न के छठवें स्थान पर केतु है जो शत्रु नाश करता है। 11वें स्थान में शनि है इसका भी बहुत ही अच्छा फल है। शत्रु परास्त होंगे। इसी तरह लग्न भी शुभ कार्य का प्रतिफल है। उन्होंने कहा कि काशी में भगवान राम जब यात्रा करके आए थे। उस समय गंगा के किनारे रामघाट का निर्माण किया था। जहां आज भी रामघाट है। अर्थात गुरु वशिष्ठ ने जो रामघाट का मुहूर्त दिया। वह इतना प्रबल था, कि साढे 17 लाख वर्ष हो जाने के बाद भी आज वह रामघाट स्थित है। इसी तरह इस सृष्टि में जब तक पृथ्वी, सूर्य और चंद्र रहेगा तब तक यह राम मंदिर भी स्थापित रहेगा। राम मंदिर के साथ दिवसीय अनुष्ठान मंगलवार से प्रारंभ हो गया है।

**गणेश्वर शास्त्री द्रविण बोले- पृथ्वी, चंद्र, सूर्य की तरह स्थापित रहेगा राम मंदिर**


गणेश्वर शास्त्री द्रविण।

षड् दोषा : पुरुषेणेह हातव्या भूतिमिच्छिता ।
निद्रा तन्द्रा भयं क्रोध आलस्यं दीर्घसूत्रता ॥

संसार में उन्नति के अभिलाषी व्यक्तियों को नींद, तंद्रा (ऊंघ), भय, क्रोध, आलस्य तथा देर से काम करने की आदत-इन छह दुर्गुणों को सदा के लिए त्याग देना चाहिए।

## संपादकीय

# भारत-रूस की सहमति

भारत और रूस ने दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय और विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने के प्रयास जारी रखने पर एक बार फिर सहमति जताई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच बातचीत में दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय सहयोग में प्रगति की समीक्षा की और आपसी हित के क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान किया। दोनों नेताओं ने रूस-यूक्रेन युद्ध, इजरायल-हमास युद्ध, गाजा में हूतियों के हमले समेत तमाम मुद्दों पर व्यापक चर्चा की। साथ ही रूस की अध्यक्षता में प्रस्तावित ब्रिक्स सम्मेलन पर विचार किया। रूस ने 1 जनवरी, 2024 से ब्रिक्स की अध्यक्षता ग्रहण की। पिछले दिनों पुतिन ने कहा था कि 2024 में कजान में रूस की अध्यक्षता में अगला ब्रिक्स शिखर सम्मेलन निष्पक्ष विश्व व्यवस्था स्थापित करने के लिए समर्पित होगा। ध्यान रहे यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद से दोनों नेताओं ने एक-दूसरे के देश का दौरा नहीं किया है लेकिन फोन पर कई बार बातचीत हुई है। पिछले महीने ही विदेश मंत्री जयशंकर ने भारत और रूस के बीच सालाना बैठक में हिस्सा लेने के लिए मॉस्को का दौरा किया था। विदेश मंत्री के रूस दौरे में दोनों देशों ने आधुनिक हथियारों के निर्माण सहित सैन्य और तकनीकी सहयोग बढ़ाने का फैसला किया था। लाल सागर में बिगड़ते हालात के बीच दोनों नेताओं की बातचीत को महत्वपूर्ण माना जा रहा है। गाजा युद्ध शुरू होने के कुछ दिनों बाद ही हूती ने लाल सागर से गुजरने वाले जहाजों पर मिसाइल और ड्रोन से हमले शुरू कर दिए थे। हूती को सबक सिखाने के लिए जब अमेरिका ने एयर स्ट्राइक की, तो अरब में महायुद्ध का खतरा बढ़ गया। ऐसे में अरब में खाड़ी युद्ध जैसे हालात बन गए हैं।

इजरायल, अमेरिका और ब्रिटेन के सामने ईरान, तुर्किए, रूस और चीन एक मंच पर आ गए हैं। तुर्किये ने भी कहा है अमेरिका ने लाल सागर को खून का समंदर कह दिया है। इसके बाद मध्य पूर्व में खाड़ी जैसे हालात बन गए हैं। रूस-चीन ने अमेरिका को धमकी दे दी। लाल सागर में बिगड़े हालात की वजह से तेल के दामों में भी तेजी आ गई है। तेल के दामों में चार प्रतिशत का उछाल आया है। लाल सागर में आए उबाल का असर पूरी दुनिया में हो रहा है। आज किसी भी वैश्विक संकट के समाधान के लिए पूरी दुनिया भारत की ओर देखती है। ऐसे में दोनों नेताओं की बातचीत कूटनीतिक नजरिए से अहम कही जा सकती है।

# भारतीय सांस्कृतिक विरासत की महत्ता


डॉ.सुधाकर मिश्र
दिल्ली

यह अखंड भारतीयता के धारणा के मजबूती में गौरवशाली धरोहर का प्रतीक है। इनके समासीक सहयोग से धार्मिक और सांस्कृतिक पर्यटन संस्कृति का उन्नयन होगा, जो भारतवर्ष के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) और प्रति व्यक्ति आय (पीसीआई) के वृद्धि में समावेशी सहयोगी होगा।

भारत की एक और उच्चकृत सभ्यता जो मानव इतिहास में वैदिक सभ्यता के नाम से जानी जाती है जिसका समय 1500 ईसा के पूर्व के आसपास थी। इस समय में वेद सर्वाधिक मान्य ग्रंथ हैं और हिंदू धर्म का सर्वाधिक विश्वसनीय ग्रंथ है। वैदिक सभ्यता ने हिंदू सभ्यता, हिंदू दर्शन, अनुष्ठानों और सामाजिक संरचनाओं की नींव रखी है, जो वर्तमान में भारतीय संस्कृति के प्रसार में योग दे रहा है। भारत के प्राचीन सभ्यता ने विज्ञान, गणित, चिकित्सा, साहित्य, पंचांग, खगोल, रेखा गणित, तर्कशास्त्र और दर्शन में शाश्वत योगदान दिया है। भारत की महान धरती हिंदू धर्म, बौद्ध धर्म, जैन धर्म और सिख धर्म की जन्मस्थली रही है। इन आध्यात्मिक परंपराओं ने भारत की सांस्कृतिक विरासत का आधार विकसित किया है।

विविधता में एकता भारत के भीतर सद्भाव और सरलता के उन्नयन में उत्प्रेरक की भूमिका प्रदान करते हैं। भारत की ऐतिहासिक प्राचीन सभ्यता मानवीय सभ्यता के विकास में गंभीर अंतर्दृष्टि प्रदान करती है। भारत के पवित्र भूमि पर पुष्पित पल्लवित धर्म यथा हिंदू धर्म, बौद्ध धर्म, जैन धर्म और सिख धर्म सहित सभी धर्म भारत की आध्यात्मिक मननशील परंपरा और दार्शनिक परंपरा का भारत की बौद्धिक एवं सांस्कृतिक परंपरा को प्रभावित किया, बल्कि वैश्विक विचार आध्यात्मिक प्रभाव और सामाजिक संस्कृति पर गहरा मूल्यवान प्रभाव पर कार्य कर रहे हैं। धर्म, कर्म और योग की जीवंत अवधारणा वैश्विक स्तर के व्यक्तित्व के साथ जोड़ती है।

भारत की सांस्कृतिक चेतना के प्रत्यय को गत्यात्मक दिशा और उर्जित धारिता प्रदान करने के लिए यह अनमोल, अनुपम और महत्वपूर्ण योजना है। विविधता में एकता का सूत्र वाक्य भारतीय आध्यात्मिक और भारतीय दर्शन के गहरे संबंध के प्रभाव को मनोरम कला, साहित्य, सुप्रसिद्ध भारतीय व्यंजन, अनुश्रुति, परंपरागत वेशभूषा, हस्तकला और भारत की सांस्कृतिक विरासत के अंतर संस्कृतिवाद, देशाटन, संस्कृति, राजनय और कूटनीति की भूमिका को अनुसमर्थित करने में महत्वपूर्ण महत्व प्रदान किए हैं। भारत की सांस्कृतिक चेतना के प्रत्यय को गत्यात्मक दिशा और उर्जित सामर्थ्य प्रदान करने के लिए महत्वपूर्ण उपादेयता है। भारत के सांस्कृतिक विरासत को वैश्विक स्तर पर वह सिरमौर प्राप्त हो रहा है, जो भारतीय मेधा के बौद्धिक और सांस्कृतिक गौरव का उच्चतर स्तर प्राप्त हो रहा है।

यह अखंड भारतीयता के धारणा के मजबूती में गौरवशाली धरोहर का प्रतीक है। इनके समासीक सहयोग से धार्मिक और सांस्कृतिक पर्यटन संस्कृति का उन्नयन होगा, जो भारतवर्ष के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) और प्रति व्यक्ति आय (पीसीआई) के वृद्धि में समावेशी सहयोगी होगा। संस्कृति को भारतीयों ने 'मानव संस्कृति' (मानव धर्म) के रूप में बढ़ाया है, इसलिए भारत में मानव सेवा ही ईश्वरीय सेवा है। भारत में सांस्कृतिक राष्ट्रवाद, ज्वाला सांस्कृतिक उद्बोधक के प्रणेता स्वामी विवेकानंद ने नर सेवा को ही नारायण सेवा की संज्ञा दी है। विविधता में एकता का सिद्धांत प्रकृति, ब्रह्मांड और जीवन का अंतर्निहित नियम है। भारत में विभिन्न समुदायों के लोग, विभिन्न भाषाओं के बोलने वाले व्यक्ति और विभिन्न रीति-रिवाज का पालन करने वाले व्यक्ति आपस में सामंजस्य पूर्ण सह-अस्तित्व से जीवनयापन करते हैं। भारत की सांस्कृतिक विरासत की आत्मा इस तत्व में निहित है कि भारतीय धर्म, परंपरा, रीति-रिवाज, वेशभूषा और मान्यताएं सर्वस्पर्शी संगम है।

भारत की सांस्कृतिक विरासत और समृद्ध परंपरा को प्रमुखता प्रदान करने वाली वर्तमान राजनीतिक नेतृत्व के ऊर्जावान महत्ता के कारण समृद्ध विरासत को वैश्विक स्तर पर प्रमुख मान्यता प्राप्त हो रहा है। वर्तमान सरकार अपने समृद्ध संस्कृति पर गर्व कर रही है, जो अपने राष्ट्र के सांस्कृतिक विरासत को उच्चतर मूल्य के साथ उच्चतर स्थान दिलाने के लिए गंभीरता से प्रयासरत है। भारत एक समृद्ध और विविध सांस्कृतिक विरासत वाला देश है जिसे वर्षों के इतिहास, परंपरा और बौद्धिक प्रत्यय द्वारा सिंचित किया गया है। प्राचीन वैदिक परंपरा हिंदू संस्कृति, बौद्ध परंपरा और जैन परंपरा के संस्कृतियों की विस्तृत श्रृंखला का बेला रही है जिसने राष्ट्र के अद्वितीय सांस्कृतिक परिदृश्य पर अनूठा प्रभाव डाला है। भारतीय सांस्कृतिक विरासत भारतीयों के लिए गर्व का प्रतीक है, बल्कि वैश्विक स्तर के लोगों के लिए प्रेरणा का स्रोत है। भारत के मंदिरों की शोभायमान, इसके वेशभूषा की गंभीरता, भारत के शास्त्रीय संगीत और नृत्य की रस्लोलुप्त दृष्टि और भारतीय दर्शन की ओजस्वी प्रकृति सार्वभौमिक स्तर पर लोगों में आकर्षण का शोभायमान संस्कृति का प्रसार कर रहा है।

भारतवर्ष के इस वृहद विरासत भंडार को वैश्विक स्तर पर अपना अनोखा सांस्कृतिक पहचान के महत्वपूर्ण हिस्से के रूप में वैद्यता प्राप्त है। भारतीय संस्कृति वैश्विक स्तर की सर्वाधिक प्राचीन भारतीय संस्कृति है। भारतीय संस्कृति समकालीन में प्रासंगिक है। भारतीय संस्कृति में ग्राम पंचायत, न्याय पंचायत, परंपरागत परिवार व्यवस्था, मर्यादा पुरुषोत्तम राम जी के चरित्र, श्रीकृष्णजी के समताभाव, बौद्ध दर्शन के प्रवर्तक महात्मा बुद्ध के समकालीन विचार और जैन धर्म (सभी दर्शन हिंदू धर्म/ दर्शन के अभिन्न भाग है)। शिक्षाएं वर्तमान में प्रासंगिक और प्रेरणादायक हैं। हजारों वर्षों के ऐतिहासिक गतिशीलता के साथ भारत विभिन्न संस्कृतियों, सभ्यताओं, परंपराओं, धर्म और भाषाओं का संगम स्थल है। भारत की सांस्कृतिक विरासत स्वदेशी रीति-रिवाज और बाहरी सांस्कृतिक प्रभावों का सामंजस्यपूर्वक मिश्रण है। भारत की सांस्कृतिक विरासत में कलात्मक अभिव्यक्तियों, वस्त्र, शिल्प का करिश्माई पुंजों और दार्शनिक परंपराओं की वृहद श्रृंखला है।

धार्मिक विविधता भारत की सांस्कृतिक विरासत का अभिन्न भाग है। भारत की सांस्कृतिक विविधता अत्यधिक प्रभावशाली है। 1600 से अधिक भाषाओं के साथ भाषाई विविधता है। प्रत्येक भाषा अपना अनोखा साहित्य, काव्य और सांस्कृतिक तकनीकी है, जो भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत में सहयोग दे रहे हैं। शास्त्रीय संगीत की आत्मा को प्रेरित करने वाले शास्त्रीय गायनों के धुनों ने वैश्विक स्तर के दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया है। भारत का सांस्कृतिक विरासत संसार के लिए प्रेरणा स्रोत है। यह हमको स्वीकृति, सह - अस्तित्व और मत्तांतरण के महापर्व का मूल्य को सिखाता है। विविधता विकास और उन्नति का सुअवसर है। भारत संसार की सर्वाधिक प्राचीन सभ्यताओं में से एक है। हमारी सभ्यता 4000 साल पहले की सिंधु घाटी संस्कृति से संबद्ध है। इस प्राचीन विरासत ने पुरातात्विक स्थलों, ऐतिहासिक स्मारकों और प्राचीन ग्रंथों की धरोहर सुरक्षित रखा है, जो मानवीय सभ्यता के लिए मूल्यवान अंतर्दृष्टि प्रदान करता है। भारत की प्राचीन सभ्यता सिंधु घाटी में पुष्पित पल्लवित हुई है और हड़प्पा सभ्यता के नाम से ख्याति प्राप्त किया था। इस उच्चकृत सभ्यता के उन्नत जल निकासी प्रणालियों, मानकीकृत वजन, माप और लेखन की वैज्ञानिक प्रणाली के साथ नियोजित शहरों का विकास किया है और इसके विषय में अभी भी अन्वेषण जारी है।

भारत की एक और उच्चकृत सभ्यता जो मानव इतिहास में वैदिक सभ्यता के नाम से जानी जाती है जिसका समय 1500 ईसा के पूर्व के आसपास थी। इस समय में वेद सर्वाधिक मान्य ग्रंथ हैं और हिंदू धर्म का सर्वाधिक विश्वसनीय ग्रंथ है। वैदिक सभ्यता ने हिंदू सभ्यता, हिंदू दर्शन, अनुष्ठानों और सामाजिक संरचनाओं की नींव रखी है, जो वर्तमान में भारतीय संस्कृति के प्रसार में योग दे रहा है। भारत के प्राचीन सभ्यता ने विज्ञान, गणित, चिकित्सा, साहित्य, पंचांग, खगोल, रेखा गणित, तर्कशास्त्र और दर्शन में शाश्वत योगदान दिया है। भारत की महान धरती हिंदू धर्म, बौद्ध धर्म, जैन धर्म और सिख धर्म की जन्मस्थली रही है। इन आध्यात्मिक परंपराओं ने भारत की सांस्कृतिक विरासत का आधार विकसित किया है। धर्म-कर्म और योग की अवधारणा ने वैश्विक विचार और आध्यात्मिकता की उर्वरा में सहयोग प्रदान किया है। भारत की सांस्कृतिक विरासत आध्यात्मिक (मनोवैज्ञानिक धारणा) और दर्शन (मनोनैतिक धारणा) को आधार प्रदान करती है।

## प्रसंगवश

# आमंत्रण के मुद्दे पर घमासान

श्रीरामलला प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर धर्मगुरुओं की राय को आधार बनाकर राजनीतिक दलों के मध्य मचा घमासान औचित्यपूर्ण नहीं कहा जा सकता। विचारणीय बिंदु यह है कि प्राण प्रतिष्ठा समारोह के निमंत्रण पत्र किसी राजनीतिक दल द्वारा नहीं, अपितु राम मंदिर न्यास द्वारा बांटे जा रहे हैं।

ऐसे में भले ही विश्व हिंदू परिषद की आयोजन में पूर्ण भागीदारी हो, मगर प्रत्यक्ष रूप से भाजपा की इसमें कोई भूमिका नहीं है। ऐसे में यदि लोकसभा चुनावों के मद्देनजर विपक्षी गठबंधन से जुड़े राजनीतिक दल कांग्रेस, राष्ट्रीय जनता दल, समाजवादी पार्टी, तृणमूल कांग्रेस, जदयू, शिवसेना सहित अन्य राजनीतिक दल इस आयोजन में अपनी भागीदारी निश्चित नहीं करना चाहते, तब यह उनकी राजनीतिक विवशता हो सकती है या राम मंदिर से दूरी बनाना उनकी तुष्टिकरण नीति का अंश हो सकता है, किंतु उनके प्राण प्रतिष्ठा समारोह के बहिष्कार के निर्णय पर समर्थक राजनीतिक दलों की आलोचना कतई तर्कसंगत नहीं ठहराई जा सकती। राजनीतिक दल चाहे कोई भी हो, वह केवल सत्ता के गणित के हिसाब से ही अपने निर्णय लेता है जिसका उसे पूर्ण अधिकार प्राप्त है।


सुधाकर आशावादी
मेरठ

राजनीतिक दल किस धार्मिक आयोजन से दूरी बनाएं तथा किस धार्मिक आयोजन में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाएं, इसमें किसी अन्य को हस्तक्षेप का अधिकार नहीं होना चाहिए। रहा सवाल मंदिर मसले पर शंकराचार्यों के मंतव्यों का, शंकराचार्य भी धर्मानुसार अपनी राय देने के लिए स्वतंत्र हैं। देश, काल और परिस्थितियां उनके लिए कोई अर्थ रखती हैं या नहीं, यह वही जानें, किंतु वर्तमान परिप्रेक्ष्य में उनकी भूमिका का आंकलन करते हुए उनके मंतव्यों पर हिंदू धर्मावलंबियों द्वारा विचार विमर्श किया जा सकता है कि जब श्रीराम लला तिरपाल की अस्थाई व्यवस्था में स्थापित थे, उस समय श्रीराम मंदिर परिसर के मुक्ति अभियान में जगद्गुरुओं की भूमिका कितनी सार्थक थी? वैसे भी स्वस्थ लोकतांत्रिक राष्ट्र में जनभावनाओं एवं जन आस्थाओं को नकारकर निर्णय लेना या विमर्श स्थापित करना आसान नहीं रह गया है।

# उजाले का मसीहा मार्टिन लूथर किंग


के. विक्रम राव
वरिष्ठ पत्रकार, लखनऊ

मार्टिन को हमेशा अचरज होता रहा कि रंगभेद का प्रचलन संयुक्त राज्य अमेरिका जैसे राष्ट्र में है जिसकी स्थापना का आधारभूत उसूल था कि सब बराबर हैं।

अमेरिका के प्रथम अश्वेत राष्ट्रपति बराक ओबामा शपथ लेने के बाद भाषण दे रहे थे। उन्होंने एक खास व्यक्ति का उल्लेख किया था जिनका सपना उनके राष्ट्रपति बनने से साकार हुआ। वे हैं मार्टिन लूथर किंग जूनियर जिनके सूत्र 'हम होंगे कामयाब एक दिन' (वी शैल ओवरकम वन डे) को विश्वभर के वंचित हमेशा से दुहराते रहे हैं। किंग के तीन दशकों पहले से मानवीय समता तथा स्वतंत्रता के लिए जंग चलती रही। अश्वेतों का संघर्ष शुरू हुआ, जब अफ्रीका से 1619 में खरीदा गुलाम अमेरिका लाया गया था।

मार्टिन को हमेशा अचरज होता रहा कि रंगभेद का प्रचलन संयुक्त राज्य अमेरिका जैसे राष्ट्र में है जिसकी स्थापना का आधारभूत उसूल था कि सब बराबर हैं। उन्होंने पाया कि हर रविवार के ग्यारह बजे गिरजाघरों में प्रत्येक ईसाई दोहराता है, 'ईसा के घर में न पूर्व है, न पश्चिम, सभी समान है।' फिर भी गोरे और काले अलग-अलग पक्तियों में खड़े रहते हैं। रंगभेद की नृशंसता के शिकार रहे मार्टिन के जीवन और संघर्ष पर गौर करें तो भारतीयों को एहसास हो जाएगा कि ओबामा किस चिंतन के प्रतीक रहे। मार्टिन लूथर किंग की जिंदगी में कई ऐसे हादसे गुजरे, जब वह ग्लानि से खुदकुशी कर लेता या क्रोध में हत्या पर उतारू हो जाता, लेकिन ध्येय की श्रेष्ठता और धर्म की उत्कृष्टता ने उसे सहिष्णु बना दिया था। रेल में सफर करते मार्टिन को दो घंटे तक खड़ा रहना पड़ा था, क्योंकि उसे बलपूर्वक उठाकर एक गोरा उसकी सीट पर बैठ गया था। 'जोहांसबर्ग के निकट एक भारतीय को तो रेल से धक्का दे दिया गया था, वह व्यक्ति बाद में राष्ट्रपिता कहलाया', मार्टिन ने सोचा। मार्टिन को यकीन था कि यदि अश्वेत लोग आजादी का अभियान चलाएंगे, तो वे काले-गोरे के रिश्तों में दरार नहीं बनाएंगे, वरन समन्वयवादी समाज की नींव डालेंगे। अश्वेतों में जागृति आने से यथास्थिति वाली व्यवस्था भंग नहीं होती, वरन् शाश्वत शांति का प्रयास शुरू होता है। मार्टिन ने यही चाहा था कि नैतिकता भले ही कानून द्वारा क्रियान्वित न की जा सके, पर गोरों के आचरण को अमेरिकी सरकार नियमबद्ध तो कर ही सकती है, लेकिन ऐसा हुआ नहीं हर क्रांति की शुरूआत छोटी सी घटना से होती आई है।

1 दिसंबर 1955 को मांटगोमरी शहर के क्लीवलैंड एवेन्यू में बस पर अश्वेत युवती रोजा पार्क्स सवार हुई। बस में गोरों के लिए अगली दस सीट सुरक्षित रहती थी। इतना ही नहीं, यदि ज्यादा गोरे यात्री आ गए, तो बैठे हुए अश्वेत यात्रियों की सीटें खाली करवा ली जाती थी। बस कंडक्टर ने रोजा पार्क्स से गोरे मुसाफिर के लिए सीट देने को कहा। इंकार करने पर रोजा को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। इस घटना से क्षुब्ध मार्टिन ने समस्त काले वर्ग को "बस बायकाट" के लिए संगठित किया। बहिष्कार 368 दिन चला। इसका तात्कालिक असर पड़ा कि निजी बस कंपनियों को भारी क्षति हुई। उधर सर्वोच्च न्यायालय ने इसी बीच बसों में सुरक्षित सीटों की प्रणाली को गैरकानूनी करार दिया। मार्टिन ने सत्याग्रह के अस्त्र को अमेरिकी अश्वेतों की मुक्ति का साधन बनाया। 'ब्लैक-पावर' के कई उग्रवादी अश्वेत नेतागण मार्टिन से असहमत थे। वे गोरे अत्याचारियों से लहू का प्रतिकार खून से चाहते है। मार्टिन की नीति थीः 'व्यक्ति से वैमनस्य नहीं, बस उसके बुरे आचरण से विरोध है' गोरों से घृणा नहीं है, उनके संकुचित दृष्टिकोण पर क्षोभ होता है।

एक प्रतिरोध वाले कार्यक्रम के तहत राष्ट्रीय राजधानी वाशिंगटन में शांतिमय प्रदर्शन करना तय हुआ। 28 अगस्त 1963 को दो लाख लोगों ने जिसमें कई गोरे भी शरीक हुए थे, राष्ट्रपति से मांग की कि रंगभेद की नीति वाले सारे कानून खत्म कर दिए जाएं। युवा राष्ट्रपति जॉन कैनेडी ने उनके नागरिक अधिकार बिल का मसौदा तैयार किया। कैनेडी की हत्या वस्तुतः उनका निजी उत्सर्ग था जिससे जनमानस में रंगभेद के प्रति नफरत जगी और कुछ ही महीनो में लाखों अश्वेतों को कानूनी मताधिकार मिल गया।

बिना प्रतिहिंसा किए विरोधी में हृदय-परिवर्तन करने की प्रक्रिया की विशिष्ट जानकारी के लिए मार्टिन ने 1959 में सत्याग्रह की प्रयोग-भूमि भारत की यात्रा की। उन्होंने गांधी स्मारक निधि के तत्वावधान में महात्मा के विचारधारा का विशद अध्ययन किया। संत विनोबा से मिले। गांधी शताब्दी समारोह में भाग लेने वे अहमदाबाद, पोरबंदर और सेवाग्राम (वार्धा) आने वाले थे, पर काल ने यह नहीं होने दिया। अपनी प्रथम भारत यात्रा पर उन्होंने कहा थाः "बुरे के जवाब में भला करना यीशु ने सिखाया था। भारत में गांधी ने दिखाया कि यह संभव है, कारगर भी।"

## सोशल फोरम

# किसान का दर्द

किसान अपनी फसल की रक्षा करने एवं उत्पादकता बढ़ाने के लिए सदैव प्रयत्नशील रहता है। कभी हम आवश्यकता से कम खाद्यान्न उत्पादन या भीषण अकाल से होने वाली भुखमरी के शिकार होते थे, कभी हम पेट भरने के लिए संयुक्त राज्य अमेरिका के पीएल 480 योजना के अंतर्गत मिलने वाले गेहूं पर निर्भर रहा करते थे।



बद्री प्रसाद सिंह
सेवानिवृत्त आईजी पुलिस, उप्र.

खाद्यान्न की पैदावार बढ़ाने के लिए प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को जय जवान के साथ जय किसान का नारा देना पड़ा था, लेकिन विख्यात अमेरिकी कृषि वैज्ञानिक डा.नार्मन बोरलॉग एवं डा. स्वामीनाथन की टीम के सत्प्रयास से आई हरित क्रांति के बौनी प्रजातियों से हम धीरे-धीरे खाद्यान्न उत्पादन में आत्मनिर्भर हुए। रासायनिक खादों के उत्पादन में भी हम धीरे-धीरे आत्मनिर्भर हो रहे हैं। द्रव यूरिया तथा डीएपी का उत्पादन कर हम इन खादों की खपत भी कम कर रहे हैं। सिंचाई क्षेत्रों की वृद्धि तथा स्प्रिंकलर का प्रयोग कर सिंचित क्षेत्र भी बढ़ा रहे हैं। कृषि क्षेत्र में ड्रोन का उपयोग एक चमत्कारी कार्य हुआ है। योगी सरकार ने सिंचाई वाले ट्यूब वेल का विद्युत शुल्क माफकर किसानों को तत्काल राहत दी है।

विगत कुछ वर्षों से छुट्टे पशु तथा सुअर, नील गाय, साही, हिरण (जंगली पशु) से किसान कुछ दुःखी हैं जिससे फसल की रक्षा हेतु विभिन्न प्रकार के बाड़ लगा रहा है। खेत के चारों तरफ पक्की दीवार बनाना महंगा है, इसलिए कटीले तारों की बाड़ अधिक लग रही है। बिजली के तारों की बाड़ (झटका) भी प्रचलित हो रहा है। हमारे यहां आलू, शकरकंद की खेती की सुरक्षा हेतु पुरानी धोतियों को लकड़ी के छोटे खंभों के सहारे खेत को घेरकर बाड़ का रूप दिया जा रहा है। फिर भी अधिकांश खेत की सुरक्षा का उचित प्रबंध न हो पाने से फसल का नुकसान हो रहा है। सरकार न्यूनतम समर्थन मूल्य एमएसपी का आंकलन करते समय सुरक्षा पर हुए खर्च का आंकलन नहीं करती है। इसी तरह कीटनाशकों का बढ़ता खर्च भी नहीं जोड़ा जा रहा है, जो फसल के अनिवार्य अंग बन गए हैं। पैदावार में वृद्धि के लिए गोशाला प्रबंध में सुधार तथा जंगली जानवरों से बचाव का कोई कारगर हल ढूंढना होगा।

-फेसबुक वॉल से

# सत्ता सेवन से अधिक लोकमंगल को दिया महत्व


विजय बहादुर सिंह
सेवानिवृत्त प्रोफेसर, भोपाल

भगवान सिंह जैसे रामायण के शोधकर्ता यह मानते हैं कि बौद्धों के सामाजिक वर्चस्व को धूल चटाने के लिए यज्ञवादी रामायण और महाभारत की पुनर्योजना की गई, क्योंकि बौद्ध धर्म यज्ञ और वर्णव्यवस्था का विरोध करता आया था।

परम पवित्र और देवी माने जाने वाले वेदों में आर्य जनों और ऋषियों के शासक के रूप में जिस एक केंद्रीय महानायक का नाम बार-बार आता है वह तो इंद्र है। कुछेक पौराणिकों के मतानुसार वेदों में भी राम हैं, पर वे कहां है, यह वही जानें। राम सबसे पहले हमारी अपनी जानकारी में वाल्मीकि रामायण में आते हैं। यह तो फिर भी तय नहीं कि वे तभी थे जब वाल्मीकि थे और दोनों समकालीन थे, पर लोक को दोनों का समकालीन होना उनके अपने विश्वासों के संदर्भ में अच्छा लगता है।

इसके अपने कारण भी हैं, जैसे गर्भवती सीता का वाल्मीकि के आश्रम में निवास करना, पर यह कथा समस्त भारतीय पंडितों को एकमत से मंजूर नहीं। ढेर सारे भारतीय विद्वान यह मानते हैं कि वाल्मीकि के द्वारा रचे गए तो कुल छह अध्याय ही हैं। बालकांड और उत्तरकांड बाद के लोगों द्वारा अपने मत के समर्थन और स्वार्थपूर्ति के लिए जोड़ दिए गए हैं। इनमें एक सर्व प्रतिष्ठित विख्यात भारतीय अन्वेषक चिंतामणि विनायक वैद्य जी भी हैं, जो पश्चिम के तमाम जाने माने संस्कृत विद्वानों के साथ यह मानते हैं कि रामायण बुद्धकाल से पूर्व की रचना है। इन्हीं पश्चिमी और भारतीय विद्वानों में से कुछेक इसे कभी तीसरी शती ईसा पूर्व तो कुछेक पाणिनि (500 ईसापूर्व) से पहले की रचना मानते हैं। संस्कृत भाषा का पहला व्याकरण इन्हीं पाणिनि के द्वारा लिखा गया है, जो अफगानिस्तान के आसपास के रहने वाले थे। एक परंपरा यह भी मानती है कि इसकी रचना हद से हद आठ सौ से छह सौ ईसा पूर्व हुई होगी। यानी बुद्ध से सौ दो तीन सौ साल पहले। यह तो सब मानते हैं कि कालिदास जो ईसवी संवत से सत्तावन साल पहले के शासक विक्रमादित्य के समय में थे, तब वाल्मीकि की रामायण का वर्तमान प्रचलित रूप आ गया था यानी चौबीस हजार श्लोकों और सात कांडों वाली रामायण का।

भगवान सिंह जैसे रामायण के शोधकर्ता यह मानते हैं कि बौद्धों के सामाजिक वर्चस्व को धूल चटाने के लिए यज्ञवादी रामायण और महाभारत की पुनर्योजना की गई, क्योंकि बौद्ध धर्म यज्ञ और वर्णव्यवस्था का विरोध करता आया था। पुराण विशेषज्ञ पार्जिटर जैसे विश्वमान्य आचार्य और शोधकर्ता वंशावलियों के आधार पर यह मानते हैं कि राम-रावण और कौरव-पांडव युद्धों के बीच पांच शताब्दियों का अंतर है। उनके अनुसार महाभारत का युद्ध 1100 ईसा पूर्व और राम रावण युद्ध 1600 ईसा पूर्व में घटित हुआ, पर कई महाभारत की रचना का काल केवल 900 सौ साल ईसा पूर्व मानते हैं। यों कई हाथों का होने के कारण उसका लिखा जाना अशोक काल तक भी होता रहा।


इससे दो बातें तो साफ हो ही जाती हैं कि रामामण महाभारत वेदों, ब्राहण ग्रंथों और उपनिषदों के बाद की कृतियां हैं। पार्जिटर यह भी मानते हैं कि सूतों द्वारा रचित वंशावलियां जब चतुर ब्राहणों द्वारा हथियाई गईं तो उन्होंने मूल कथाओं में अपने मतलब की बातें भी जोड़ दीं, जो भी हो राम की मनुष्यता देवोपम होने के नाते समस्त भारतीय लोकजीवन के लिए पूज्य हो उठती है। इसमें तो कोई शक नहीं कि वे एक अप्रतिम शासक थे। इस रूप में वे थे एक असाधारण महामानव। इसलिए यह भारतीय समाज ऐसे शासक को भला क्यों भूलना चाहेगा? दूसरे वे ऐसे व्यक्ति थे जिन्होंने पत्नी के रूप में सीता को ग्रहण करने के बाद अन्य किसी भी स्त्री की कामना अपने जीवन में कभी नहीं की। तीसरे सत्ता सेवन से कहीं अधिक महत्व उन्होंने लोकमंगल को दिया और प्रजा के संतोष के लिए प्राणों से प्रिय गर्भवती पत्नी तक को भी वनवास दे डाला। इसलिए उन जैसा तो दूसरा कोई भी नहीं। यही बात महामुनि नारद ने आदिकवि से कही कि उन जैसा दूसरा इस लोक में कोई नहीं। न वैसा उदार, न कृपालु, न प्रजापालक न वीर। इकबाल जैसे महान शायर यों ही नहीं उनको याद करते हुए यें पंक्तियाँ लिखते है- है राम के वजूद पे हिन्दोस्तां को नाज/ अहले नजर समझते हैं उसको इमामे हिंद।

राम भारत के प्रकाश केतु हैं। इसीलिए धर्मध्वजा भी। अकबर जहांगीर के शासनकाल में जन्मे और राममय हुए तुलसीदास ऐसे राम के उदार चरित्र का वर्णन करते हुए, जो पद लिखते हैं वह आज स्मरण योग्य है- ऐसो को उदार जग माहीं।/ बिनु सेवा जो द्रवै दीन पर राम सरिस कोउ नाहीं।।

यह तो स्पष्ट है कि तुलसी के राम क्षत्रिय राम नहीं विष्णु के अवतार वाले राम हैं। तब भी तुलसी उनको लेकर यह कामना तो करते ही हैं कि शासक हो तो राम जैसा हो, जो अपने प्रत्येक आचरण में मर्यादा और सत्य का पालन करता हो और मर्यादाएं जिसके आचरण से परिभाषित और पहचानी जाती हों। वही तो राम हैं। आधुनिक समयों में अगर इसकी व्याख्या करें तो समझ में आ जाएगा कि राम को लेकर हमारी जो दीवानगी है, वह किस कोटि की है? खुद हमारा अपना जीवन कौन से राम के समीप है? हमारी राजनीति किस राजनीति की याद दिला रही है?

# व्यक्ति स्वार्थ के पीछे विश्व बाजार

एक ओर संगठित व्यक्ति स्वार्थ है और दूसरी ओर असंगठित समष्टिहित है। व्यक्तिस्वार्थ के पीछे विश्वबाजार की शक्ति मौजूद है, क्योंकि बाजार का आधार भी व्यक्तिस्वार्थ है। यह संघर्ष आज से नहीं, उसी दिन से शुरू हो गया था, जिस दिन उदारीकरण वैश्वीकरण भूमंडलीकरण के नाम पर विश्व बाजार देश में आया था।


डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

यह व्यक्तिस्वार्थ ही है, जो लोक की शक्ति को निर्बल बनाने के लिए कभी मजहब तो कभी जाति के बहाने से भेद विभेद पैदा कर रहा है। न मार्क्सवाद और जाति वाले लोक की ओर ध्यान दे रहे हैं और न धर्म वाले इस खतरे को पहचान रहे हैं। लड़ाई धर्म से नहीं है, पाखंड से है। जरूरत लोक में जाकर धर्म और पाखंड के अंतर को स्पष्ट करने की थी पर वे धर्म से लड़ रहे हैं, वे लोकजीवन से जुड़े होते तो समझ पाते कि धर्म लोक की संपदा है और पाखंड राजसत्ता का आयुध है। इस्लाम खतरे में है का नारा हो या धर्म खतरे में हो का नारा हो।

वास्तव में तो खतरे में लोकजीवन है। यदि बाजार उद्योग व्यापार तक सीमित रहता तो बात एक थी, लेकिन विश्व बाजार ने शिक्षा पर अधिकार किया, चिकित्सा पर कब्जा किया, कृषि पर अधिकार किया, संस्कृति पर अधिकार किया, मीडिया पर अधिकार किया, देश के प्राकृतिक संसाधनों पर अधिकार किया, अब तीर्थ भी बाजार का विषय बन गए हैं, पर्यटन उद्योग। राजसत्ता से उसकी संधि है। वह संधि लोक के विरुद्ध है। लोक के जागरण के बिना इसका मुकाबला किया नहीं जा सकता।

## एक नजर

### पुलिस अधिकारी की हत्या में दो गिरफ्तार

**इंफाल।** मणिपुर में तेंगनोउपल जिले के मोरेह में एक उप संभागीय पुलिस अधिकारी (एसडीपीओ) की हत्या में शामिल दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने मंगलवार को बताया कि विशेष कमांडो टीम ने सोमवार शाम सीमावर्ती शहर से दोनों को पकड़ा। पुलिस के अनुसार उनके कब्जे से आग्नेयास्त्र और गोला-बारूद हुआ। महिलाओं के समूह ने दोनों की रिहाई की मांग को लेकर मोरेह पुलिस थाने के सामने प्रदर्शन किया। बयान के मुताबिक, दोनों गिरफ्तार व्यक्ति पिछले वर्ष अक्टूबर में हुई मोरेह के एसडीपीओ चिंगथम आनंद की हत्या के मामले के मुख्य संदिग्धों में शामिल हैं। आनंद की उस समय गोली मारकर हत्या कर दी गई थी जब उनके नेतृत्व में एक पुलिस दल कुकी-जो समुदाय के प्रभुत्व वाले सीमावर्ती शहर के 'ईस्टर्न ग्राउंड' में नवनिर्मित हेलीपैड का निरीक्षण कर रहा था।

### पुंछ : जंगल में आग से बारूदी सुरंगों में विस्फोट

**मेंढर/जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के बालाकोट और मेंढर इलाकों के जंगलों में लगी आग पर मंगलवार को भी काबू नहीं पाया जा सका और आग की वजह से नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास कई बारूदी सुरंगों में विस्फोट हुआ। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पुंछ जिले के पहाड़ी इलाके में नियंत्रण रेखा के पास जंगलों में लगी आग लगातार फैल रही है। अधिकारियों ने बताया कि मेंढर सेक्टर के जंगलों में लगी आग के बाद कई बारूदी सुरंगों में विस्फोट हो गया। उन्होंने बताया कि स्थानीय लोगों के साथ सेना और वन विभाग के कर्मी आग पर काबू पाने में लगे हुए हैं।

### बिहार में प्रधानाध्यापिका की गोली मारकर हत्या

**भभुआ।** बिहार में कैमूर जिले में रामगढ़ थाना के अंतर्गत ग्राम बलुआ प्राथमिक विद्यालय की प्रधानाध्यापिका जयंति देवी की गोली मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि ग्राम बलुआ प्राथमिक विद्यालय की प्रधानाध्यापिका सोमवार की रात अपने घर लौट रही थीं। तभी पूर्व से घात लगाए अपराधियों ने उन्हें गोली मार दी। हमले में महिला की मौके पर ही मौत हो गई। सूत्रों ने बताया कि मामले में प्राथमिकी दर्ज कर जांच की जा रही है। इस सिलसिले मे एक व्यक्ति को हिरासत में लिया है जिससे पूछताछ की जा रही है।

### नक्सलियों के गढ़ में 24 घंटे में बना दी पुलिस चौकी

**गढ़चिरौली (महाराष्ट्र)।** महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले के सुदूर गरडेवाडा इलाके में 1000 से अधिक लोगों ने सुरक्षाकर्मियों के साथ मिलकर महज 24 घंटे के भीतर पुलिस चौकी स्थापित कर दी। अधिकारियों ने मंगलवार को बताया कि इस पुलिस चौकी से करीब 750 वर्ग किलोमीटर इलाके पर नजर रखने में सहूलियत होगी जो पूर्व में नक्सलियों का मजबूत गढ़ माना जाता था। उन्होंने बताया कि पुलिस चौकी 1947 के बाद पहली बार स्थायी रूप से इस संवेदनशील इलाके में पुलिस कर्मियों की तैनाती का रास्ता साफ करेगी।

### 2.58 करोड़ के सोने के साथ चार तस्कर गिरफ्तार

**मुंबई :** राजस्व खुफिया निदेशालय ने मंगलवार को मुंबई हवाई अड्डे पर 2.58 करोड़ रुपये मूल्य का चार किलो तस्करी का सोना जब्त किया और दो विमान यात्रियों सहित चार लोगों को गिरफ्तार किया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। दोनों यात्री सुबह सऊदी अरब के जेद्दा से छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (सीएसएमआईए) पर उतरे। उन्होंने बताया कि आरोपियों के सामान की तलाशी लेने पर डीआरआई कर्मियों ने उनके पास से 2.58 करोड़ रुपये मूल्य का कुल चार किलोग्राम तस्करी का सोना बरामद किया। अधिकारी ने बताया कि इसके बाद पता चला कि दो व्यक्ति इन यात्रियों से सोने की आपूर्ति लेने आए थे और हवाई अड्डे के बाहर उनका इंतजार कर रहे थे।

# भ्रष्टाचारियों पर कार्रवाई केंद्र की प्राथमिकता

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने श्री सत्यसाई जिले में किया एनएसीआईएन का उद्घाटन

अमरावती, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को कहा भ्रष्टाचार और भ्रष्ट लोगों के खिलाफ कार्रवाई राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) नीत केंद्र सरकार की शीर्ष प्राथमिकता रही है। आंध्र प्रदेश में श्री सत्यसाई जिले के पालसमुद्रम में राष्ट्रीय सीमा शुल्क, अप्रत्यक्ष कर और नारकोटिक्स अकादमी (एनएसीआईएन) का उद्घाटन करने के बाद एक सभा को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि करदाताओं के पैसे का उचित उपयोग किया जा रहा है और जो भी एकत्र किया गया है, उसे विभिन्न रूपों में लोगों को वापस किया जा रहा है।




श्री सत्य साईं जिले में एनएसीआईएन के उद्घाटन के दौरान प्रधानमंत्री मोदी, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, आंध्र प्रदेश के राज्यपाल एस अब्दुल नजीर और मुख्यमंत्री वाईएस जगन मोहन रेड्डी के साथ। ● एजेंसी

उन्होंने यह भी दावा किया कि मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के सत्ता में आने के बाद वर्ष 2014 से इस देश के लोगों ने कर बचत के तहत लगभग 2.5 लाख करोड़ रुपये बचाए हैं । मोदी ने कहा,

**शुरुआत**

▶▶ 2014 के बाद देशवासियों ने कर बचत के तहत लगभग 2.5 लाख करोड़ रुपये बचाए

पिछले 10 वर्षों में हमने गरीबों, किसानों, महिलाओं और युवाओं को सशक्त बनाया है। पिछले 10 वर्षों में लगभग 10 करोड़ फर्जी नाम दस्तावेजों से बाहर किये गये हैं। तिरुवल्लुवर दिवस' को याद करते हुए प्रधानमंत्री ने महान तमिल संत को उद्धृत किया और कर एकत्र करने में राजस्व अधिकारियों की भूमिका को रेखांकित किया जिससे लोकतंत्र में लोगों का कल्याण हुआ।

# धोनी पर मानहानि का मुकदमा, सुनवाई कल

एजेंसी, नई दिल्ली

**भारतीय** क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी के खिलाफ उनके दो पूर्व कारोबारी भागीदारों ने दिल्ली उच्च न्यायालय में मानहानि का मुकदमा दायर किया है। मानहानि वाद न्यायमूर्ति प्रतिभा एम सिंह के समक्ष 18 जनवरी को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध है।

वादी और पूर्व कारोबारी भागीदार मिहिर दिवाकर और उनकी पत्नी सौम्या दास ने धोनी, कई सोशल मीडिया मंचों और मीडिया घरानों के खिलाफ स्थायी व्यादेश (इनजंक्शन) और क्षतिपूर्ति का अनुरोध करते हुए उच्च न्यायालय का दरवाजा



▶▶ दो पूर्व कारोबारी भागीदारों ने दायर किया मुकदमा

खटखटाया। अर्जी में कहा गया है कि पूर्व क्रिकेटर से 15 करोड़ रुपये का कथित अवैध लाभ उठाने और 2017 के अनुबंध के उल्लंघन के संबंध में लगाए गए धोनी के झूठे आरोपों के संबंध में प्रतिवादियों को वादी की प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाने से रोका जाना चाहिए।

# पंजाब के गुरुद्वारे में बेअदबी के शक में युवक की हत्या

फगवाड़ा, एजेंसी

यहां एक गुरुद्वारा परिसर में बेअदबी की कोशिश के आरोप में एक अज्ञात व्यक्ति की हत्या कर दी गई। आरोपी एक निहंग को गिरफ्तार का लिया गया है, जिसकी पहचान रमनदीप सिंह के रूप में की गई है। उसने सोशल मीडिया पर एक वीडियो पोस्ट किया, जिसमें उसने हत्या की जिम्मेदारी ली और यह भी दावा किया कि उसने आत्मरक्षा में कार्रवाई की।

घटना के बाद अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक गुरिंदर सिंह ढिल्लों

**वारदात**

▶▶ फगवाड़ा का मामला आरोपी निहंग गिरफ्तार

सहित वरिष्ठ पुलिस अधिकारी यहां ऐतिहासिक गुरुद्वारा छेविन पातशाही चौरा खूह पहुंचे। पुलिस ने कहा कि पीड़ित की उम्र 20 साल थी और उसके शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

पुलिस ने बताया कि गुरुद्वारा प्रबंधक नरिंदर सिंह की शिकायत पर पीड़ित के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली गई है। शिकायत में कहा गया है कि अज्ञात व्यक्ति सोमवार रात करीब 10 बजे गुरुद्वारे में दाखिल हुआ और देर रात करीब दो बजे उसे बाथरूम में छिपा हुआ पाया गया। गुरुद्वारे में रहने वाले निहंग ने उस व्यक्ति को रोका तो उसने कथित तौर पर कहा कि उसे 'बेअदबी' करने के लिए किसी ने पैसे दिए थे।

फगवाड़ा एसपी गुरप्रीत सिंह ने कहा कि निहंग ने गुरुद्वारा चौरा खूह में बेअदबी के शक में युवक की हत्या कर दी। सीनियर अधिकारी मौके पर मौजूद हैं। जांच की जा रही है।

# स्टार्टअप इंडिया प्रधानमंत्री के लिए बना प्रचार का साधन

नई दिल्ली, एजेंसी

**कांग्रेस** अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने मंगलवार को आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री के लिए स्टार्टअप इंडिया प्रचार पाने का एक साधन बन गया है। मोदी सरकार राष्ट्रीय स्टार्टअप दिवस का ढोल पीट रही है जबकि यह अपेक्षित नतीजे देने में विफल रहा है।

खरगे ने यह भी पूछा कि सरकार ने देश के मान्यता प्राप्त स्टार्टअप में से 97.5 फीसदी को कर लाभ क्यों नहीं दिए। कांग्रेस प्रमुख ने एक्स पर कहा, मोदी सरकार ढोल पीट रही है और हमसे राष्ट्रीय स्टार्टअप दिवस मनाने के लिए कह रही है। लेकिन प्रधानमंत्री द्वारा 2016 में स्टार्टअप इंडिया की शुरुआत



▶▶ कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने कहा- अपेक्षित परिणाम नहीं दे सका स्टार्टअप इंडिया प्रोग्राम

किए जाने के बाद से ही हमारे स्टार्टअप उद्यमियों, सर्जनात्मक लोगों और हमारे बेरोज़गार युवाओं को निराशाजनक स्थिति में पहुंचा दिया गया।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस तीन सवाल पूछना चाहती है। भाजपा ने 2019 के अपने घोषणापत्र में स्टार्टअप सीड फंड के लिए 20,000 करोड़ रुपये का वादा किया। उसका क्या हुआ। उन्होंने इसके लिए मात्र 525.27 करोड़ रुपये मंजूर किए और यह भी 2021-22 से शुरू होने वाली चार साल की अवधि के लिए। कांग्रेस अध्यक्ष ने पूछा, क्या यह सच है कि सिर्फ बीते दो साल में स्टार्टअप में काम करने वाले एक लाख लोगों ने अपनी नौकारियां गंवा दी हैं। हम उन पर कोविड-19 लॉकडाउन के प्रभाव की गिनती तक नहीं कर रहे हैं।

उन्होंने यह भी पूछा कि सरकार ने देश के मान्यता प्राप्त स्टार्टअप में से 97.5 फीसदी को कर लाभ क्यों नहीं दिए। खरगे ने कहा कि केंद्र सरकार ने लगभग हर बजट में वादा करने के बावजूद सिर्फ 2,975 स्टार्टअप को किसी तरह का कर लाभ दिया। उन्होंने कहा कि स्टार्टअप इंडिया प्रधानमंत्री के लिए प्रचार हासिल करने का साधन बन गया है और यह अपेक्षित परिणाम नहीं दे सका है। खरगे ने पोस्ट के साथ एक तस्वीर भी पोस्ट की जिसमें कहा गया, मोदी सरकार का स्टार्टअप इंडिया नॉन-स्टार्टर बना हुआ है। प्रधानमंत्री मोदी ने 16 जनवरी 2016 को 'स्टार्टअप इंडिया' पहल की शुरुआत की थी। इसका मकसद नवाचार और स्टार्टअप को बढ़ावा देने के लिए एक मजबूत 'इकोसिस्टम' खड़ा करना और देश में स्टार्टअप 'इकोसिस्टम' में निवेश को बढ़ावा देना था। उन्होंने 16 जनवरी के दिन को राष्ट्रीय स्टार्टअप दिवस घोषित किया था।

# कमरे में अलाव जलाकर सो रहे दो श्रमिकों की मौत

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचारः** सर्दी से बचने के लिए सोमवार की रात कमरे में अलाव जलाकर सोए चार मजदूरों में दो की दम घुटने से मौत हो गई। दो मजदूरों को जिला अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद हैलट अस्पताल कानपुर रेफर कर दिया गया।

मलवां थाना क्षेत्र के सौंरा औद्योगिक क्षेत्र में स्थित बीएल मेटल फैक्ट्री में मिर्जापुर जिले के शिवकुमार उर्फ लाला (22), कमलेश (22), ओमप्रकाश (21) और प्रयागराज के अर्जुन (20) मजदूरी करते थे। ये सभी फैक्ट्री में पुरानी बैट्री तोड़ने का वह काम करते थे। सोमवार को काम

▶▶ सौंरा औद्योगिक क्षेत्र स्थित एक फैक्ट्री का मामला

▶▶ दो मजदूरों को जिला अस्पताल से कानपुर किया गया रेफर

करने के बाद चारों मजदूर एक ही कमरे में सोने चले गए। सर्दी से बचने के लिए उन्होंने कमरे में एक तसले में अलाव जला लिया और दरवाजा बंद कर सो गए। मंगलवार सुबह देर तक कमरे से मजदूर नहीं निकले तो साथी मजदूरों ने दरवाजे के बगल में लगी खिड़की को तोड़ दिया और अंदर घुसे तो भौचक रह गए। शिवकुमार और अर्जुन की मौत हो चुकी थी। कमलेश और ओमप्रकाश को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# केजरीवाल सुंदरकांड पाठ में हुए शामिल

नई दिल्ली, एजेंसी

**दिल्ली** के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने पत्नी और पार्टी नेताओं के साथ रोहिणी के मंदिर में मंगलवार को आयोजित सुंदरकांड पाठ कार्यक्रम में हिस्सा लिया और भगवान राम से देश की प्रगति के लिये आशीर्वाद मांगा।

दिल्ली की सभी 70 विधानसभाओं में आयोजित सुंदरकांड पाठ में आप के विधायकों, पार्षदों और अन्य पार्टी कार्यकर्ताओं ने स्थानीय लोगों के साथ हिस्सा लिया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने सभी लोगों की खुशी, शांति और प्रगति के लिये आशीर्वाद मांगा है। रामचरितमानस के सुंदरकांड पाठ के करीब डेढ़ घंटे के कार्यक्रम में



नई दिल्ली के रोहिणी में मंगलवार को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पत्नी सुनीता के साथ सुंदर कांड पाठ के बाद हवन करते हुए।

केजरीवाल ने हिस्सा लिया और हवन किया। उन्होंने कहा, मैं भगवान राम और हनुमान से प्रार्थना करता हूं कि आपकी सभी इच्छाएं पूरी हों और वे आपको खुशी और समृद्धि का आशीर्वाद दें।

दिल्ली के मंत्री सौरभ भारद्वाज ने चिराग दिल्ली में आयोजित सुंदरकांड पाठ में हिस्सा लिया। भारद्वाज से ओवैसी की टिप्पणी के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, ''मेरा मानना है कि ओवैसी को जवाब देने की


▶▶ श्रीराम से मांगा देश की प्रगति के लिये आशीर्वाद

जरूरत नहीं है। हम भगवान हनुमान से उनके लिये आशीर्वाद मांगेंगे और भगवान को उन्हें आशीर्वाद देना चाहिए। आप के राज्यसभा सदस्य राघव चड्ढा ने कहा कि उनकी पार्टी को किसी अन्य नेता से प्रमाण पत्र लेने की जरूरत नहीं है। हैदराबाद से लोकसभा सदस्य ओवैसी ने कहा था, आप और भाजपा में तब क्या अंतर है। अब आप भाजपा और आरएसएस के एजेंडा का अनुकरण कर रहे हैं। वे कह रहे हैं कि हम दिल्ली में 'सुंदरकांड पाठ' का आयोजन करेंगे और हनुमान चालीसा का पाठ करेंगे। अब वे भाजपा की विचारधारा का अनुसरण कर रहे हैं।

### ओवैसी ने सुंदरकांड पाठ कराने पर की आप की आलोचना

**हैदराबाद।** ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी ने दिल्ली में सुंदरकांड का पाठ कराने को लेकर आम आदमी पार्टी (आप) की आलोचना की है। उन्होंने मंगलवार को सवाल किया कि अरविंद केजरीवाल नीतआप अपनी विरोधी भाजपा से कैसे अलग है। भाजपा अयोध्या में बन रहे भव्य राममंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा समारोह पर ध्यान केंद्रित कर रही है और माना जा रहा है कि आप ने इसका मुकाबला करने के लिए पूरी दिल्ली में मंगलवार को सुंदरकांड का पाठ कराने की घोषणा की। रामायण में 'सुंदरकांड' एक अध्याय है जो भगवान हनुमान को समर्पित है। हैदराबाद से लोकसभा सदस्य ओवैसी ने संवाददाताओं से कहा कि आम आदमी पार्टी भाजपा से अलग कैसे हैं? आप में और भाजपा एवं आरएसएस में कोई अंतर नहीं है। अब आप भाजपा और आरएसएस के एजेंडे का अनुसरण कर रहे हैं।

## रोशनी से जगमग ख्वाजा की दरगाह



राजस्थान के अजमेर में स्थित हजरत ख्वाजा गरीब नवाज की दरगाह को 812वें उर्स के मौके पर सजाया गया है। उर्स में शामिल होने के लिए देश-विदेश से जायरीन यहां पहुंचकर खुशहाली के लिए दुआएं मांग रहे हैं।

# माइक्रोचिप लगाकर सोशल मीडिया खाते हैक करने की होगी जांच

## मुंबई की अदालत ने पुलिस को दिए मामले में प्राथमिकी दर्ज करने के निर्देश

मुंबई, एजेंसी

**मुंबई** की एक अदालत ने पुलिस को एक व्यक्ति के इस दावे की जांच करने का निर्देश दिया है कि कुछ अज्ञात लोगों ने उसके शरीर में माइक्रोचिप लगाकर उसके सोशल मीडिया खाते हैक कर लिए।

बोरीवली मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट बीएन चिकने ने शहर की चारकोप पुलिस को प्राथमिकी दर्ज करने और जांच करने का निर्देश दिया है। इस संबंध में आदेश पिछले माह पारित किया गया था, लेकिन सोमवार को यह उपलब्ध कराया

**कोर्ट-कचहरी**

▶▶ शिकायतकर्ता ने माइक्रोचिप के जरिए हृदयगति बढ़ाने का भी किया दावा

गया। अदालत ने पुलिस से जल्द से जल्द अंतिम रिपोर्ट पेश करने को कहा है। साथ ही कहा कि शिकायत से संबंधित दस्तावेजों को आवश्यक कार्रवाई के लिए चारकोप पुलिस थाने की ओर से साइबर अपराध शाखा को भेजा जाना चाहिए।

सचिन सोनवणे नामक व्यक्ति ने उसके सभी सोशल मीडिया खाते हैक होने की शिकायत की है। इसके बाद अदालत ने यह निर्देश दिया है। सचिन ने संदेह जताया है कि हैकर ने उसके शरीर में माइक्रोचिप डालकर ऐसा किया। उसने यह भी दावा किया कि पासवर्ड बदलने जैसी तमाम सावधानियां बरतने के बावजूद हैकर ने उसके नये जीमेल खाते सहित उनके अन्य सोशल मीडिया खातों को हैक कर लिया। अधिवक्ता प्रकाश सालसिंगिकर के जरिये दायर अपनी शिकायत में सचिन ने कहा कि इसके कारण उसे काफी नुकसान झेलना पड़ा है।

उसने यह भी दावा किया कि किसी अज्ञात शख्स ने कई बार उनकी हृदय गति बढ़ाने के लिए माइक्रोचिप का इस्तेमाल किया है और इसलिए उनकी जान को भी खतरा है। सचिन के आवेदन और हलफनामे पर गौर करने के बाद अदालत ने कहा कि प्रथम दृष्टया ऐसा प्रतीत होता है कि यह अपराध सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम और भारतीय दंड संहिता की धारा 420 (धोखाधड़ी) के तहत आता है। अदालत ने कहा कि ऐसी परिस्थिति में साइबर अपराधों के लिए विशेष रूप से नियुक्त पुलिस को मामले की गहन जांच करनी चाहिए।

## उत्तराखंड

# मोदी दिला रहे पर्यटक स्थलों को नई पहचान : धामी

संवाददाता, पिथौरागढ़

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को पिथौरागढ़ में सुरेंद्र सिंह बल्दिया स्पोर्ट्स स्टेडियम से देव सिंह मैदान तक भव्य रोड शो निकाला।

इस दौरान क्लॉक टावर टकाना, गुप्ता तिराहा, केमू रोडवेज स्टेशन से देव सिंह मैदान तक आयोजित रोड शो में हजारों की संख्या में स्थानीय जनता, जनप्रतिनिधियों, रंगकर्मियों, अधिवक्ताओं, पूर्व सैनिकों, विभिन्न क्षेत्र के लोगों ने सम्मिलित होकर मुख्यमंत्री का स्वागत किया। लोक वाद्य यंत्रों, पारंपरिक लोक नृत्य छोलिया, कलश यात्रा के बीच मुख्यमंत्री ने भी स्थानीय जनता पर पुष्प वर्षा कर सभी का आभार व्यक्त किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कुछ माह पूर्व ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आदि कैलाश और

**पहाड़ी संस्कृति हमारी पहचान**



जागेश्वर धाम के दर्शन किए थे, जिसके फलस्वरूप आदि कैलाश और जागेश्वर

**कार्यक्रम**

▶▶ पिथौरागढ़ में मुख्यमंत्री धामी ने निकाला भव्य रोड शो

▶▶ पर्यटन स्थलों के विकास के लिए हर संभव प्रयास कर रही उत्तराखंड सरकार

धाम में पर्यटकों को संख्या बढ़ रही है। यह राज्यवासियों के लिए हर्ष का विषय है कि प्रधानमंत्री उत्तराखंड के पर्यटक स्थलों को देश विदेश में नई पहचान दिला रहे हैं। कहा कि, 22 जनवरी का दिन इतिहास में अमर होने जा रहा है। इस दिन राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा होगी। हम सभी के लंबे वर्षों का इंतजार खत्म होगा। यह हम सभी देशवासियों के लिए गौरवमयी पल होगा

वहीं, सीएम ने विभिन्न विभागों एवं स्वयं सहायता समूहों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का अवलोकन के साथ भगवान श्रीराम दरबार एवं कन्या पूजन किया। मुख्यमंत्री ने धारचूला की दारमा, व्यास घाटियों के वाइब्रेंट विलेज से आई महिलाओं के साथ बागेस्वरी चरखे एवं तकली से ऊन कताई की। साथ ही, उन्होंने रांच में पारंपरिक विधि से कालीन भी बनाया। मुख्यमंत्री ने फिरका और बिंडा (मटका) के माध्यम से मट्ठा भी बनाया। साथ ही सिलबट्टे में हरा नून ( नमक) पीसा। मुख्यमंत्री ने बिण सिडकुल आस्थान में 253 उद्यमियों को व्यवसायिक भूखंड आवंटन स्वीकृति पत्र प्रदान किए। उन्होंने पर्यटन विभाग/जिला प्रशासन की कॉफी टेबल बुक का विमोचन करने के साथ ही मिलेट द्वारा निर्मित भीटोली का शुभारंभ भी किया। मुख्यमंत्री ने 6 महालक्ष्मी किट, 6 अंतरराष्ट्रीय बालिका खिलाड़ियों को सम्मानित किया।

# समूह में स्कूल जाएं बच्चे, सूर्यास्त और सूर्योदय के बीच बरतें सावधानी

संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचारः** देहरादून सहित प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में गुलदार द्वारा बच्चों पर हमला करने की घटनाओं का मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा संज्ञान लेने के बाद मंगलवार को शासन की तरफ से जनसामान्य की सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए दिशा निर्देश और सुझाव जारी किए गए हैं। मुख्यमंत्री ने प्रमुख सचिव वन आर.के सुधांशु को निर्देश दिए थे कि इस तरह की घटनाओं को रोकने के लिए प्रभावी कार्ययोजना पर कार्य करें।

### बचाव को जारी गाइड लाइन

- वन्यजीव बाहुल्य वन क्षेत्रों में अकेले जाने से बचें। यथासंभव समूह में जाएं
- वन्यजीव प्रभावित क्षेत्रों में सूर्यास्त से सूर्योदय के बीच अत्यन्त आवश्यक होने पर ही प्रवेश करें।
- नित्य कर्म अथवा अन्य किसी कार्य से अचानक मार्ग के निकट वन में प्रवेश न करें।
- बच्चों को समूह में स्कूल आने-जाने को प्रेरित करें
- वन क्षेत्रों से जाते समय अपने साथ यथासम्भव मजबूत छड़ी आदि रखें।
- वन्य प्राणियों से सामना होने पर सावधानी बरतें, जल्द से जल्द सुरक्षित दूरी बनाएं।
- कौतूहलवश या अति उत्साह में किसी वन्यप्राणी के पास जाने एवं फोटो खींचने आदि से बचें।

### छिपने की न दें जगह

गौशाला, शौचालय एवं घरों के आसपास झाडियों की नियमित सफाई रखें, प्रकाश की व्यवस्था करें। विशेष रूप से वर्षाकाल तथा शीतकाल में कोहरे के समय ऐसा नितान्त आवश्यक है, अन्यथा वन्यप्राणियों को इनके अत्यन्त निकट छिपने की जगह मिल जाती है, जिससे दुर्घटना की सम्भावना बढ़ जाती है।

### कचरे का करें निस्तारण

उप सचिव वन अनुभाग सत्य प्रकाश सिंह ने यह भी स्पष्ट किया है कि किसी भी तरह के कचरे को घर के आसपास या रास्ते में इधर-उधर न फेंकें, उसके निस्तारण की उचित व्यवस्था करें। इस प्रकार आसानी से उपलब्ध होने वाले भोजन से वन्यप्राणी आकर्षित होते हैं, जिनसे उनके साथ सामना होने की सम्भावना बढ़ जाती है।

## एक नजर

### मेरठ : सरधना से कारतूसों का जखीरा बरामद

मेरठ : जिले के कस्बा सरधना के एक घर से पुलिस ने भारी संख्या में एक बोरे में भरे नौ एमएम के कारतूस बरामद किये हैं। इस मामले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है जिससे साइबर सैल और एटीएस की टीमें पूछताछ कर रही हैं। पुलिस सूत्रों ने मंगलवार को यह जानकारी यहां दी। पुलिस के अनुसार जिला मुख्यालय से करीब 24 किलोमीटर दूर कस्बा सरधना में नवादा निवासी विकास उर्फ विक्की के घर पर आज छापा मार कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया। उसके कब्जे से एक बोरे में भरे हुए नौ एमएम के 56 कारतूस और असलहा बरामद किया गया। पुलिस अधीक्षक देहात कमलेश बहादुर ने बताया कि पुलिस की पिस्तौल और कारबाइन में इस्तेमाल किये जाने वाले प्रतिबंधित यह कारतूस किस तरह आरोपी विकास तक पहुंचे इसकी जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि इस मामले में किसी आतंकवादी गतिविधि की आशंका को देखते हुए आइबी और एटीएस टीमें भी पकड़े गये आरोपी से गहन पूछताछ में लगी हुई हैं।

### प्रेमी से मिलने पर प्रतिबंध के बाद संदिग्ध अवस्था में युवती की मौत

बदायूं, अमृत विचार : प्रेमीयुगल के प्रेम-प्रसंग के बीच युवती के परिजन दुश्मन बन गए। उन्होंने दोनों के मिलने जुलने पर प्रतिबंध लगा दिया। इसके कुछ समय बाद युवती की संदिग्ध परिस्थिति में घर पर मौत हो गई। परिजनों ने पुलिस को सूचना दिए बिना अंतिम संस्कार कर दिया। थाना मूसाझाग क्षेत्र के एक गांव में एक ही बिरादरी के युवक-युवती एक दूसरे से प्यार थे। जानकारी होने पर परिजनों ने दोनों के मिलने व बात करने पर प्रतिबंध लगा दिया। सोमवार को युवती के परिजनों ने उसे फोन पर बात करते हुए पकड़ लिया। चर्चा है कि युवती की फटकार लगाई लेकिन युवती प्रेमी के साथ शादी करने की जिद करने लगी। इसके बाद युवती की मौत हो गई। परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार कर दिया। ग्रामीणों के अनुसार युवती ने फंदा लगाया था।

# राम मंदिर का बनना सदी की सबसे गौरवान्वित घटना

## मोदी, शाह और योगी नहीं होते तो अभी 500 वर्ष और रामलला को टेंट में रहना पड़ता : मुख्तार अब्बास नकवी

कार्यालय संवाददाता, रामपुर/बरेली

**अमृत विचार :** वरिष्ठ भाजपा नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी ने मंगलवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह केंद्र में और उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ (सत्ता में) नहीं होते तो अभी 500 साल और रामलला को टेंट में रहना पड़ता। कहा कि विदेशी आक्रांताओं के क्रूर करतूत का कलंक मिटाकर राम मंदिर का बनना सदी की सबसे गौरवान्वित घटना है।



रामपुर के शंकरपुर स्थित मंदिर के परिसर में झाड़ू लगाकर स्वच्छता अभियान में हिस्सा लेते पूर्व केंद्रीय मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी। -अमृत विचार

नकवी ने बरेली में शुक्रिया मोदी भाई जान कार्यक्रम में अल्पसंख्यकों को आगाह किया कि सरकार ने किसी भी समुदाय के साथ भेदभाव नहीं किया इसलिए सत्तारूढ़ दल भाजपा के प्रति कोई अस्पृश्यता नहीं होनी चाहिए। उन्होंने दावा किया कि मोदी ने साबित कर दिया है कि लोकतंत्र वंशवादी प्रभुत्व और तुष्टिकरण

▸▸ विपक्षी दलों ने राम मंदिर मुद्दे पर जनता का ध्यान भटकाया

के बिना भी काम कर सकता है। नकवी ने कहा कि गरीब, पिछड़े और अल्पसंख्यक दंगों और आतंकवाद के सबसे बड़े शिकार थे लेकिन देश अब आतंक से मुक्त है, समाज का हर वर्ग शांति, सुरक्षा और समृद्धि के माहौल में आगे बढ़ रहा है। उन्होंने विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए कहा कि जिस तरह से 500 साल से मुगलों ने, फिर अंग्रेजों ने, उसके बाद कांग्रेस ने राम मंदिर के मुद्दे को लटकाया, भटकाया और भ्रम का माहौल पैदा किया उससे एक बात बहुत स्पष्ट है कि इनकी भावना कभी भी अयोध्या के राम जन्मभूमि पर राम मंदिर के निर्माण की नहीं रही है। नकवी ने कहा कि जिस तरह इन लोगों ने इस मुद्दे पर भय और भ्रम का माहौल पैदा करने की कोशिश की, ऐसे में अगर नरेन्द्र मोदी, अमित शाह, केंद्र की सत्ता में नहीं होते और प्रदेश में योगी आदित्यनाथ सत्ता में नहीं होते तो अभी 500 साल और रामलला को टेंट में रहना पड़ता। उन्होंने कहा कि हमने देखा है कि जब शाहबानो के मुद्दे पर सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुनाया था तो उस फैसले को 1985 में निष्प्रभावी करने के लिए कांग्रेस ने संसद में संख्या बल का कितनी बुरी तरीके से दुरुपयोग किया।

# 15 दिन में देशभर से जांच के लिए पहुंचे 275 सैंपल

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** ठंड का प्रकोप बढ़ते ही केंद्र सरकार की ओर से बर्ड फ्लू के लिए अलर्ट जारी किया गया है। इसके साथ ही भारतीय पशु अनुसंधान संस्थान (आईवीआरआई) के कैडरेड विभाग में देशभर से जांच के लिए सैंपल पहुंचने शुरू हो गए हैं। वैज्ञानिकों के अनुसार अब तक विभिन्न राज्यों से पंद्रह दिन में करीब 275 सैंपल जांच के लिए आ चुके हैं। हालांकि, किसी भी सैंपल में अभी तक बर्ड फ्लू की पुष्टि नहीं हुई है।

कैडरेड प्रभारी एवं संयुक्त निदेशक डा. केपी सिंह ने बताया कि

**बर्ड फ्लू का खौफ**

▸▸ जांच में अभी तक नहीं हुई किसी भी सैंपल में संक्रमण की पुष्टि

गाइडलाइन के अनुसार सभी सैंपल को बीएसएल-2 लैब में सतर्कता के साथ जांच प्रक्रिया को पूरा किया जा रहा है। विशेषज्ञ वैज्ञानिकों के मुताबिक एवियन इंफ्लूएन्जा (बर्ड फ्लू) रोग में कुक्कुटों की कलंगी नीली, आंखों एवं दोनों पैरों से रक्त स्राव होता है। पक्षियों की अचानक बड़ी संख्या में मृत्यु होती है। बर्ड फ्लू के खतरों को देखते हुए केंद्रीय पक्षी अनुसंधान संस्थान प्रबंधन की ओर से भी फार्म पर अधिक निगरानी क्षेत्र घोषित किया गया है।



प्रयागराज के संगम तट पर लगे ऐतिहासिक माघ मेला में किसान महापंचायत के लिए पहुंचे किसान नेता राकेश टिकैत मंगलवार को आयोजित भंडारे में प्रसाद का वितरण करते हुए।

## नहर में ट्रैक्टर गिरने से दो युवकों की मौत

**मुजफ्फरनगर :** जिले के कांधला थाना क्षेत्र में सोमवार देर रात घने कोहरे के कारण एलम पुल के पास एक ट्रैक्टर के छोटी नहर में गिर जाने से दो युवकों की मौत हो गयी। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

शामली के अपर पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह ने पत्रकारों को बताया कि मृतकों की पहचान बागपत जिले के सनी (20) और आकाश (19) के रूप में हुई है। एएसपी ने बताया कि यह घटना तब हुई, जब दोनों शामली से अपने घर लौट रहे थे। सिंह ने कहा कि ट्रैक्टर नहर में पाया गया और मृतकों को मंगलवार सुबह ग्रामीणों ने देखा।

# अवमानना के मामले में देवरिया के जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी तलब

विधि संवाददाता, प्रयागराज

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाई कोर्ट ने अवमानना के एक मामले में बेसिक शिक्षा अधिकारी पर नाराजगी जताई है। कोर्ट ने कहा कि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, देवरिया ने या तो न्यायालय द्वारा पारित आदेश का सावधानीपूर्वक अवलोकन नहीं किया या फिर मनमाने ढंग से कार्य किया है। यह इस न्यायालय द्वारा जारी विशिष्ट निर्देशों का उल्लंघन है।

अतः कोर्ट का मानना है कि ऐसे लापरवाह रवैये वाले अधिकारी के साथ सख्ती से व्यवहार करने की आवश्यकता है। हालांकि उसे अपने आचरण को स्पष्ट करने के लिए अपना व्यक्तिगत हलफनामा दाखिल करने के साथ-साथ अगली सुनवाई दिनांक 24 जनवरी को व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होने का अवसर

▸▸ बर्खास्तगी के विरुद्ध कानून के अनुसार नया आदेश पारित करने का कोर्ट ने दिया था निर्देश

दिया गया है। उक्त आदेश न्यायमूर्ति सौरभ श्याम शमशेरी की एकलपीठ ने अपर्णा तिवारी और दो अन्य की याचिका पर पारित किया। याचीगण सहायक शिक्षिका के पद पर कृषक लघु माध्यमिक विद्यालय, मदरसन, गौरी बाजार, देवरिया में कार्यरत थीं।

याचियों की नियुक्ति प्रक्रिया को लेकर एसटीएफ फील्ड यूनिट, गोरखपुर द्वारा जांच कार्रवाई शुरू की गई। इसके बाद जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा 23 अक्टूबर 2021 को याचियों को बर्खास्त कर बड़ा जुर्माना लगाया गया। उपरोक्त आदेश को हाईकोर्ट में चुनौती दी गई, जिसमें कोर्ट ने पाया कि उत्तर प्रदेश सरकारी सेवक (अनुशासन और अपील) नियम, 1999 के प्रावधानों के तहत संबंधित अधिकारी ने बर्खास्तगी आदेश लागू करने में निर्धारित प्रक्रिया का पालन नहीं किया, इसलिए उक्त विवादित आदेश को इस न्यायालय द्वारा रद कर दिया गया था और कानून के अनुसार नए आदेश पारित करने का निर्देश दिया गया था।

याचियों के अधिवक्ता ने कोर्ट को बताया कि कथित तौर पर दिनांक 16.07.2022 को कार्रवाई की एक जांच रिपोर्ट अनुशासनात्मक प्राधिकारी को प्रस्तुत की गई थी। याचियों के अधिवक्ता ने आगे बताया कि याचियों को उक्त रिपोर्ट की प्रति नहीं दी गई थी। इसके बाद कोई कारण बताओ नोटिस भी जारी नहीं किया गया और बिल्कुल एकपक्षीय कार्रवाई करके बर्खास्तगी का बड़ा जुर्माना फिर से लगा दिया गया। उन्होंने आगे कहा कि विवादित आदेश न केवल निर्धारित प्रक्रिया के विपरीत है, बल्कि अवमाननापूर्ण भी है।

# प्राण प्रतिष्ठा पर मुस्लिम भी मनाएं दीपावली

▸▸ आगरा में अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष ने मुस्लिम महिलाओं को दीपक व बाती की किट बांटी

एजेंसी, आगरा

**अयोध्या** में निर्माणाधीन राम मंदिर में 22 जनवरी को होने वाले प्राण प्रतिष्ठा समारोह को सभी मुस्लिम उल्लास के साथ मनाएं। इस अवसर पर भी सभी लोग अपने घरों में दीप जलाएं। ये बातें उत्तर प्रदेश अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष अशफाक सैफी ने मंगलवार को यहां मुस्लिम बस्तियों में लगे कैंपों में कही। इस दौरान उन्होंने दीपक व बाती की किट भी बांटी।

उन्होंने कहा कि 22 जनवरी को अयोध्या में भगवान श्रीराम का होने वाला प्राण प्रतिष्ठा समारोह मुस्लिम समाज के लिए हर्ष और त्योहार मनाने का दिन है। श्रीराम सबके हैं। उनके शासन में सब सुखी थे। किसी का किसी से बैर नहीं था। हर वर्ग का सम्मान और सबके साथ सामाजिक समानता का आचरण होता था। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री योगी की सरकार में किसी के साथ भेदभाव नहीं हो रहा है। आयुष्मान, उज्ज्वला, मुफ्त राशन जैसी सभी योजनाओं का लाभ सभी लोगों को मिल रहा है।



आगरा की मुस्लिम बस्तियों में कैंप लगाकर मंगलवार को दीपक व बाती किट वितरित करते उत्तर प्रदेश अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष अशफाक सैफी।

# घने कोहरे के चलते 10 वाहन आपस में टकराये

▸▸ दुर्घटना के चलते दो घंटे बाधित रहा यातायात

एजेंसी, नोएडा

**गौतमबुद्ध** नगर जिले के ग्रेटर नोएडा में घन कोहरे के कारण मंगलवार को कई वाहन आपस में टकरा गये, जिससे चार लोग घायल हो गये।

पुलिस ने बताया कि हादसा दादरी पुलिस थाना क्षेत्र में बाईपास मार्ग पर मंगलवार सुबह करीब पौने आठ बजे हुआ। बताया कि अंडरपास को पार करने के तुरंत बाद बाईं ओर मुड़ते समय एक ट्रक अन्य ट्रक से टकरा गया। इसके बाद पीछे से आ रहे 10 और वाहन भी टकराते चले गये। घटना में चार लोग घायल हो गए। पुलिस के अनुसार घायलों की पहचान कैलाश प्रशांत, अपूर्व परमार, केशव सिंह और मोहन स्वरूप के रूप में हुई है। प्रवक्ता ने बताया कि घायलों को दादरी के सीएचसी ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद प्रशांत, परमार और सिंह को घर भेज दिया गया। बताया कि दुर्घटना के कारण मार्ग पर करीब दो घंटे के लिए यातायात बाधित रहा, लेकिन क्षतिग्रस्त वाहनों को जल्द ही हटा दिया गया और वाहनों की आवाजाही सामान्य हो गई।

# जंगल में चारा लेने गई युवती को बाघ ने मार डाला

संवाददाता, बिजनौर

**अमृत विचार :** अमानगढ़ में मां के साथ चारा लेने गई युवती पर बाघ ने हमला कर मार डाला। झाड़ियों से निकलकर आए बाघ ने युवती की गर्दन दबोच ली और उसे खींच कर जंगल में ले जाने लगा। यह देख मां व अन्य लोगों ने शोर मचाया। इस पर बाघ युवती को छोड़कर भाग गया। सूचना पर रेंजर और थानाध्यक्ष मौके पर पहुंचे। झाड़ियों और आसपास के इलाकों में कांबिंग की गई।



अमानगढ़ टाइगर रिजर्व वन रेंज की कक्षा संख्या 50 के पास गांव झूलोखत्ता निवासी मासूम अली उर्फ निक्का की 20 वर्षीया पुत्री दिलबीबी उर्फ शाबुरा अपनी मां हुस्नबीबी और पड़ोस के शाहिद और अन्य लोगों के साथ

**बाघ का आतंक**

▸▸ बाघ को पकड़ने के लिए लगाया गया पिंजरा

बैलगाड़ी से पशुओं के लिए चारा लेने गई थी। परिजनों का कहना है कि हुस्नबीबी, शाहिद और अन्य ग्रामीण पेड़ पर चढ़कर पत्तियां और डाली तोड़ रहे थे, जबकि शाबुरा लकड़ियों और पत्तियों को इकट्ठा करके बैलगाड़ी में रख रही थी। तभी अचानक झाड़ियों से बाघ निकल आया और शाबुरा की गर्दन को दबोच लिया। जब तक लोग कुछ समझ पाते बाघ शाबुरा को खींचकर झाड़ियों में ले गया। यह देख पेड़ पर चढ़े लोगों ने शोर मचाना शुरू कर दिया। इस पर बाघ शाबुरा को कुछ दूर छोड़कर भाग गया। लोग जब तक शाबुरा के पास पहुंचे, तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। डीएफओ अरुण कुमार सिंह ने बताया कि युवती के शरीर पर लगे जख्मों को देखकर लग रहा है कि हमला बाघ ने किया है। बाघ की तलाश की जा रही है। पिंजरा लगाया जाएगा। जल्द ही उसे कैद कर लिया जाएगा।

### मुख्तार अंसारी की सजा पर रोक लगाई

**वाराणसी :** जिला जज की अदालत में रुंगटा प्रकरण में धमकी के मामले में मुख्तार अंसारी को मिली सजा के खिलाफ अपील दाखिल की गई है। प्रभारी जिला जज अनुतोष कुमार शर्मा की अदालत ने सुनवाई के लिए अपील को स्वीकार करते हुए सजा पर रोक लगा दी। साथ ही विपक्षी को नोटिस दिया है। अदालत ने सुनवाई के लिए अगली तिथि 29 जनवरी तय की है। 15 दिसंबर 2023 को एसीजेएम प्रथम / एमपी-एमएलए उज्ज्वल उपाध्याय की अदालत ने मामले में मुख्तार अंसारी को दोषी पाते हुए साढ़े पांच साल की सजा सुनाई थी। अदालत ने अर्थदंड भी लगाया था। इस आदेश के खिलाफ आरोपी के अधिवक्ता श्रीनाथ त्रिपाठी ने सत्र न्यायालय में अपील दाखिल की है।

## वर्ग पहेली-315

**बाएं से दाएं**

4. 1. आसक्ति 2. प्रेम 3. लगाव; सौहार्द।

6. 1. शिला की भांति 2. पत्थर की तरह 3. पत्थर के आकार-प्रकार का।

8. 1. ब्रह्म प्राप्ति के लिए की गई ज्ञाननिष्ठा वाली साधना 2. ब्रह्म के वास्तविक स्वरूप को जानने का योग।

**ऊपर से नीचे**


1. 1. भद्दा

2. 1. अनुभवशून्यता, अनुभव आदि का न होना 2. संवेदनहीनता।

3. थिगली।

5. रात, रात्रि।

7. 1. मगध देश का, मगध संबंधी 2. मगध या बिहार में उत्पन्न होने वाला।





### वर्ग पहेली - 314 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 1 ब | ■ | 2 नृ | ■ | 3 रँ |
| ■ | 4 ज | नो | प | यो | गी |
| 5 ठौं | र | ■ | नं | ■ | ला |
| ■ | ■ | 6 अ | द | ब | ■ |
| ■ | 7 उ | ड़ | न | ■ | 8 के |
| 9 औं | ■ | ती | ■ | ■ | ला |
| ठ | ■ | 10 स | ह | वा | स |

## सुडोकू-32

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | | | 9 | | | | | 2 |
| | 5 | | 4 | | 8 | | | 7 |
| 3 | | 1 | 6 | | | 8 | | 5 |
| | | | 8 | | | 2 | | 3 |
| 9 | | | | | | | | 1 |
| 4 | | 6 | | | 7 | | | |
| 7 | | 8 | | | 5 | 3 | | 6 |
| 2 | | | 7 | | 3 | | 9 | |
| 1 | | | | | 4 | | | 8 |

### सुडोकू - 31 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 3 | 4 | 6 | 7 | 2 | 1 | 8 | 9 |
| 8 | 2 | 6 | 1 | 9 | 5 | 7 | 3 | 4 |
| 1 | 7 | 9 | 4 | 8 | 3 | 6 | 5 | 2 |
| 7 | 8 | 2 | 9 | 3 | 1 | 5 | 4 | 6 |
| 4 | 1 | 5 | 7 | 2 | 6 | 3 | 9 | 8 |
| 6 | 9 | 3 | 8 | 5 | 4 | 2 | 7 | 1 |
| 2 | 4 | 7 | 5 | 6 | 8 | 9 | 1 | 3 |
| 9 | 6 | 8 | 3 | 1 | 7 | 4 | 2 | 5 |
| 3 | 5 | 1 | 2 | 4 | 9 | 8 | 6 | 7 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 17 जनवरी, बुधवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-पौष, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-सप्तमी 22.06 तक तत्पश्चात अष्टमी।

**मेष** - आज भविष्य को लेकर थोड़े आशंकित रहेंगे। आकस्मिक धन हानि हो सकती है। नई भूमि-संपत्ति में निवेश करने से बचें। अपनी कार्यशैली में कुछ बदलाव कर सकते हैं। मित्रों व परिजनों से मतभेद हो सकते हैं।

**वृष** - आज बॉस आपके प्रमोशन को लेकर कुछ निर्णय ले सकते हैं। व्यवसाय में काफी अच्छा धन लाभ होगा। तकनीक से जुड़े कार्यों में सफलता मिलेगी। आप काफी प्रसन्न रहेंगे। महंगी वस्तुओं की खरीदारी कर सकते हैं।

**मिथुन** - आज रियल एस्टेट संबंधित प्रोजेक्ट्स में नकदी की समस्या का समाधान होगा। राजनीति से जुड़े लोग अपनी वक्तव्य शैली से जनता को प्रभावित करेंगे। आपके भीतर नया काम करने को लेकर इच्छा जागृत होगी। मित्रों के ऊपर धन खर्च होगा।

**कर्क** - आज आप काफी अनुशासन में रहेंगे। आपकी संवादशैली काफी आकर्षक रहेगी। मेहनत का बढ़िया फल प्राप्त होगा। जटिल मुद्दों को सुलझाने में सफल रहेंगे। व्यवसाय में विस्तार को लेकर आप लोन वगैरह के लिए आवेदन भी दे सकते हैं।

**सिंह** - आज आपकी सलाह से लोगों को लाभ मिलेगा, लेकिन लोग इसका क्रेडिट आपको नहीं देंगे। आवश्यक न हो तो यात्रा न करें। व्यर्थ बहसबाजी से बचें। कुछ कार्यों में अवरोध आ सकते हैं। आय के स्रोतों में कमी आ सकती है।

**कन्या** - आज करियर संबंधित अच्छे अवसर मिल सकते हैं। इन अवसरों का लाभ अवश्य उठाएं। आयात-निर्यात संबंधित कारोबार में तेजी आएगी। परिवार का माहौल बहुत ही अच्छा रहने वाला है। प्रतिष्ठित लोगों के साथ आपके संपर्क विकसित होंगे।

**तुला** - आज अपनी योग्यता के अनुरूप कार्य करने में परेशानी होगी। परिजनों से मतभेद हो सकते हैं। लंबित कार्य दोबारा शुरू हो सकते हैं। बड़े-बुजुर्ग लोगों से मार्गदर्शन लेते रहें। दूसरों की गलती की भरपाई आपको करनी पड़ सकती है।

**वृश्चिक** - आज धैर्य की कमी के कारण अनावश्यक बातों पर अपना मूड खराब कर सकते हैं। बच्चे आज्ञा का पालन करेंगे। इच्छानुसार काम होने के बावजूद असंतुष्ट रहेंगे। धार्मिक आयोजनों में सम्मिलित हो सकते हैं।


**धनु** - आज बौद्धिक विमर्श व चर्चाओं के प्रभाव में रहेंगे। धार्मिक आयोजनों में सम्मिलित हो सकते हैं। शत्रु आपको नुकसान पहुंचा सकते हैं। धन की कमी के कारण थोड़े परेशान रहेंगे। हृदय रोगियों को तनाव लेने से बचना चाहिए।

**मकर** - आज नए कार्यों की शुरुआत के लिए दिन अच्छा है। व्यवसाय में आकस्मिक धन लाभ हो सकता है। महत्वपूर्ण अनुबंद होने के योग बन रहे हैं। आपके लिए दिन विशेष रूप से शुभ है। अपने सिद्धांतों पर अडिग रहेंगे।

**कुंभ** - आज स्वयं को श्रेष्ठ और दूसरों को निम्न दिखाने की भावना के कारण मतभेद उभर सकते हैं। धर्म-कर्म के प्रति रुचि और आस्था बनाये रखें। लोगों का व्यवहार आपके अनुकूल नहीं रहेगा। बच्चों की जिद और हठ से आपको बुरा लग सकता है।

**मीन** - आज बनते कार्य बिगड़ने के कारण थोड़े क्रुद्ध हो सकते हैं। कमीशन संबंधित कार्यों में अपेक्षाकृत लाभ नहीं मिलेगा। परिवार का वातावरण सुकून भरा रहेगा। प्रेमी जन की बातों का आपको बुरा लग सकता है।

## आज का पंचांग





मुहूर्त-अभिजित-कोई नहीं। दुर्मुहूर्त अशुद्ध-11.55-12.38 तक।
दिशाशूल-उत्तर। ऋतु-शिशिर।
चन्द्रबल-वृषभ, मिथुन, कन्या, तुला, मकर, मीन।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-रेवती 18 जनवरी 03.33 तक तत्पश्चात अश्विनी।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
- पुकार — सुबह : 10.52
- धड़कन — रात : 07.00

SONY MAX
- मुबारकां — सुबह : 10.03
- मेरी प्यारी बिंदु — रात : 07.01

SONY PIX
- द मॉस्क — दोपहर : 12.27
- इट — रात : 08.45

ZEE CINEMA
- सिर्फ तुम — सुबह : 10.30
- 100 — रात : 07.30

colors CINEPLEX
- स्टूडेंट ऑफ द ईयर — सुबह : 09.38
- कांटे — रात : 10.28

### आज की सुपरहिट फिल्म





बी 4 यू पर रात-07.00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

एक बहु अपने ससुर से कहती है बाबू जी इलाइची खत्म हो गई है। आते समय बाजार से लेते आना।
ससुर- हमारे यहां बड़ों का नाम नहीं लेती, इलाइची तुम्हारी सास का नाम है।
बहु- ठीक है आगे से ध्यान रखूंगी। अगली बार बहु ने कुछ ऐसा कहा की ससुर के होश उड़ गए...
बहु- बाबू जी मां जी खत्म हो गई हैं आते समय बाजार से लेते आना।

पति-तुमने तो सुबह कहा था की रात के खाने में दो ऑप्शन होंगे यहां तो एक ही सब्जी दिख रही है ?
पत्नी- ऑप्शन अभी भी दो हैं
पति- वो कैसे ?
पत्नी- खाना है तो खाओ ...नहीं तो रहने दो।

अमृत विचार
www.amritvichar.com
लखनऊ, बुधवार, 17 जनवरी 2024


## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 990 फ्लैग 1110 डीएमओ 810 बोल्ड 1150, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1000 फ्लैग 1120 बोल्ड 1170 डीएमओ 900।

## लखनऊ मंडी

| | |
|---|---|
| **अनाज (प्रति क्वि.)-** | |
| गेहूं (आरआर 21) | 2360-2800 |
| गेहूं (के 65) | 3500-3800 |
| बाजरा | 2200-2300 |
| मक्का | 2700-2800 |
| जौ | 2900-3000 |
| **चावल प्रति कुन्तल** | |
| चावल सेल्हा | 2800-3100 |
| चावल बासमती | 7000-8000 |
| चावल मोटा | 2800-3000 |
| चावल मन्सूरी | 3200-3500 |
| चावल शक्कर चीनी | 4800-5200 |
| चावल गोल्डन सेल्हा | 5600-8600 |
| चावल राजरानी | 7000-7500 |
| **दाल दलहन** | |
| चना देशी | 6800-7000 |
| चना फार्मी | 7200-7500 |
| चना काबली | 14500-17000 |
| मटर हरा | 6000-6200 |
| मटर सफेद | 6100-6500 |
| दाल चना | 8000-8400 |
| दाल मटर | 6400-6500 |
| उड़द हरा | 12000-12500 |
| उड़द काला | 9000-9500 |
| दाल उड़द हरी | 15500-16000 |
| दाल उड़द काली | 10500-11000 |
| दाल उड़द धोवा | 12000-12500 |
| मूंग खड़ा | 10000-10500 |
| मूंग दाल | 10500-11000 |
| मूंग धोवा | 12000-13000 |
| मसूर | 8800-9000 |
| मलका | 9000-9500 |
| दाल अरहर फूल | 16000-17000 |
| दाल स्पेशल | 13000-14000 |
| राज्मा सफेद | 13000-14000 |
| राज्मा काला | 11500-12500 |
| मूंगफली का दाना | 11000-12000 |
| **तेल तिलहन** | |
| अलसी | 5310-5510 |
| लाही | 4800-5200 |
| काली सरसों | 4900-5300 |
| पीली सरसों | 5600-5800। |

# निजी पूंजीगत व्यय में आएगी तेजी

## एमपीसी सदस्य जयंत आर वर्मा बोले-धीरे-धीरे बढ़ रहा स्थापित क्षमता का उपयोग

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) के सदस्य जयंत आर वर्मा ने कहा है कि स्थापित क्षमता का उपयोग धीरे-धीरे बढ़ रहा है और आने वाले वर्षों में आगे निजी पूंजीगत व्यय भी जोर पकड़ेगा और इसमें तेजी आएगी। वर्मा ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में सरकार ने ही निवेश का बोझ उठाया है, जबकि निजी पूंजीगत व्यय बहुत कम रहा है।

उन्होंने बातचीत में कहा- क्षमता उपयोग धीरे-धीरे बढ़ रहा है और यह उस स्तर के करीब पहुंच रहा है जो निजी क्षेत्र को कम-से-कम कुछ क्षेत्रों में पूंजीगत व्यय करने के लिए प्रेरित करता है। भारतीय प्रबंध संस्थान (आईआईएम), अहमदाबाद में प्रोफेसर वर्मा ने कहा कि हाल के वर्षों में सार्वजनिक क्षेत्र के बुनियादी ढांचे में हुए बड़े निवेश में निजी क्षेत्र के निवेश को भी आकर्षित करने की गुंजाइश बरकरार है।

उन्होंने कहा-कुल मिलाकर मुझे उम्मीद है कि आने वाले वर्षों में निजी पूंजीगत व्यय में बढ़ोतरी होगी और यह सार्वजनिक क्षेत्र से निवेश की कमान संभाल लेगा। यह पूछे जाने पर कि क्या भारत मध्यम-आय के जाल में फंसने से बच सकता है, वर्मा ने कहा कि भारत के लिए इस बदलाव को अंजाम देना जरूरी है क्योंकि इसमें मिली नाकामी देश की विशाल आबादी के लिए बेहद नुकसान पहुंचाने वाली होगी। हालांकि, प्रोफेसर वर्मा ने यह माना कि ऐसा करना आसान नहीं होगा। उन्होंने कहा-इसके लिए कई दशकों तक 7-8% की वृद्धि दर को बनाए रखने की जरूरत होगी और इस काम को ज्यादा देश नहीं पूरा कर पाए हैं।

### चुनौतियों से पार पा सकता है भारतः जयंत



इसके साथ ही जयंत आर वर्मा ने कहा कि आशावादी नजरिया जाहिर करते हुए कहा कि भारत एक राष्ट्र के तौर पर इस चुनौती से पार पा सकता है। मध्यम-आय का जाल एक ऐसी स्थिति है जिसमें मध्यम-आय वाला देश ज्यादा मजदूरी होने से मानकीकृत, श्रम-बहुल उत्पादों में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा नहीं कर सकता है। इसके साथ ही यह देश तुलनात्मक रूप से बहुत कम उत्पादकता होने से उच्च मूल्य-वर्धित कार्यों में भी बड़े पैमाने पर प्रतिस्पर्धा नहीं कर पाता है। मध्यम आय वाले देशों में दुनिया की 75 प्रतिशत आबादी और 62 प्रतिशत गरीब रहते हैं। ये देश वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद का लगभग एक तिहाई प्रतिनिधित्व करते हैं और वैश्विक वृद्धि के प्रमुख इंजन हैं।

## कर्मचारी राज्य बीमा निगम ने नवंबर में 15.92 लाख नए सदस्य जोड़े

**नई दिल्ली।** कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) ने नवंबर में ईएसआई योजना के तहत 15.92 लाख नए कर्मचारियों को जोड़ा। श्रम मंत्रालय की ओर से जारी एक बयान के अनुसार, नवंबर 2023 में करीब 20,830 नए प्रतिष्ठान पंजीकृत हुए और ईएसआईसी की सामाजिक सुरक्षा के दायरे में आए।

बयान के अनुसार, नियमित वेतन पर रखे गए कर्मचारियों के ईएसआईसी के आंकड़ों से पता चलता है कि नवंबर में करीब 15.92 लाख नए कर्मचारियों को जोड़ा गया। युवाओं के लिए अधिक नौकरियों का सृजन हुआ। नए पंजीकरण में 25 वर्ष आयु वर्ग तक के 7.47 लाख कर्मचारी हैं। यह कुल कर्मचारियों का 47 प्रतिशत है। आंकड़े के अनुसार, नवंबर में शुद्ध रूप से 3.17 लाख महिलाएं पंजीकृत हुई।

## हरित हाइड्रोजन भारत की शुद्ध-शून्य उत्सर्जन यात्रा के लिए महत्वपूर्ण

नई दिल्ली, एजेंसी

▶▶ विश्व आर्थिक मंच के ब्लॉग में बोले उद्योगपति गौतम अडाणी



उद्योगपति गौतम अडाणी ने मंगलवार को कहा कि हरित हाइड्रोजन भारत के शुद्ध-शून्य उत्सर्जन की दिशा में सफर की कुंजी है और इसपर आने वाली उच्च लागत को सौर ऊर्जा की तरह नीचे लाया जा सकता है।

अडाणी समूह के मुखिया ने विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) के लिए लिखे एक ब्लॉग में कहा कि नवीकरणीय ऊर्जा और हरित हाइड्रोजन की दिशा में छलांग लगाने से भारत को ऊर्जा सुरक्षा हासिल करने और शहरों में वायु गुणवत्ता में सुधार करने में मदद मिलेगी। नवीकरणीय बिजली के इस्तेमाल से पानी को विभाजित करके हरित हाइड्रोजन का उत्पादन किया जाता है। यह एक स्वच्छ ईंधन है और इससे कार्बन उत्सर्जन नहीं होता है। इसका इस्तेमाल इस्पात और तेल रिफाइनरी जैसे उद्योगों में कच्चे माल और वाहनों में ईंधन के रूप में किया जा सकता है।

अडाणी ने अपने ब्लॉग में कहा- नवीकरणीय ऊर्जा एक लंबा सफर तय कर चुकी है लेकिन यह अनुकूल मौसमी हालात पर निर्भर करती है। हरित हाइड्रोजन जीवाश्म ईंधन का एक व्यवहार्य विकल्प हो सकता है। हालांकि, हरित हाइड्रोजन का उत्पादन नवीकरणीय ऊर्जा पर निर्भर है।

## सर्राफा

| | |
|---|---|
| **कानपुर** | |
| चॉंदी 999 (प्रति किलो) | 74,200 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 82,500 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 87,500 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 64,325 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 47,900-48,100 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 63,850 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 63,700 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 74,100 |
| चांदी तैयार | 74,200 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 63,700 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 62,700 |
| चांदी पक्की | 733 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 63,950 |
| चांदी आभूषण | 74,100। |

## सड़क सुरक्षा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता: नितिन गडकरी

नई दिल्ली, एजेंसी

▶▶ केंद्रीय मंत्री ने सीआईआई के कार्यक्रम को किया संबोधित



सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने मंगलवार को कहा कि सड़क सुरक्षा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

उन्होंने कहा कि सरकार ने 2030 तक सड़क दुर्घटनाओं में मृत्यु का आंकड़ा आधा करने का लक्ष्य तय किया है। उद्योग मंडल भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में गडकरी ने कहा कि सड़क सुरक्षा के '4ई' - इंजीनियरिंग (सड़क और वाहन इंजीनियरिंग), एन्फोर्समेंट (प्रवर्तन), एजुकेशन (शिक्षा) और एमरजेंसी मेडिकल सर्विस (आपातकालीन चिकित्सा सेवा) को मजबूत करने पर ध्यान देने के साथ-साथ सामाजिक व्यवहार में बदलाव बहुत महत्वपूर्ण है। केंद्रीय राजमार्ग मंत्री ने सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए सभी संबंधित लोगों से सहयोग पर जोर दिया। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि एक रिपोर्ट के मुताबिक 2022 में 4.6 लाख सड़क दुर्घटनाएं हुईं हैं।

## मदर डेयरी ने बाजार में उतारा भैंस का दूध, दाम 70 रुपये प्रति लीटर

**नई दिल्ली।** दुग्ध उत्पादों की आपूर्ति करने वाली मदर डेयरी ने दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में भैंस के दूध की बिक्री शुरू करने की मंगलवार को घोषणा करते हुए कहा कि अगले साल मार्च तक इस नए खंड के 500 करोड़ रुपये का ब्रांड बनने की उम्मीद है। मदर डेयरी दिल्ली-एनसीआर में प्रतिदिन 35-36 लाख लीटर और पूरे भारत में 45-47 लाख लीटर दूध की आपूर्ति करती है। दिल्ली-एनसीआर में यह पाउच और मिल्क बूथ के जरिए दूध बेचती है। मदर डेयरी के प्रबंध निदेशक मनीष बंदलिश ने बातचीत में कहा-हम भैंस का दूध 70 रुपये प्रति लीटर के दाम पर पेश कर रहे हैं।

## स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र को विकसित करने में गुजरात, केरल और कर्नाटक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन

नई दिल्ली, एजेंसी

▶▶ डीपीआईआईटी ने जारी की राज्यों की रैंकिंग

उभरते उद्यमियों के लिए स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र विकसित करने में गुजरात, केरल तथा कर्नाटक सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाले राज्य बनकर उभरे हैं। उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) की राज्यों तथा केंद्र शासित प्रदेशों की रैंकिंग में यह बात सामने आई। केरल, तमिलनाडु और हिमाचल प्रदेश को भी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वालों की श्रेणी में रखा गया है। उधर महाराष्ट्र, ओडिशा, पंजाब, राजस्थान, तेलंगाना, अरुणाचल प्रदेश और मेघालय को शीर्ष प्रदर्शन करने वालों के रूप में वर्गीकृत किया गया है।

डीपीआईआईटी के तहत रैंकिंग एक वार्षिक अभ्यास है जो स्टार्टअप वृद्धि के लिए अनुकूल पारिस्थितिकी तंत्र बनाने के उनके प्रयासों पर सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों का मूल्यांकन करता है। इसमें कुल 33 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेश शामिल हैं। इन्हें सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले, शीर्ष प्रदर्शन करने वाले, नेतृत्व करने वाले, महत्वाकांक्षी नेतृत्व करने वाले और उभरते स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र विकसित करने वालों की पांच श्रेणियों में बांटा गया है। राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को उनकी जनसंख्या के आकार के आधार पर मोटे तौर पर दो वर्गों में विभाजित किया गया। एक करोड़ से अधिक आबादी वाले और एक करोड़ से कम जनसंख्या वाले। गुजरात को लगातार चौथी बार सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शनकर्ता का दर्जा दिया गया है। कर्नाटक को लगातार दूसरे वर्ष इस खंड में स्थान मिला है।

# राष्ट्रीय

# भारत-चीन में झड़प की और घटनाएं आईं सामने

## सेना के अलंकरण समारोह में दिए गए प्रशस्ति पत्र में इस बात का दिया गया विवरण

नई दिल्ली, एजेंसी



वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर भारतीय और चीनी सैनिकों के बीच पूर्व हुई झड़प की कम से कम दो अज्ञात घटनाएं सामने आई हैं। भारतीय सेना के जवानों को दिए गए वीरता पुरस्कारों के प्रशस्ति पत्र में इन झड़पों का उल्लेख किया गया है। पिछले सप्ताह सेना की पश्चिमी कमान द्वारा एक अलंकरण समारोह में दिए गए प्रशस्ति पत्र में इस बात का संक्षिप्त विवरण दिया गया था कि कैसे भारतीय सैनिकों ने एलएसी पर चीन की पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) के सैनिकों के आक्रामक व्यवहार का डटकर जवाब दिया।

सेना की पश्चिमी कमान ने अपने यूट्यूब चैनल पर 13 जनवरी के समारोह का एक वीडियो अपलोड किया था जिसमें वीरता पुरस्कार पर टिप्पणी की गई थी, लेकिन सोमवार को इसे 'डिएक्टीवेट' कर दिया। पश्चिमी कमान का मुख्यालय हरियाणा के चंडी मंदिर में है। प्रशस्ति पत्र में उल्लिखित घटनाएं सितंबर 2021 और नवंबर 2022 के बीच की थीं। सेना की ओर से इस मामले पर तत्काल कोई टिप्पणी नहीं की गई है। जून 2020 में गलवान घाटी में झड़प के बाद भारतीय सेना 3,488 किलोमीटर लंबी एलएसी पर हर स्थिति से निपटने के लिए तैयार है। मई 2020 में पूर्वी लद्दाख सीमा विवाद के भड़कने के बाद पिछले साढ़े तीन वर्षों में भारतीय और चीनी सैनिकों के बीच एलएसी पर झड़प की कई घटनाएं हुईं। चीनी सैनिकों ने एलएसी के तवांग सेक्टर में भी घुसपैठ की कोशिश की।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने घटना के चार दिन बाद संसद में कहा कि नौ दिसंबर, 2022 को पीएलए सैनिकों ने तवांग सेक्टर के यांग्त्से क्षेत्र में एलएसी का उल्लंघन करने की कोशिश की और एकतरफा यथास्थिति बदल दी। सिंह ने कहा कि चीनी प्रयास का भारतीय सैनिकों ने दृढ़तापूर्वक और दृढ़ तरीके से मुकाबला किया। सूत्रों ने बताया कि चीनी अतिक्रमण के प्रयास का दृढ़ता से जवाब देने वाली टीम का हिस्सा रहे कई भारतीय सैनिकों को भी अलंकरण समारोह में वीरता पुरस्कार से सम्मानित किया गया। सिंह ने उस वर्ष 13 दिसंबर को कहा था कि टकराव के कारण हाथापाई हुई और भारतीय सेना ने बहादुरी से पीएलए को हमारे क्षेत्र में घुसने से रोका और उन्हें अपनी चौकी पर लौटने के लिए मजबूर किया। उन्होंने कहा कि हाथापाई के कारण दोनों पक्षों के कुछ कर्मियों को चोटें आईं। सिंह ने कहा-मैं इस सदन को आश्वस्त करना चाहता हूं कि हमारी सेनाएं क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध हैं और इसे भंग करने के किसी भी प्रयास को विफल करना जारी रखेंगी। मुझे विश्वास है कि पूरा सदन सैनिकों के प्रयास में उनका समर्थन करने के लिए एकजुट रहेगा।

## कांग्रेस नेता की याचिका पर न्यायालय में 22 को सुनवाई

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट कांग्रेस नेता जया ठाकुर की उस याचिका पर 22 जनवरी को सुनवाई करेगा जिसमें 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम-2023' को तत्काल लागू करने का आग्रह किया गया है ताकि आम चुनाव से पहले लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में एक तिहाई सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित की जा सकें। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने मंगलवार को कहा कि केंद्र की ओर से कोई वकील पेश नहीं हुआ है और मामले में सुनवाई की अगली तारीख 22 जनवरी निर्धारित की। ठाकुर की ओर से पेश वरिष्ठ वकील विकास सिंह ने कहा-इस मामले में तात्कालिकता है। अगर कानून लागू होता है तो आम चुनाव के दौरान इसे प्रभावी बनाया जाएगा।

**महिला आरक्षण विधेयक संबंधित मामला**

## निर्देश-यूपी सरकार सुरक्षा सुनिश्चित करे

## मुख्तार अंसारी को किसी अप्रत्याशित स्थिति से नहीं गुजरना पड़ेः शीर्ष कोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी



उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को उत्तर प्रदेश सरकार को निर्देश दिया कि वह गैंगस्टर से नेता बने मुख्तार अंसारी की सुरक्षा के लिए उठाए गए कदमों को जारी रखे, ताकि उन्हें किसी 'अप्रत्याशित स्थिति' से नहीं गुजरना पड़े। मुख्तार अंसारी फिलहाल उत्तर प्रदेश की बदायूं जेल में बंद हैं। शीर्ष अदालत ने मुख्तार अंसारी के लिए की गई सुरक्षा व्यवस्था को दर्शाने वाले चार्ट का जायजा लिया और पाया कि वे 'काफी मजबूत' प्रतीत होते हैं।

न्यायमूर्ति हृषिकेश रॉय और न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा की पीठ मुख्तार अंसारी के बेटे उमर अंसारी द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई कर रही थी। उमर ने याचिका में जेल परिसर के भीतर अपने पिता की सुरक्षा का मुद्दा उठाने के साथ उन्हें उत्तर प्रदेश के बाहर किसी अन्य राज्य की जेल में स्थानांतरित करने का अनुरोध किया। उत्तर प्रदेश की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल (एएसजी) केएम नटराज ने पीठ के समक्ष मुख्तार अंसारी के खिलाफ विभिन्न चरणों में लंबित मामलों की संख्या और सुरक्षा व्यवस्था का विवरण रखा। पीठ ने कहा-सुरक्षा इंतजाम काफी मजबूत दिखते हैं। हमारी यही धारणा है।

## कांग्रेस ने शर्मिला को आंध्र प्रदेश इकाई का अध्यक्ष नियुक्त किया

नई दिल्ली/अमरावती। कांग्रेस ने मंगलवार को आंध प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री वाई. एस. राजशेखर रेड्डी की बेटी वाई. एस. शर्मिला को पार्टी की आंध्र प्रदेश इकाई का अध्यक्ष नियुक्त कर दिया। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री वाई. एस. जगनमोहन रेड्डी की बहन शर्मिला चार जनवरी को दिल्ली में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और राहुल गांधी की मौजूदगी में कांग्रेस में शामिल हुई थीं। आंध्र प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष नियुक्त किए जाने के बाद शर्मिला ने कहा कि वह आंध्र प्रदेश में कांग्रेस के पुराने गौरव को बहाल करने के लिए पूरी निष्ठा, ईमानदारी और प्रतिबद्धता के साथ काम करेंगी। पार्टी की ओर से जारी एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि कांग्रेस अध्यक्ष ने वाई एस शर्मिला रेड्डी को तत्काल प्रभाव से आंध्र प्रदेश कांग्रेस कमेटी का अध्यक्ष नियुक्त किया है।

## एक नजर

### परिवार के चार सदस्यों की दम घुटने से मौत

**पटियाला।** पंजाब के पटियाला में सोमवार रात भीषण ठंड के कारण बंद कमरे में अंगीठी जलाए रखने से परिवार के चार सदस्यों की दम घुटने से मौत हो गई। पुलिस ने मंगलवार को बताया कि नवाब कुमार, उनकी पत्नी, चार वर्षीय बेटी और दो वर्षीय बेटे के शव सुबह पड़ोसियों के सूचित करने पर कमरे से निकाले गए। संभवतः भीषण ठंड के कारण वह लोग रात में अंगीठी जलती हुई छोड़कर सो गए थे और दम घुटने से उनकी मौत हो गई।

### शिक्षक और उसके दो बच्चे मृत पाए गए

**बारासात (पश्चिम बंगाल)।** पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले में मंगलवार को एक स्कूल शिक्षक और उसके दो बच्चे अपने घर में मृत पाए गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि व्यक्ति का शव शिवदासपुर थाना क्षेत्र में हलीशहर के रामचंद्रपुर गांव में उसके घर में पंखे से लटका मिला था। उन्होंने बताया कि उसके बेटे और बेटी के शव पास में खेत में मिले थे। पुलिस ने बताया कि मामले में जांच जारी है और शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## आप नेताओं के खिलाफ मानहानि मामले में सुनवाई पर लगी रोक

नई दिल्ली, एजेंसी

**प्रधानमंत्री मोदी की डिग्री का मामला**



उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की शैक्षणिक योग्यता के बारे में कथित टिप्पणियों के लिए दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और आप सांसद संजय सिंह के खिलाफ गुजरात विश्वविद्यालय द्वारा दायर मानहानि की शिकायत पर निचली अदालत के समक्ष सुनवाई पर रोक लगा दी।

न्यायमूर्ति बी.आर. गवई और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने सिंह की याचिका पर सुनवाई करते हुए यह आदेश दिया। याचिका में राज्यसभा सदस्य सिंह ने गुजरात की एक निचली अदालत के समक्ष लंबित मामले को राज्य के बाहर और विशेष रूप से कोलकाता में स्थानांतरित करने की मांग की थी। शीर्ष अदालत ने गुजरात उच्च न्यायालय से कहा कि वह आम आदमी पार्टी (आप) के नेताओं की ओर से निचली अदालत द्वारा उन्हें जारी किए गए समन को रद्द करने की मांग वाली याचिका पर चार सप्ताह के भीतर निर्णय ले। पीठ ने कहा कि इस बीच निचली अदालत के समक्ष सुनवाई पर रोक रहेगी।

सिंह ने वकील करण शर्मा के माध्यम से न्यायालय में दायर अपनी याचिका में निचली अदालत के समक्ष सुनवाई में पक्षपात का आरोप लगाया था और कहा था कि जब याचिका उच्च न्यायालय के समक्ष लंबित थी, तो निचली अदालत के न्यायाधीश मामले में आगे की सुनवाई कर रहे थे। पिछले साल अगस्त में शीर्ष अदालत ने उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती देने वाली केजरीवाल की याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया था। उच्च न्यायालय ने विश्वविद्यालय द्वारा दायर आपराधिक मानहानि की कार्यवाही पर रोक लगाने के उनके अनुरोध को खारिज कर दिया था।

गुजरात हाईकोर्ट द्वारा सूचना के अधिकार अधिनियम के तहत मोदी की शैक्षणिक डिग्रियों के बारे में जानकारी प्रदान करने के मुख्य सूचना आयुक्त के आदेश को रद्द करने के बाद गुजरात विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार पीयूष पटेल ने केजरीवाल और सिंह के खिलाफ उनकी कथित टिप्पणियों को लेकर मानहानि का मामला दायर किया था।

## तहरीक-ए-हुर्रियत पर प्रतिबंध को लेकर न्यायाधिकरण का गठन

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्र ने मंगलवार को एक न्यायाधिकरण का गठन किया जो यह फैसला करेगा कि पाकिस्तान समर्थक अलगाववादी संगठन तहरीक-ए-हुर्रियत-जम्मू-कश्मीर को गैरकानूनी संगठन घोषित करने के लिए पर्याप्त आधार हैं या नहीं।

इस न्यायाधिकरण में दिल्ली उच्च न्यायालय के एक न्यायाधीश भी होंगे। दिवंगत अलगाववादी नेता सैयद अली शाह गिलानी द्वारा स्थापित संगठन को सरकार ने 31 दिसंबर को गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम, 1967 के तहत पांच साल के लिए गैरकानूनी घोषित कर दिया था। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने एक अधिसूचना में कहा कि गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम, 1967 की धारा 4 की उपधारा (1) के साथ पठित धारा 5 की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए केंद्र सरकार ने यह तय करने के लिए गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) न्यायाधिकरण का गठन किया है कि तहरीक-ए-हुर्रियत-जम्मू कश्मीर को गैर कानूनी संगठन घोषित करने के लिए पर्याप्त कारण हैं या नहीं।

## राजस्थान : कांग्रेस ने जूली को नेता प्रतिपक्ष बनाया

**नई दिल्ली/जयपुर।** कांग्रेस ने पूर्व मंत्री टीकाराम जूली को मंगलवार को राजस्थान विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष नियुक्त करने की घोषणा की। इसके साथ ही पार्टी ने कहा कि गोविंद सिंह डोटासरा पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बने रहेंगे। तीसरी बार के विधायक और दलित समाज से आने वाले जूली की कांग्रेस विधायक दल के नेता पद पर नियुक्ति को पार्टी के लिए राजस्थान में एक बदलाव के रूप में देखा जा रहा है। अपनी नियुक्ति के बाद जूली ने कहा कि वह इस जिम्मेदारी को पूरी मुस्तैदी से निभाएंगे। जूली की नियुक्ति ऐसे समय में की गई है जबकि नवगठित राज्य विधानसभा की बैठक 19 जनवरी से शुरू होने वाली है। कांग्रेस महासचिव के सी वेणुगोपाल की ओर से नई दिल्ली में जारी आधिकारिक पत्र में इसकी घोषणा की गई है।

## कोविड के 180 नए मामले सामने आए तीन लोगों की मौत

**नई दिल्ली।** भारत में कोविड-19 के 180 नए मामले सामने आए हैं जबकि संक्रमण के उपचाराधीन मामलों की संख्या घटकर 2,804 रह गई है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने मंगलवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय के सुबह आठ बजे के अद्यतन आंकड़ों के अनुसार, पिछले 24 घंटे की अवधि में संक्रमण से महाराष्ट्र में तीन लोगों की मौत हो गई। दैनिक मामलों की संख्या पिछले साल पांच दिसंबर तक घटकर दहाई अंक तक आ गई थी, लेकिन ठंड और वायरस के नए उपस्वरूप के कारण मामलों में तेजी आई है। एक दिन में कोविड-19 के नए मामलों की संख्या 31 दिसंबर 2023 को 841 दर्ज की गई।

# सीट बंटवारे का मुद्दा सुलझा लिया जाएगा : राहुल

चिफोबोजू (नगालैंड), एजेंसी

▶▶ कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष बोले इंडिया गठबंधन भाजपा को लोस चुनाव हराएगा



कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने मंगलवार को यहां कहा कि विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के घटक दलों के बीच सीट बंटवारे के मुद्दे को सुलझा लिया जाएगा और लोकसभा चुनाव में यह गठबंधन भारतीय जनता पार्टी को पराजित करेगा। उन्होंने यह भी कहा कि 'इंडिया' गठबंधन के नेताओं के बीच परस्पर सम्मान है।

राहुल गांधी ने यहां संवाददाताओं से कहा, ''यह विचारधारा की यात्रा है। 'इंडिया' अच्छी तरह चुनाव लड़ेगा और जीतेगा... चुनाव प्रचार अभियान चलाया जाएगा जिसमें हम सभी भाग लेंगे। उन्होंने एक अन्य सवाल के जवाब में कहा, विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' की स्थिति बहुत अच्छी है। बातचीत अच्छी तरह से हो रही है... मुझे लगता है कि ज्यादातर जगहों पर यह आसान है। मुझे लगता है कि हम सीट बंटवारा और दूसरी चीजों को जल्द ही पूरा कर लेंगे। जद (यू) नेता और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की नाराजगी संबंधी खबरों के बारे में पूछे जाने पर राहुल गांधी ने दावा किया कि मीडिया इन बातों को बढ़ा-चढ़ाकर पेश करता है और गठबंधन की बैठकों के 'मूड' और भाईचारे को नहीं दिखाता है।

### कांग्रेस ने कभी नहीं किया राममंदिर का विरोध



**भोपाल।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह ने आज एक बार फिर अयोध्या के राम मंदिर को लेकर भाजपा पर हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस ने कभी राम मंदिर का विरोध नहीं किया, पर भाजपा को केवल ये मुद्दा हिंदू-मुस्लिम का बनाने के लिए मस्जिद गिराना था। सिंह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा- कांग्रेस ने कभी भी अयोध्या में राम मंदिर निर्माण का विरोध नहीं किया। केवल विवादित भूमि में निर्माण हेतु न्यायालय के फ़ैसले तक इंतज़ार करने के लिए कहा था। ग़ैर विवादित भूमि पर भूमि पूजन भी राजीव जी के समय हो गया था। नरसिम्हा राव जी ने राम मंदिर निर्माण के लिए ग़ैर विवादित भूमि का अधिग्रहण भी कर दिया था। लेकिन भाजपा, विश्व हिंदू परिषद् (विहिप) और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को मंदिर निर्माण नहीं मस्जिद गिराना था। क्योंकि जब तक मस्जिद नहीं गिरेगी तब तक मुद्दा हिंदू मुसलमान का नहीं बनता। उन्होंने सिलसिलेवार तरीके से कहा0विध्वंस उनकी चाल व चरित्र में है अशांति फैला कर राजनीतिक लाभ लेना उनकी रण नीति है। इसीलिए उनका नारा था रामलला हम आएंगे, मंदिर वहीं बनाएंगे।

# श्रृंखला में क्लीन स्वीप करने के इरादे से उतरेगा भारत

## आखिरी मैच में कुलदीप और आवेश को मिल सकता है मौका

**बेंगलुरू, एजेंसी**

भारतीय टीम अफगानिस्तान के खिलाफ बुधवार को चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेले जाने वाले तीसरे और आखिरी टी-20 मैच में क्लीन स्वीप के इरादे से उतरेगी। कहा जा रहा है कि कुलदीप को रवि बिश्नोई या वॉशिंगटन सुंदर के स्थान पर और आवेश को मुकेश कुमार की जगह खिलाया जा सकता है। संजू सैमसन और तिलक वर्मा को चिन्नास्वामी स्टेडियम में अफगानिस्तान के खिलाफ तीसरे टी-20 मैच में अपनी काबिलियत साबित करने का मौका मिलेगा।



### अब तक खामोश है रोहित का बल्ला

सीरीज में कप्तान रोहित का बल्ला अब तक नहीं चला है। पहले मैच में शुभमन गिल के साथ गलतफहमी से रन आउट हो गए। दूसरे मैच में फजलहक फारूकी की गेंद को भांप नहीं पाए और बोल्ड हो गए। रोहित से आखिरी मुकाबले में फॉर्म आकर बड़ी पारी की उम्मीद की जा रही है।

### बल्लेबाजों से शानदार प्रदर्शन दोहराने की उम्मीद

भारतीय बल्लेबाज शानदार फॉर्म में हैं और उसने कल होने वाले मुकाबले में बेहतर प्रदर्शन दोहराने की उम्मीद है। श्रृंखला में भारतीय टीम बल्लेबाजी में पहली गेंद से ही आक्रामक रही हैं। शिवम दुबे और विराट कोहली ने आक्रामक खेल का प्रदर्शन किया है। अफगानिस्तान ने बल्लेबाजी में तो अच्छा प्रदर्शन किया है और उसे पीछे दो मैचों में नाकाम रहे सलामी बल्लेबाज रहमानुल्लाह गुरबाज से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद है। अफगानिस्तान का गेंदबाजी पक्ष कमजोर रहा है।

### टीमें

**भारत :** रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, यशस्वी जायसवाल, विराट कोहली, तिलक वर्मा, रिंकू सिंह, जितेश शर्मा (विकेटकीपर), संजू सैमसन (विकेटकीपर), शिवम दुबे, वॉशिंगटन सुंदर, अक्षर पटेल, रवि बिश्नोई, कुलदीप यादव, अर्शदीप सिंह, आवेश खान और मुकेश कुमार।

**अफगानिस्तान :** इब्राहिम जदरान (कप्तान), रहमानुल्लाह गुरबाज (विकेटकीपर), इकराम अलीखिल (विकेटकीपर), हजरतुल्लाह जजई, रहमत शाह, नजीबुल्लाह जादरान, मोहम्मद नबी, करीम जनत, अजमतुल्लाह उमरजई, शराफुद्दीन अशरफ, मुजीब उर रहमान, फजलहक फारूकी, फरीद अहमद , नवीन उल हक, नूर अहमद, मोहम्मद सलीम, कैस अहमद, गुलबदीन नायब और राशिद खान।

# मेस्सी बने फीफा फुटबॉलर ऑफ द ईयर

**लंदन, एजेंसी**

अर्जेंटीना के लियोनेल मेस्सी ने अर्लिंग हालैंड को टाइब्रेकर में हराकर फीफा के सर्वश्रेष्ठ फुटबॉलर का पुरस्कार जीता है। राष्ट्रीय टीम के कोचों, कप्तानों, चुनिंदा पत्रकारों और प्रशंसकों द्वारा आनलाइन की गई वोटिंग के आधार पर मेस्सी और हालैंड दोनों को 48 अंक मिले।

टाइब्रेकर में फैसला राष्ट्रीय टीमों के कप्तानों ने 5 प्वाइंट स्कोर या पहले स्थान पर रखे जाने के आधार पर किया। मेस्सी को 15 साल में आठवीं बार यह पुरस्कार मिला है। काइलियान एमबाप्पे तीसरे स्थान पर रहे। कोई भी खिलाड़ी पुरस्कार लेने नहीं पहुंचा था। पेरिस सेंट जर्मेन छोड़कर इंटर मियामी से जुड़े मेस्सी ने पिछले साल अक्टूबर में हालैंड और एमबाप्पे को हराकर आठवीं बार बलोन डिओर पुरस्कार जीता था।





### महिला वर्ग में स्पेन की ऐताना सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी

महिला वर्ग में स्पेन की विश्व कप चैंपियन ऐताना बोनमाती को सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। उन्होंने पिछले साल बलोन डिओर भी जीता था। वह विश्व कप और चैंपियंस लीग दोनों में प्लेयर आफ द टूर्नामेंट रही थीं। मैनचेस्टर युनाइटेड के कोच पेप गार्डियोला को पुरुष वर्ग में सर्वश्रेष्ठ कोच और इंग्लैंड की सरीना वीगमैन को महिला वर्ग में सर्वश्रेष्ठ कोच का पुरस्कार मिला।

# सुमित नागल ने ग्रैंडस्लैम में रचा इतिहास

## पहली बार आस्ट्रेलियाई ओपन के दूसरे दौर में पहुंचे, कजाकिस्तान के अलेक्जेंडर बुबलिक को हराया

**मेलबर्न, एजेंसी**

भारत के सुमित नागल ने पहली बार ऑस्ट्रेलियाई ओपन में जीत दर्ज कर इतिहास रच दिया है। उन्होंने दुनिया के 27वें नंबर के खिलाड़ी कजाकिस्तान के अलेक्जेंडर बुबलिक को हराकर दूसरे दौर में प्रवेश किया है। डेविस कप खेलने से इन्कार के कारण वह क्वालीफायर के रास्ते मुख्य ड्रॉ में पहुंचे हैं। उन्होंने बुबलिक को मैच में 6-4, 6-2, 7-6 से मात दी। सुमित नागल आस्ट्रेलियाई ओपन में पहली बार दूसरे दौर तक पहुंचे हैं। वह 2021 में पहले दौर में लिथुआनिया के रिकार्डास बेरांकिस से हार गए थे।



**35** साल बाद कोई भारतीय पहुंचा दूसरे दौर में

**2019** में सुमित ने अमेरिकी ओपन में रोजर फेडरर के खिलाफ ग्रैंडस्लैम में पदार्पण किया था। उन्होंने फेडरर को एक सेट में हराया भी लेकिन मैच 6-4, 1-6, 2-6, 4-6 से हार गए। अमेरिकी ओपन 2020 के पहले दौर में उन्होंने अमेरिका के ब्राडले क्लान को 6-1, 6-3, 3-6, 6-1 से हराया था।

### अब नहीं होगी रुपयों की कमी

उन्होंने 2023 सत्र के आखिर में कहा था कि उनकी जेब में बस 900 यूरो बचे हैं लेकिन अब करीब एक करोड़ रुपये ईनामी राशि सुनिश्चित होने पर उनका बोझ कुछ कम होगा। उन्होंने मोरक्को के खिलाफ डेविस कप मुकाबले के बाद कहा था। अगर मेरा बैंक बैलेंस देखें तो 900 यूरो (80000 रुपये) बचे हैं। मुझे शीर्ष सौ में पहुंचने के लिए करीब एक करोड़ रुपये की फंडिंग चाहिए। उस इंटरव्यू के बाद नागल को काफी प्रायोजक मिले।

### 1989 में रमेश कृष्णन पहुंचे थे दूसरे दौर में

विश्व रैंकिंग में 137वें स्थान पर काबिज नागल अपने कॅरिअर में दूसरी बार किसी ग्रैंडस्लैम का दूसरा दौर खेलेंगे। वह 2020 अमेरिकी ओपन के दूसरे दौर में डोमिनिक थिएम से हार गए थे, जो बाद में चैंपियन बने। नागल की जीत के साथ ही 35 साल में पहली बार किसी भारतीय ने ग्रैंडस्लैम एकल में किसी वरीयता प्राप्त खिलाड़ी को हराया है। आखिरी बार 1989 में रमेश कृष्णन ने मैट विलांडर को मात दी थी जो उस समय दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी और आस्ट्रेलियाई ओपन में मौजूदा चैंपियन थे।

### दूसरे दौर में जीतने पर स्पेन के कार्लोस से हो सकती है टक्कर

अब नागल का सामना चीन के जुंचेंग शांग से होगा। दूसरे दौर में जीतने पर उनकी टक्कर दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी स्पेन के कार्लोस अल्कराज से हो सकती है। नागल को पहले दौर की जीत के साथ 120000 आस्ट्रेलियाई डॉलर मिलेंगे, जबकि क्वालीफाइंग चरण में तीन जीत के 65000 आस्ट्रेलियाई डॉलर के भी वह हकदार बने।

### शुरुआत से ही सुमित ने दिखाया शानदार खेल

मैच में सुमित नागल की शुरुआत शानदार रही और पहले ही गेम में उन्होंने बुबलिक की सर्विस तोड़ी लेकिन अपनी सर्विस भी बरकरार नहीं रख सके। उन्होंने फिर बुबलिक की सर्विस तोड़कर पहला सेट 42 मिनट में जीत लिया। दूसरे सेट में उन्होंने बेहतर प्रदर्शन करते हुए बुबलिक की सर्विस दो बार तोड़ी और अपनी बढ़त बरकरार रखकर 43 मिनट में जीत दर्ज की। तीसरे सेट में दोनों खिलाड़ियों ने सातवें गेम तक अपनी सर्विस टूटने नहीं दी। इसके बाद नागल ने सर्विस तोड़कर 4-3 की बढ़त बनाई और यह 5-3 कर दी। यह सेट टाइब्रेकर तक खिंचा, जिसमें नागल 7-5 से विजयी रहे।

### युकी और हासे की जोड़ी पहले दौर में हारकर हुई बाहर

भारत के युकी भांबरी और नीदरलैंड के रॉबिन हासे की जोड़ी आस्ट्रेलियाई ओपन के पहले दौर में कोलंबिया के निकोलस बेरियेंतोस और ब्राजील के रफाएल मातोस के हाथों हारकर बाहर हो गई। युकी और हासे की जोड़ी को पहले दौर के मैच में 6-1, 6-7, 6-7 से पराजय झेलनी पड़ी। दिल्ली के 31 वर्षीय युकी 2014 में न्यूजीलैंड के माइकल वीनस के साथ आस्ट्रेलियाई ओपन के तीसरे दौर तक पहुंचे थे, जो ग्रैंडस्लैम युगल में उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन था।

# अल्कराज दूसरे दौर में पहुंचे

**मेलबर्न, एजेंसी।** कार्लोस अल्कराज ने पहले सेट में कड़ा संघर्ष करने के बाद मंगलवार को रिचर्ड गास्केट को सीधे सेटों में हराकर ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट के दूसरे दौर में प्रवेश किया। पहला सेट एक घंटे और 12 मिनट तक चला, जिसे अल्कराज ने टाईब्रेकर में जीता लेकिन इसके बाद अगले दो सेट जीतने में उन्हें कोई परेशानी नहीं हुई। अल्कराज ने यह मैच 7-6 (5), 6-1, 6-2 से जीता। उनका अगला मुकाबला लोरेंजो सोनेगो से होगा, जिन्होंने डैन इवांस को 4-6, 7-6 (8), 6-2, 7-6 (4) से हराया।

उधर अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने मंगलवार को आस्ट्रेलियाई ओपन में पहले दौर का मुकाबला जीता, जबकि एक दिन पहले ही जर्मनी में उत्पीड़न के एक मामले में उन्हें इस साल के आखिर में सुनवाई का सामना करने के आदेश दिए गए हैं। छठी वरीयता प्राप्त ज्वेरेव ने जर्मनी के डोमिनिक कोफेर को 4-6, 6-3, 7-6, 6-3 से मात दी। ज्वेरेव पर बर्लिन में मई 2020 में एक महिला की पिटाई का आरोप है। वह इन आरोपों का खंडन करते आए हैं। जर्मन समाचार एजेंसी डीपीए ने सोमवार को बताया कि सुनवाई 31 अगस्त से होगी।

## खेल डायरी

### आईओए के सीईओ की नियुक्ति पर विवाद

नई दिल्ली। भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की कार्यकारी परिषद के करीब एक दर्जन सदस्यों ने आरोप लगाया है कि अध्यक्ष पीटी उषा ने सीईओ के रूप में रघु अय्यर की नियुक्ति करने के लिए उन पर दबाव डाला था। 12 सदस्यों के हस्ताक्षर वाले पत्र में कहा गया है कि कार्यकारी परिषद की पिछली बैठक के लिए जो एजेंडा जारी किया गया था, उसमें सीईओ की नियुक्ति को सूचीबद्ध नहीं किया था। इस मामले को एकतरफा तरीके से एजेंडे में शामिल करके जल्दबाजी में निर्णय लेने के लिए उन पर दबाव डालने की कोशिश की गई। उषा ने पत्र के जवाब में कहा है कि बैठक में सीईओ की नियुक्ति पर विस्तार से चर्चा हुई और अधिकतर सदस्यों ने अय्यर की नियुक्ति को मंजूरी दी थी। उन्होंने कहा कि यह शर्मनाक है कि जिस दिन सीईओ ने औपचारिक तौर पर अपना पद संभाला, कार्यकारी परिषद के कुछ सदस्यों ने इस फैसले को लेकर आपत्ति जताई।

### आईसीसी ने नासिर हुसैन पर लगाया प्रतिबंध

दुबई। बांग्लादेश के ऑलराउंडर नासिर हुसैन को अमीरात क्रिकेट बोर्ड की भ्रष्टाचार रोधी संहिता के तीन आरोपों को स्वीकार करने के बाद मंगलवार को दो साल के लिए सभी तरह की क्रिकेट से प्रतिबंधित कर दिया गया, जिसमें छह महीने का निलंबित प्रतिबंध भी शामिल है। आईसीसी ने अमीरात क्रिकेट बोर्ड की संहिता के तहत नामित भ्रष्टाचार विरोधी अधिकारी के रूप में हुसैन पर सितंबर 2023 में आरोप लगाए थे। इस क्रिकेटर ने इनमें से तीन आरोप स्वीकार किए थे। आईसीसी के अनुसार हुसैन ने उन्हें मिले उपहार का खुलासा नहीं किया था। इसके अलावा इस क्रिकेटर ने भ्रष्ट कार्यों में शामिल होने के लिए की गई पेशकश के बारे में भी भ्रष्टाचार निरोधक अधिकारी को जानकारी नहीं दी थी। यही नहीं उन्होंने जांच में सहयोग भी नहीं किया था। वह 7 अप्रैल 2025 के बाद क्रिकेट की गतिविधियों में शामिल हो सकते हैं।

### बातचीत से निलंबन हटवाना चाहता है डब्ल्यूएफआई

**नई दिल्ली।** भारतीय कुश्ती महासंघ ने मंगलवार को तय किया कि वह निलंबन हटवाने के लिए खेल मंत्रालय से बातचीत करेगा और यह भी कहा कि फिलहाल वह सरकार से टकराव नहीं चाहता लेकिन बातचीत नाकाम रहने पर कानूनी विकल्पों पर विचार किया जाएगा। डब्ल्यूएफआई ने पहले कहा था कि निलंबन हटवाने के लिए वह कानून की शरण लेगा लेकिन अपनी कार्यकारी परिषद की बैठक में उसने विचार बदल दिया। बैठक की अध्यक्षता डब्ल्यूएफआई अध्यक्ष संजय सिंह ने की, जिसमें 12 अन्य चयनित सदस्यों ने भाग लिया। महासचिव प्रेम चंद लोंचाब और सीनियर उपाध्यक्ष देवेंदर कादियान ने बैठक में भाग नहीं लिया। संजय सिंह ने बैठक के बाद कहा कि हम अदालत का दरवाजा नहीं खटखटा रहे। हम मंत्रालय से समय मांगेंगे और सरकार से बात करने की कोशिश करेंगे।

### नाडा ने 11 खिलाड़ियों का डोपिंग प्रतिबंध घटाया

**नई दिल्ली।** पिछले साल गोवा राष्ट्रीय खेलों में भाग लेने वाले तीन एथलीट उन 11 खिलाड़ियों में शामिल हैं, जिन्हें 20 दिन के अंदर डोपिंग आरोप स्वीकार करने का फायदा मिला है और राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) ने उनका प्रतिबंध घटाकर तीन साल कर दिया है। इन खिलाड़ियों में ट्रैक एवं फील्ड के तीन एथलीट कमलजीत कौर, अजय कुमार और हरजोधवीर सिंह भी शामिल हैं, जिन्होंने 25 अक्टूबर से 9 नवंबर तक गोवा में राष्ट्रीय खेलों में हिस्सा लिया था। राष्ट्रीय खेलों के दौरान विभिन्न खेलों के कुल 20 खिलाड़ियों को डोपिंग का दोषी पाया गया था। नाडा ने अपनी नवीनतम सूची में उन खिलाड़ियों के नाम दिए हैं, जिनका प्रतिबंध घटाकर तीन साल कर दिया गया है। डोपिंग के दोषी पाए गए खिलाड़ियों पर अमूमन चार साल का प्रतिबंध लगाया जाता है। जिन खिलाड़ियों की प्रतिबंध की अवधि कम की गई है उनमें तीन भारोत्तोलक प्रियदर्शनी थुरम, मिथलेश सोनकर और एक नाबालिग भी शामिल हैं। राष्ट्रीय खेलों में सात भारोत्तोलक डोपिंग के दोषी पाए गए थे। इनमें राष्ट्रमंडल चैंपियनशिप की कांस्य पदक विजेता वंदना गुप्ता भी शामिल थी। इनके अलावा पहलवान अनिल मलिक और साइकिलिस्ट अनीता देवी भी शामिल हैं।

# प्रणय दूसरे दौर में, प्रियांशु ने लक्ष्य को किया बाहर

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारत के एचएस प्रणय ने मंगलवार को इंडिया ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट में अपने अभियान की शुरुआत जीत के साथ की, जबकि प्रियांशु राजावत ने पुरुष एकल में पहला गेम गंवाने के बाद जोरदार वापसी करते हुए हमवतन लक्ष्य सेन को हराकर बाहर का रास्ता दिखाया।

**प्रणय की अगले दौर में प्रियांशु से होगी भिड़ंत**

विश्व चैंपियनशिप और एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता प्रणय ने चीनी ताइपे के टिएन चेन चाउ को 21-6, 21-19 से हराया।





टिएन चेन के खिलाफ प्रणय की 13 मैच में यह छठी जीत है। अगले दौर में प्रणय की भिड़ंत प्रियांशु से होगी।

दूसरी तरफ लक्ष्य और प्रियांशु के बीच शुरुआत से ही प्रत्येक अंक के लिए कड़ी टक्कर देखने को मिली। जूनियर बैडमिंटन के दिनों से ही एक-दूसरे के खिलाफ खेल रहे ये खिलाड़ी एक-दूसरे की कमजोरियों और मजबूत पक्षों से अच्छी तरह वाकिफ थे। लक्ष्य ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपने अनुभव की बदौलत शुरुआत में बढ़त हासिल की लेकिन प्रियांशु बार-बार बराबरी हासिल करने में सफल रहे। लक्ष्य ने अपने दमदार क्रॉस कोर्ट स्मैश से काफी अंक जुटाए लेकिन प्रियांशु ने भी उन्हें परेशान करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। लक्ष्य ब्रेक तक 11-10 के मामूली अंतर से बढ़त बनाने में सफल रहे।

# भारत इटली को हराकर सेमीफाइनल में

**रांची, एजेंसी**

भारतीय महिला हॉकी टीम मंगलवार को एफआईएच क्वालीफायर में इटली को 5-1 से हराकर सेमीफाइनल में पहुंच गई है।

मैच के पहले ही मिनट में मिले पेनल्टी कॉर्नर को उदिता ने गोल में बदलकर टीम को बढ़त दिलाई। उदिता ने पहले 55वें, दीपिका ने 41वें, सलीमा टेटे ने 45वें और नवनीत कौर ने 53वें मिनट में गोल किए। इटली की ओर से एकमात्र गोल कैमिला माचिन ने 60 मिनट में किया। पहले सेमीफाइनल में गुरुवार को भारत का मुकाबला जर्मनी से होगा। दूसरे सेमीफाइनल में जापान की टीम अमेरिका से भिड़ेगी।



### अमेरिका की लगातार तीसरी जीत

अमेरिका ने मंगलवार को न्यूजीलैंड पर 1-0 से जीत दर्ज करके सेमीफाइनल में प्रवेश किया। एलिजाबेथ येगर ने यह महत्वपूर्ण गोल किया। अमेरिका ने पूल बी में अपने तीनों मैच जीते। वह गुरुवार को होने वाले सेमीफाइनल में जापान से भिड़ेगा। न्यूजीलैंड ने 3 अंक के साथ अपने अभियान का अंत किया और अगर अंतिम मैच में इटली मेजबान भारत को हरा देता है तो वह सेमीफाइनल में पहुंच पाएगा।



# बॉलीवुड हलचल

## लारा दत्ता और बॉबी देओल की रामायण में एंट्री

बॉलीवुड में इन दिनों रणबीर कपूर और साईं पल्लवी की आने वाली फिल्म रामायण की खासी चर्चा है। इस फिल्म में अब 2 और सितारों की एंट्री हो चुकी है। इनमें लारा दत्ता और बॉबी देओल का नाम शामिल है। निर्देशक नीतेश तिवारी की फिल्म रामायण में लारा दत्ता राजकुमारी कैकयी का किरदार निभाएंगी। लारा दत्ता ने इस किरदार के लिए हामी भी भर दी है और उनकी फिल्म में करीब-करीब एंट्री तय हो गई है, जबकि बॉबी देओल को भी मेकर्स ने अप्रोच किया है। बॉबी देओल को कुंभकरण का किरदार ऑफर किया गया है। हालांकि अब तक फिल्म स्टार ने इसे हरी झंडी नहीं दी है। ऐसे में अभी स्थिति साफ नहीं है कि वो इस फिल्म का हिस्सा होंगे या नहीं। फिल्म इसी साल मार्च महीने तक फ्लोर पर होगी।



### 15 मार्च को रिलीज होगी अदा शर्मा की फिल्म बस्तर द नक्सल स्टोरी

अभिनेत्री अदा शर्मा की फिल्म बस्तर द नक्सल स्टोरी 15 मार्च को रिलीज होगी। इससे पहले अदा शर्मा ने द केरल स्टोरी में काम किया था। बस्तर के निर्माता विपुल अमृतलाल शाह, निर्देशक सुदीप्तो सेन हैं। मेकर्स ने फिल्म के तीन नए पोस्टर जारी कर रिलीज डेट का एलान किया है। अदा शर्मा ने इंस्टाग्राम पर फिल्म के तीनों पोस्टर शेयर करते हुए लिखा कि फिल्म द केरल स्टोरी के साहसी कहानीकारों में से एक बस्तर जल्द रिलीज होगी।

## बायोपिक में सिल्क स्मिता का किरदार निभाएंगी चंद्रिका रवि

दक्षिण भारतीय अभिनेत्री सिल्क स्मिता की बायोपिक में ऑस्ट्रेलियन अभिनेत्री चंद्रिका रवि काम करती नजर आएंगी। दिवंगत दक्षिण भारतीय अभिनेत्री सिल्क स्मिता के जीवन पर बायोपिक बनाई जा रही है। इस बायोपिक में उनकी लाइफ से जुड़े कई पहलू देखने को मिलेंगे। बायोपिक सिल्क स्मिता द अनटोल्ड स्टोरी का निर्देशन जयराम शंकरन कर रहे हैं। फिल्म में चंद्रिका रवि सिल्क स्मिता का किरदार निभाती नजर आएंगी। सिल्क स्मिता की जिंदगी पर कई फिल्म बन चुकी है। मिलन लूथरिया के निर्देशन में बनी द डर्टी पिक्चर में विद्या बालन ने सिल्क स्मिता का किरदार निभाया था। यह फिल्म तेलुगु, तमिल, मलयालम, हिंदी और कन्नड़ समेत पांच भाषा में रिलीज होगी।



### अभिषेक कपूर ने अपनी अगली फिल्म के नाम का किया एलान

डायरेक्टर अभिषेक कपूर ने अपनी अगली फिल्म के टाइटल का एलान कर दिया है। उनकी इस फिल्म का नाम शराबी होगा। फिल्म ट्रेड एनालिस्ट तरण आदर्श ने अपने ट्वीट में बताया कि अभिषेक कपूर की नई फिल्म शराबी की बाकी डिटेल की जल्द ही घोषणा की जाएगी। ये फिल्म जल्द ही शुरू होगी। इस फिल्म के टाइटल से अमिताभ बच्चन का भी कनेक्शन है। अभिषेक कपूर एक फिल्म और बना रहे हैं जिसमें रवीना टंडन की बेटी राशा थडानी और अजय देवगन के भांजे अमन देवगन डेब्यू करने वाले हैं।

## द साबरमती रिपोर्ट में काम करेंगे विक्रांत मैसी

बॉलीवुड अभिनेता विक्रांत मैसी गोधरा ट्रेन अग्निकांड पर आधारित फिल्म द साबरमती रिपोर्ट में काम करते नजर आएंगे। 12वीं फेल के बाद अब विक्रांत मैसी फिल्म द साबरमती रिपोर्ट में काम करने जा रहे हैं। 27 फरवरी 2002 को हुई साबरमती एक्सप्रेस की घटना आज भी लोगों के जेहन में हैं। उस दिन सुबह गोधरा रेलवे स्टेशन के पास साबरमती एक्सप्रेस के अंदर आग लगने से अयोध्या से लौट रहे 59 हिंदू तीर्थयात्रियों और कारसेवकों की मौत हो गई थी। अब यह घटना पर्दे पर दिखाने के लिए विक्रांत मैसी तैयार हैं। फिल्म द साबरमती रिपोर्ट में विक्रांत मैसी के साथ रिद्धि डोगरा और राशि खन्ना अहम किरदार में नजर आएंगी। यह फिल्म 3 मई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस फिल्म को रंजन चंदेल निर्देशित करेंगे।




### फिल्म हिंदुत्व में पार्श्व गायन करेंगे दलेर मेहंदी

जानेमाने गायक दलेर मेहंदी ओटीटी प्लेटफॉर्म मास्क टीवी की फिल्म हिंदुत्व में पार्श्व गायन करेंगे। टैग प्रोडक्शंस के बैनर तले बनी फिल्म हिंदुत्व के निर्माता चिरंजीवी भट्ट और अंजू भट्ट हैं। इसके लेखक ऋषील जोशी और निर्देशक करण राजदान है। फिल्म में श्वेता राज के लिखे गीत पर संगीत रवि शंकर ने दिया है। इस फिल्म में दलेर मेहंदी के अलावा अनूप जलोटा, मधुश्री, दिव्या कुमार, और मास्टर सलीम ने गानों में आवाज दी है। हिंदुत्व में आशीष शर्मा, सोनारिका भदौरिया, अनूप जलोटा, दीपिका चिखलिया, गोविंद नामदेव की अहम भूमिका है।



### हुमा कुरैशी की वेबसीरीज महारानी 3 का टीजर रिलीज

अभिनेत्री हुमा कुरैशी की आने वाली वेबसीरीज महारानी 3 का टीजर रिलीज हो गया है। हुमा कुरैशी की वेब सीरीज महारानी को काफी पसंद किया गया था। अब इस इस सीरीज का तीसरा सीजन आने वाला है। महारानी 3 के टीजर में दिखाया गया है कि नवीन कुमार (अमित सियाल) पूछते हैं कि हलवा किसलिए बंट रहा है, इस पर पास में मौजूद पुलिसकर्मी बताती हैं कि रानी भारती ने इंटरमीडिएट की परीक्षा पास कर ली है।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0522-4008111 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharlucknow@gmail.com आर.एन.आई नं0-50986/1989 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।

